धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

रांची, रविवार 09 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 03 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 61

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



टी-20 वर्ल्ड कप

## भारत-पाकिस्तान महामुकाबला आज

**न्यूयॉर्क।** आत्मविश्वास से ओतप्रोत और हालात के अनुकूल ढल चुकी भारतीय टीम नासाउ काउंटी की पेचीदा पिच पर टी 20 वर्ल्ड कप के बहुचर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी. अमेरिका से मिली अप्रत्याशित हार ने पाकिस्तान टीम का मनोबल पहले ही मैच में तोड़ दिया है. मुकाबला 34000 दर्शक क्षमता वाले नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जायेगा.

**टी-20 में हेड टू हेड**

भारत जीता 09 | कुल मैच 12 | पाक जीता 03

**टी20 वर्ल्ड कप में भी भारत आगे**

टी20 वर्ल्ड कप की बात करें तो दोनों टीमों के बीच अभी तक 6 मुकाबले हुए हैं. इसमें पाकिस्तान को सिर्फ एक जीत मिली है. 2021 में यूएई में हुए टूर्नामेंट में पाकिस्तान ने 10 विकेट से जीत हासिल की थी. वहीं भारत बॉल आउट समेत 5 मैच जीत चुका है.

समय : रात 8 बजे

### राष्ट्रपति भवन में आज लेंगे पीएम पद की शपथ, सभी तैयारियां पूरी

# मोदी की ताजपोशी

**लगातार न्यूज नेटवर्क। दिल्ली**

## नेहरू के बाद मोदी लगातार तीसरी बार पीएम बनने वाले दूसरे नेता

- पीएम के साथ अमित शाह, राजनाथ सिंह समेत कई नेता भी लेंगे मंत्री पद की शपथ

नरेंद्र मोदी तीसरी बार पीएम के रूप में रविवार को शपथ लेंगे. सभी तैयारियां राष्ट्रपति भवन में पूरी हो चुकी हैं. शपथ ग्रहण समारोह शाम 7.15 बजे होगा. इन सब के बीच मोदी 3.0 की कैबिनेट को लेकर बड़ी खबर सामने आई है. सूत्रों के मुताबिक, नरेंद्र मोदी के साथ करीब 52 से 55 मंत्री शपथ ले सकते हैं. जिसमें 19- 22 कैबिनेट और करीब 33 से 35 राज्यमंत्री हो सकते हैं. खबर है कि टीडीपी, जेडीयू, एलजेपी समेत आरएलडी, जनसेना, जेडीएस और अपना दल एनडीए के घटक दल के रूप में सरकार में शामिल हो सकते हैं. नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार शपथ लेकर प्रथम पीएम जवाहरलाल नेहरू के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे राजनेता बन जाएंगे. राष्ट्रपति भवन में मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी.

**दिन भर चला बैठकों का दौर:** इस बीच, सरकार में एनडीए के विभिन्न घटकों के लिए मंत्रिपरिषद में हिस्सेदारी को लेकर भाजपा नेतृत्व और सहयोगी दलों के बीच सहमति बन गई है. अमित शाह और राजनाथ सिंह के अलावा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा जैसे वरिष्ठ भाजपा नेता सरकार में प्रतिनिधित्व को लेकर तेलुगु देशम पार्टी के एन चंद्रबाबू नायडू, जदयू के नीतीश कुमार और शिवसेना के एकनाथ शिंदे सहित सहयोगी दलों से शनिवार को दिन भर परामर्श करते रहे.

**महत्वपूर्ण रहेंगे भाजपा के पास:** ऐसा माना जा रहा है कि गृह, वित्त, रक्षा और विदेश जैसे महत्वपूर्ण विभागों के अलावा शिक्षा और संस्कृति जैसे दो वैचारिक पहलुओं वाले मंत्रालय भाजपा के पास रहेंगे, जबकि उसके सहयोगियों को पांच से आठ कैबिनेट पद मिल सकते हैं. इसके लोकसभा अध्यक्ष का पद भी भाजपा के पास ही रहेगा. भाजपा एनडीए के साथियों के साथ फूंक-फूंक कर बढ़ रही है.

**कैबिनेट में क्षेत्रीय संतुलन पर होगा जोर:** इसके साथ ही मोदी सरकार की कैबिनेट में जाति से ज्यादा क्षेत्रीय संतुलन पर ज्यादा जोर दिए जाने की संभावना है. उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम को साधने वाला मंत्रिमंडल होगा. मंत्रियों के चयन में उनके अनुभव और शिक्षा दीक्षा का भी ख्याल रखा जा रहा है.




### सुरक्षा ऐसी कि परिंदा भी नहीं मार पाएगा पर

मोदी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम राष्ट्रपति भवन में होगा. जिसको लेकर दिल्ली पुलिस ने मुकम्मल तैयारियां की हैं. राष्ट्रपति भवन और उसके आस पास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं. पुलिस के अधिकारियों की मानें तो कई लेयर सुरक्षा के इंतजाम हैं. राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों की पांच कंपनियां तैनात हैं. इसके अलावा एनएसजी कमांडो, ड्रोन और स्नाइपर भी ऊंची इमारतों पर तैनात हो चुके हैं. शपथ ग्रहण समारोह में कई विदेशी मेहमान भी शिरकत करेंगे. ऐसे में पूरी राजधानी हाई अलर्ट पर है. खुफिया एजेंसियों के कंधों पर विदेशी मेहमानों की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी है. हर हेड ऑफ स्टेट के हिसाब से प्रोटोकॉल का मुताबिक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है. इसके अलावा विदेशी मेहमान जिन होटल में रुकेंगे उन होटल की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है. दिल्ली को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है. इस दौरान पूरी दिल्ली में पैराग्लाइडर, पैरा मोटर्स, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, रिमोट से संचालित एयरक्राफ्ट जैसे उप पारंपरिक हवाई प्लेटफार्मों की उड़ान पर प्रतिबंध लगा दिया है. इसको लेकर दिल्ली पुलिस ने एक एडवाइजरी भी जारी की है.

### मोदी सरकार के ये हो सकते हैं संभावित चेहरे

- **यूपी से :** राजनाथ सिंह, जितिन प्रसाद, एसपी सिंह बघेल, पंकज चौधरी.
- **गुजरात से :** अमित शाह, मनसुख मंडाविया.
- **एमपी से :** ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज चौहान.
- **झारखंड से :** अन्नपूर्णा देवी, निशिकांत या विद्युत वरण महतो.
- **हरियाणा से :** राव इंद्रजीत, कृष्णपाल गुर्जर, मनोहर लाल खट्टर.
- **राजस्थान से :** अर्जुन मेघवाल, भूपेंद्र यादव
- **महाराष्ट्र से :** नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, नारायण राणे
- **ओडिशा से :** वैजयंत पांडा, अपराजिता सारंगी
- **इनके नाम पर भी है चर्चा :** एस जयशंकर, जेपी नड्डा, डॉ जितेन्द्र सिंह, अश्वनी वैष्णव, शांतनु ठाकुर, सुरेश गोपी, विप्लव देब, सर्वानंद सोनेवाल, हरदीप पुरी, तापिर गांव, संजय बंडी/ जी किशन रेड्डी, प्रह्लाद जोशी, शोभा करंदजले, पीसी मोहन, राजीव चंद्रशेखर.

### बना फॉर्मूला : टीडीपी से 4 व जदयू से दो मंत्री

सूत्रों ने बताया कि तेलुगु देशम पार्टी के राम मोहन नायडू, जदयू के ललन सिंह, संजय झा और राम नाथ ठाकुर तथा लोजपा (आर) के चिराग पासवान उन सहयोगियों में शामिल हैं, जो नयी सरकार का हिस्सा हो सकते हैं. महाराष्ट्र, जहां भाजपा-शिवसेना-राकांपा गठबंधन का प्रदर्शन खराब रहा है, और बिहार, जहां विपक्ष ने वापसी के संकेत दिए हैं, सरकार गठन की कवायद के दौरान फोकस में हो सकते हैं. महाराष्ट्र में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं, जबकि बिहार में अगले साल चुनाव होंगे. भाजपा के संगठन में होने वाले बदलाव भी पार्टी के मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देते समय चयनकर्ताओं के मन में होंगे. सूत्रों ने बताया कि बिहार से केंद्रीय मंत्रिमंडल में कौन-कौन शामिल होगा इसका फॉर्मूला एनडीए के स्थानीय नेताओं ने तैयार कर लिया है. इसके मुताबिक बिहार सरकार में जिस फॉर्मूले पर मंत्रिपरिषद का गठन हुआ है, केंद्र में भी उसी तर्ज पर मंत्री बनाए जाएंगे. यानी बिहार बीजेपी के जितने सांसद मंत्री बनेंगे, उतने ही जदयू के सांसद भी मंत्री बनेंगे. जेडीयू और बीजेपी अलग-अलग जातीय समीकरण के हिसाब से मंत्री पद के लिए अपने सांसदों का चयन करेंगे. उदाहरण के तौर पर यदि बीजेपी कोटे से यादव जाति का कोई सांसद मंत्री बनाया जाएगा तो जेडीयू का कोई यादव सांसद मंत्री नहीं बनेगा. एलजेपी और हम को 1-1 मंत्री पद मिलेगा. सूत्रों के अनुसार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली नई कैबिनेट में चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी को चार विभाग मिलेंगे, जबकि नीतीश कुमार की जेडीयू को दो पद मिलेंगे.

### सहयोगी दल के ये नेता बन सकते हैं मंत्री

जयंत चौधरी- आरएलडी, जदयू से लल्लन सिंह या संजय झा में से कोई एक, रामनाथ ठाकुर, शिवसेना - प्रताप राव जाधव, लोजपा से चिराग पासवान, जदसे से कुमार स्वामी, टीडीपी से राम मोहन नायडू, के रविंद्रन, एनसीपी से प्रफुल्ल पटेल, अपना दल से अनुप्रिया पटेल, आरएलडी से जयंत चौधरी.

### सात पड़ोसी देशों के मेहमान मौजूद रहेंगे

मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार के तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए पड़ोस के सात देशों के नेता पहुंच रहे हैं. नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, सेशेल्स और मॉरीशस के नेताओं को रविवार शाम सात बजे राष्ट्रपति भवन में मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के निमंत्रण पत्र भेजा गया है. बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना शनिवार को ही दिल्ली पहुंच चुकी हैं. नेपाल के पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड, भूटान के पीएम शेरिंग तोब्गे, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्ज़ू, सेशेल्स के उप राष्ट्रपति अहमद अफीफ और मॉरीशस के पीएम प्रविन्द जगन्नाथ कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे.

### सीडब्ल्यूसी में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित, राहुल बोले- विचार करेंगे

# सोनिया गांधी सीपीपी चेयरपर्सन और राहुल बनेंगे नेता प्रतिपक्ष



कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी.

**लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली**

सोनिया गांधी को शनिवार को एक बार फिर से कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) का चेयरपर्सन चुना गया. इस मौके पर उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी पर करारा प्रहार किया और कहा कि चुनाव में मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार हुई है तथा उन्होंने नेतृत्व करने का हक खो दिया है. संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में हुई कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी को सीपीपी प्रमुख नियुक्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसका पार्टी के सांसदों गौरव गोगोई, तारिक अनवर और के. सुधाकरन ने अनुमोदन किया.

सोनिया ने कहा, जनता ने विभाजन की राजनीति और तानाशाही को खारिज करने के लिए निर्णायक वोट दिया है. उन्होंने संसदीय राजनीति को मजबूत करने और संविधान की रक्षा के लिए मतदान किया. उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा ऐतिहासिक आंदोलन थे, जिन्होंने पार्टी में हर स्तर पर नयी जान फूंकी. सोनिया ने कहा कि राहुल अभूतपूर्व व्यक्तिगत व राजनीतिक हमलों का मुकाबला करने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए विशेष धन्यवाद के पात्र हैं.

इससे पहले पार्टी की कार्य समिति की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राहुल गांधी से आग्रह किया गया कि वह लोकसभा में नेता विपक्ष की जिम्मेदारी संभालें. इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 101 सीट जीती हैं. हालांकि राहुल गांधी ने इस प्रस्ताव पर तत्काल कुछ कहने के बजाय सोच कर बताने का फैसला सुनाया. खरगे की अध्यक्षता में हुई विस्तारित कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें चुनाव में खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी के जोरदार प्रचार अभियान के लिए उनकी सराहना की गई.

-शेष पेज 7 पर

### जनता ने संविधान विरोधियों को जवाब दिया : खरगे

खरगे ने कहा, चुनाव में जनता ने तानाशाही शक्तियों और संविधान विरोधी लोगों को करारा जवाब दिया है तथा भाजपा के 10 साल की विभाजनकारी, नफरत और ध्रुवीकरण की राजनीति को खारिज कर दिया. खरगे ने संबोधन में चुनाव में पार्टी के बेहतर प्रदर्शन के लिए सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका, इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं तथा अपने नेताओं-कार्यकर्ताओं का आभार जताया साथ ही कहा कि इस साल के अंत में विभिन्न राज्यों में होने वाले विस चुनावों में हर क़ीमत पर विरोधी दलों को परास्त कर अपनी सरकार बनानी है. खरगे ने कहा , जहां हम कुछ राज्यों में कांग्रेस पार्टी के अच्छे प्रदर्शन पर खुश हैं, तो वहीं उन राज्यों पर भी खास तौर से गौर करना होगा, जहां कांग्रेस पार्टी की संभावनाओं और अपेक्षाओं के विपरीत परिणाम आए. जहां हमने विधानसभा में अच्छा प्रदर्शन कर सरकार बनाई लेकिन लोकसभा में उस प्रदर्शन को दोहरा नहीं पाए. उन्होंने इस बात पर जोर दिया, हमारा काम निरंतर जारी रहेगा, चाहे हम सत्ता में हों या नहीं. हमें 24 घंटे, 365 दिन लोगों के बीच रहना होगा, जनता के मुद्दों को उठाना होगा.

### जदयू नेता का बड़ा दावा, बोले- लेकिन हम एनडीए के साथ बने रहेंगे

## नीतीश को 'इंडिया' ने दिया पीएम पद का ऑफर!

**लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली**

जदयू के बड़े नेता केसी त्यागी ने बड़ा खुलासा किया है. उन्होंने कहा, इंडिया ब्लॉक की तरफ से हमारे नेता नीतीश कुमार को बड़े ऑफर दिये गए, लेकिन उन्होंने इन्हें सिरे से नकार दिया. त्यागी ने कहा, हमारे नेता को तो पीएम पद देने तक का ऑफर आया है. और ऐसे ऑफर उनकी ओर से आए, जिन्होंने नीतीश को इंडिया ब्लॉक का संयोजक बनाने तक से इनकार कर दिया था. हम इसके जन्मदाता थे. हमने कांग्रेस की पॉलिटिकल अनटचेबिलिटी खत्म की. अखिलेश, केजरीवाल, ममता बनर्जी... ये कांग्रेस के साथ मंच शेयर करने को तैयार नहीं थे. त्यागी ने कहा, जो व्यवहार हमारे नेता और पार्टी के साथ हुआ, उसी का नतीजा था कि हम गठबंधन से बाहर आए. एनडीए ज्वॉइन किया. इतिहास गवाह है कि उस दिन से ही फिजा बननी शुरू हो गई. जब त्यागी से पूछा गया कि विपक्ष के किन नेताओं ने नीतीश को अपने पाले में लाने के लिए उनसे संपर्क किया था, तो उन्होंने कहा, राजनीति में नाम बताना ठीक नहीं रहता है. लेकिन मैं बहुत जिम्मेदारी से कहता हूं कि ऐसे प्रपोजल नीतीश के पास आए . विपक्ष के कई शीर्ष नेता नीतीश कुमार से बात करना चाहते थे. लेकिन पार्टी ने तय किया है कि पीछे झांकने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता.

### कांग्रेस बोली- ये तो त्यागी ही जानते होंगे



कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल से जब इस संबंध में पूछा गया कि जेडीयू नेता केसी त्यागी ने दावा किया है कि इंडिया गठबंधन की ओर से नीतीश कुमार को पीएम पद ऑफर किया गया, तो उन्होंने कहा कि इस तरह की कोई जानकारी उनके पास नहीं है. कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने कहा कि हमें ऐसे किसी ऑफर की जानकारी नहीं है. अगर केसी त्यागी ऐसा कुछ रहे हैं, तो ये जानकारी सिर्फ उन्हें ही होगी.

**बवाल जारी** सरकार ने किया दखल, ग्रेस मार्क पाने वाले 1500 से अधिक अभ्यर्थियों के अंकों की होगी पुन: जांच

# पूरे विवाद पर एनटीए ने बनाई कमेटी, एक हफ्ते में रिपोर्ट

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

नीट रिजल्ट में कथित गड़बड़ी के बाद मचे हंगामे और सीबीआई जांच की मांग के बीच एनटीए ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि स्टूडेंट्स को ग्रेस अंक देने से नतीजों में फर्क नहीं पड़ा है. एनटीए ने पेपर लीक होने के आरोपों को भी खारिज कर दिया.

एनटीए डीजी सुबोध सिंह ने कहा, यह मसला सिर्फ 1600 स्टूडेंट्स का है. पेपर 23 लाख बच्चों ने दिया था.4750 नहीं सिर्फ 6 सेंटर का मामला है. बच्चों के ग्रेस मार्क्स व टॉइम लॉस से जुड़ी आपत्तियों पर विचार करने के लिए एक कमेटी बनाई गई है, इस कमेटी की जो सिफारिशें होंगी, हम फैसला लेंगे. एक सप्ताह में इसकी सिफारिशें आ जाएंगी. कमेटी में यूपीएससी के पूर्व सदस्य व कई शिक्षाविदों को शामिल किया गया है.पेपर लीक के आरोपों पर कहा, सोशल मीडिया पर जो पेपर आया, वह पेपर शुरू होने के बाद आया. हम अपने प्रोटोकॉल व स्टैंडर्ड को और मजबूत करेंगे, ताकि फिर से ऐसी गलती न हो. सुबोध सिंह ने कहा, टॉइम लॉस होने के मामले पर हमारी समिति ने बैठक की थी और उन्होंने केंद्रों और सीसीटीवी के विवरणों का अध्ययन किया. पता चला कि कुछ केंद्रों पर समय की बर्बादी हुई और छात्रों की भरपाई होनी चाहिए. इसलिए कुछ छात्रों के अंक ग्रेस मार्क्स देकर बढ़ा दिए गए. इससे, कुछ छात्रों की चिंताएं सामने आईं क्योंकि कुछ को 718-719 अंक मिले और 6 टॉपर बन गए. हमने सावधानीपूर्वक विश्लेषण किया और परिणाम जारी किए.

-पेज 7 भी देखें

### एनटीए ने सरकार के दखल के बाद की प्रेस कांफ्रेंस, पेपर लीक के दावा खारिज

**क्यों हो रहा हंगामा, छात्र लगातार पूछे रहे ये सवाल**



1. एक ही एग्जाम सेंटर से छह टॉपर कैसे हो सकतेहैं ?
2. **छात्र, पेरेंट्स व कोचिंग संचालकों ने पूछा है कि एनटीए बताए कि कितनों को ग्रेस मार्क्स मिले हैं? किसे कितने कितने मार्क्स दिए गए हैं? नीट की ऑरिजनल मेरिट लिस्ट जारी हो.**
3. ग्रेस मार्क्स पर नोटिफिकेशन में कोई जानकारी नहीं दी. फिर रिजल्ट में किस आधार पर लागू किया गया?
4. **किन सेंटरों पर टाइम लॉस हुआ और किस आधार पर ग्रेस मार्क्स मिले.**
5. एनटीए नॉर्मलाइजेशन पर बताए, इसका क्या फॉर्मूला रहा.
6. **कहां पर नॉर्मलाइजेशन लागू हुआ.**
7. 718 और 719 मार्क्स कैसे आए, जबकि यह असंभव है. हर सवाल चार नंबर का होता और गलत उत्तर पर एक अंक की नेगेटिव मार्किंग होती है. कोई छात्र अगर सभी सवाल सही करता है तो उसके पूरे 720 में से 720 आते हैं और अगर एक सवाल छोड़ देता है तो उसके 716 अंक आएंगे. वहीं एक सवाल गलत करता है तो उसके 715 अंक रह जाएंगे.
8. **नीट की टाइ ब्रेकिंग पॉलिसी रिजल्ट के समय क्यों बदली गई है?**
9. टाइम लॉस पर कितने ग्रेस मार्क्स ?
10. **लोकसभा चुनाव परिणाम के दिन ही नीट रिजल्ट क्यों जारी किया गया?**

### महाराष्ट्र सरकार ने नीट परीक्षा को रद्द करने की मांग की

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने भी नीट-यूजी को तत्काल रद्द करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि नतीजों में राज्य के छात्रों के साथ अन्याय हुआ है. महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने इस मुद्दे पर बात करते हुए कहा, शायद नीट की परीक्षाएं पैसे लेकर आयोजित की गई थीं. उन्होंने कहा, इसमें महाराष्ट्र के छात्रों के साथ अन्याय हुआ है और इसे तुरंत रद्द किया जाना चाहिए. हम राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के समक्ष यह मुद्दा उठाएंगे. मुश्रीफ ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर अदालत का दरवाजा खटखटाने पर भी विचार कर रही है.

## उद्धव की शिवसेना में फिर सेंध लगाएंगे एकनाथ शिंदे?

**एजेंसी। मुंबई**

शिवसेना ने शनिवार को दावा किया कि शिवसेना (यूबीटी) के दो नवनिर्वाचित सांसद सीएम एकनाथ शिंदे के संपर्क में हैं. शिवसेना के प्रवक्ता नरेश म्हस्के ने दलबदल विरोधी कानून का हवाला देते हुए दोनों सदस्यों का नाम बताने से इन्कार किया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि चार अन्य सांसद भी जल्द ही इन दोनों के साथ मिल कर शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल हो जाएंगे. दोनों सदस्य नाखुश हैं.

म्हस्के ने कहा कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना के दो सांसद संपर्क में हैं तथा चार अन्य उनसे जुड़ेंगे और मनोनीत पीएम मोदी का समर्थन करेंगे. उनकी टिप्पणी शिवसेना नेता संजय राउत के इस दावे की पृष्ठभूमि में आई है कि शिंदे गुट के कुछ विधायक और सांसद ठाकरे के साथ फिर से जुड़ने के इच्छुक हैं. शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने राज्य की सात सीट जीतीं, जबकि ठाकरे गुट नौ सीट पर विजयी रहा. एकनाथ शिंदे के समर्थक इससे पहले शिवसेना के विधायक संजय शिरसाट ने भी दावा किया कि कुछ दिनों में उद्धव गुट के कुछ नेता उनकी पार्टी में शामिल होंगे. संजय राउत ही उद्धव के धड़े में गिरावट की बड़ी वजह बन गए हैं.

**छह सांसदों के संपर्क में होने का दावा**



# बिरसा की कई अनछुई यादों का गवाह है

# पोड़ाहाट का शंकरा, रोगतो हलमत गांव

प्रवीण कुमार की रिपोर्ट

देश दुनिया जब भी बिरसा मुंडा को याद करतीहै, तो उलिहातू,चलकद और डोंबारीबुरू का उल्लेख जरूर होता है. आमतौर पर इतिहासकार हों या बिरसा मुंडा के क्रांतिदर्शी विचारों के अनुयायी उन दिनों के बारे में बात नहीं करते, जिसने बिरसा मुंडा के जीवन को परिपक्वता दिया और अपने लोगों को सिखाया उलगुलान का अंत नहीं और मुंडाओं का यह भरोसा पक्का हो गया कि बिरसा फिर लौटेंगे और सूर्य की तरह चमकते हुए आदिवासियों के हर संघर्ष में विचारों के रूप में मार्गदर्शन करेंगे.

**आज भी रोगतो में मौजूद है वह घर जिसमें अपनी पत्नी के साथ बिरसा मुंडा रहते थे :** 9 जनवरी 1900 को सइलरकब के डोंबारीबुरू पर हजारों आदिवासी जमा हुए थे. औरतें और बच्चे भी थे. तीन दिनों से आदिवासियों का काफिला डोंबारीबुरू पर जमा हो रहा था. लोग नाच और गा रहे थे. साथ ही उलगुलान की रणनीति भी बन रही थी. लेकिन 9 जनवरी की सुबह सब पूरा सइलरकब कोहरे के आगोश में था. अंग्रेज पुलिस ने धावा बोल दिया. बिना किसी सूचना के गोलीबारी शुरू कर दी गयी. इस घटना में कितने लोग मरे इसे लेकर अलग- अलग दावे हैं. यदि आदिवासियों के विवरण को देखा जाए तो उसमें कहा गया था कि पूरा डोंबारीबुरू रक्त से नहा उठा था और इसमें नवजात बच्चों और उनकी माताओं को भी नहीं बख्शा गया था. आदिवासियों के बीच माना जाता है कि बिरसा मुंडा को पहले ही डोंबारी से सुरक्षित भेज दिया गया था. बिरसा ने गिरफ्तारी से दो साल पहले से ही अपना नया ठिकना पोड़ाहाट के जंगलों को बनाया था. रोगतो के ग्रामीणों ने बिरसा मुंडा को खेती के लिए जमीन भी दी थी. जिस घर में बिरसा मुंडा रहते थे वह घर आज भी रोगतो में मौजूद है.

बिरसा मुंडा अपनी पत्नी के साथ रोगतो में रहते थे. पोड़ाहाट में ही बिरसाइत धर्म संहिता और अपने शिष्यों को दिक्षा देने का काम बिरसा मुंडा ने किया था.इसके बाद बिरसा मुंडा के इतिहास की चर्चा कम की जाती है. उस पर लिखा भी कम गया है. यही कारण है कि पोड़ाहाट के घने जंगलों के बीच रोगतो की ज्यादा चर्चा नहीं होती है. बस इतना उल्लेख मिलता है कि पांच-पांच रूपये की लालच में सात मुंडाओं की मुखबरी के बाद बिरसा मुंडा को इसी रोगतो के निकट शंकरा से गिरफ्तार कर लिया गया. रोगतो गांव में बिरसा मुंडा ने क्या किया और लोगों को फिर से संगठित करने के लिए क्या प्रयास किए इस पर ज्यादा शोध नहीं हुआ है.



09 जून बिरसा शहादत दिवस पर खास



बिरसा मुंडा ने इन गांव वालों के पुरखों के साथ अंतिम समय बिताये थे.



यही वही घर है, जहां से अंग्रेजों ने उन्हें गिरफ्तार किया था.

## रोगतो दुनुब के नाम से जानी जाती है बिरसा की आखिरी बड़ी बैठक

रोगतो की चर्चा बिरसा मुंडा के प्रसिद्ध जीवनीकार डॉ. कुमार सुरेश सिंह ने अपनी पुस्तक बिरसा मुंडा और उनका उलगुलान में भी किया है. इसमें रोगतो दुनुब यानी रोगतो में आदिवासियों की बड़ी प्रतिनिधि सभा का उल्लेख किया गया है. जिसमें बिरसाइत पंथ को लेकर विस्तार से दिशा निर्देश दिए जाने का उल्लेख है. साथ ही आगे की लड़ाइयों के लिए भी आदिवासियों को बड़ी तैयार करने की बात कही गयी है. आज रोगतो किस हालत में है और बिरसा मुंडा की याद किस तरह जीवंत है यह जानना दिलचस्प है .साथ ही बिरसा की जिंदगी में रोगतो के महत्व को जानना काफी रोचक है. इन इलाकों में बिरसा मुंडा अपनी पत्नी के साथ गिरफ्तारी के आखिरी दिनों में रहे थे.

## हजारीबाग जेल से छूटने के बाद अपना नया ठिकना बनाया था पोड़ाहाट को

रोगतो के टीपरू मुंडा बताते हैं कि बिरसा जब हजारीबाग जेल से लौटे थे, तब अपने रहने का ठिकाना रोगतो को बनाया था. बिरसा मुंडा के साथ उनकी पत्नी भी रोगतो में ही रहती थी. रोगतो में बिरसा मुंडा को जमीन भी मिली था. पुलिस बिरसा मुंडा की गिरफ्तारी से पहले गांव के मलकू मुंडा को गिरफ्तार करके ले गयी थी. रोगतो गांव में रहने वाले सभी परिवार बिरसा धर्म मानते हैं. गांव के विकास के बारे में पूछने पर टिपरू कहते हैं कि गांव के किसी भी लोग के पास राशन कार्ड नहीं है. गांव में चापाकल नहीं है. सड़क भी नहीं बना हुआ है. गांव में बिजली नहीं पहुंची है. सोलर सिस्टम का समान गांव लाकर 5 साल पहले फेंक दिया गया लेकिन उसे चालू नहीं किया गया.

## बिरसा की गिरफ्तारी के पहले इलाके में अंग्रेजों ने किया था दमन

शंकरा के ग्रामप्रधान कहते हैं कि बिरसा मुंडा रात के समय शंकरा में रहते थे. जब पुलिस उनको खोजने आती थी, तब वह मांदर के पिछे छुप जाते थे. दिन के वक्त वह रोगतो चले जाते थे. जब अंग्रेज कैप्टन रोसे को इस बात की जानकारी मिली, तब अंग्रेज सैनिकों को बिरसा को खोजने में लगाया गया. इस खोज कार्य में चक्रधरपुर मिलिट्री पुलिस भी लगी हुई थी. पूर्वजों से मिली जानकारी के अनुसार, बिरसा अपना धर्मिक उपदेश शंकरा और रोगतो में दिया करते थे. उस दौर में इलाके में अंग्रेजी फौजों के द्वारा काफी दमन किया गया. गांव को खाली कर के शंकरा और रोगतो के लोगों को शिविर में रखा गया. आज भी हमलोग बिरसा भगवान के उपदेश का अनुसरण करते हैं.



## 2 फरवरी के पहले हफ्ते में हुई थी बिरसा मुंडा की गिरफ्तारी

बिरसा मुंडा ने अपनी गिरफ्तारी से पहले दो साल पहले से ही अपना ठिकाना रोगतो को बनाया था. यह इलाका पोराहाट जंगल में पड़ता है. जरीकेल,हलमत,मानमारू,शंकरा में रोगतो जैसे दर्जनों गांव में बिरसा समर्थक मौजूद थे. इन इलाकों में आंदोलन को पूरी तरह कुचल डालने के लिए बिरसा- अनुयायियों पर भयानक आंतक बरपा गया. ग्रामीणों के मुताबिक, फरवरी के पहले हफ्ते में शंकरा के पश्चिम स्थित जंगल से मानमारू गांव के सात लोभी लोग ने बिरसा मुंडा को अपने कब्जे में ले लिया. वहां से बिरसा को बंदगांव लाया गया .बिरसा को पकड़वाने वाले लोगों को 500 रूपये का नकद इनाम दिया गया था.

### ब्रीफ खबरें

## सीएम ने हेमंत सोरेन से जेल में की मुलाकात

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शनिवार को रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में हेमंत सोरेन से मुलाकात की. बताया जा रहा है कि चंपाई सोरेन लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद की परिस्थितियों पर चर्चा के लिए हेमंत सोरेन से मिले. जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने हेमंत को लोकसभा चुनाव की प्रतिक्रियाओं के बारे में बताया.

## सीता सोरेन का इस्तीफा अब तक स्वीकार नहीं

**रांची।** दुमका लोकसभा सीट से बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ीं सीता सोरेन का इस्तीफा विधानसभा ने अब तक स्वीकार नहीं किया है. जानकारी के अनुसार स्पीकर ने कहा है कि नियम के अनुसार उन्हें खुद या अपने विशेष दूत के माध्यम से त्यागपत्र भेजना होगा. बताते चलें कि सीता सोरेन ने अपनी बेटी के ई-मेल से इस्तीफा स्पीकर को सौंपा था, जिसे स्वीकार नहीं किया गया है. उन्हें नियम के अनुसार इस्तीफा देने को कहा गया है. बताते चलें कि सीता सोरेन झामुमो से तीन बार विधायक रही हैं.

## चार्ज न देना पड़े, तभी कुर्सी प्रेमी सीओ फोन ऑफ कर गायब हैं..

विनीत आभा उपाध्याय ।रांची

अपसरों को कुर्सी प्यारी होती है. खास कर कमाई वाली कुर्सी और मलाईदार पोस्टिंग हो तो अफसर कुर्सी से ऐसे चिपक जाते हैं कि ट्रांसफर होने के बावजूद कुर्सी छोड़ना नहीं चाहते हैं. राजधानी रांची के ओरमांझी में अंचलाधिकारी की पोस्टिंग थी. सीओ साहब का नाम नीतीन गुप्ता बताया जाता है. आचार संहिता लागू होने से पहले मार्च में साहेब का ट्रांसफर दूसरी जगह हो गया था. उनकी जगह दुमका से आये उज्जवल सोरेन को तचार्ज लेना था. सोरेन तत्काल चार्ज लेने नहीं पहुंच पाये थे. चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद चार्ज लेने आये, तो निर्वतमान सीओ साहेब गायब हो गये. नीतीन बाबू ने सोरेन जी को चार्ज देने में इस भीषण गर्मी में पसीना छुड़ा दिया. नहीं ही दिया, कार्यालय से ऐसा गायब हुए कि कुछ पता ही नहीं चला. फोन भी स्विच ऑफ. देर शाम तक लुकाछुपी होने के बाद नए सीओ साहब ने स्वतः चार्ज ले लिया और उपायुक्त को इसकी सूचना दी.

नए वाले सीओ साहब तपती धूप में करीब 250 किलोमीटर से ज्यादा दूर से चार्ज लेने पहुंचे थे. लेकिन रांची से सटे ओरमांझी के पुराने सीओ साहब ने उन्हें चार्ज नहीं ही दिया. बेचारे चार्ज लेने के लिए गर्मी में दिनभर हांफते रहे. आखिरकार खुद ही चार्ज लिया. दरअसल आचार संहिता लगने से ठीक पहले राज्य सरकार ने कई सीओ की ट्रांसफर पोस्टिंग की थी. ट्रांसफर पोस्टिंग की अधिसूचना जारी होने के बाद आचार संहिता के कारण कुछ सीओ चार्ज नहीं ले पाए थे. गुरुवार को जब आचार संहिता खत्म होने की अधिसूचना जारी हुई तो वैसे अफसर अपना चार्ज लेने लगे, जिनकी ट्रांसफर -पोस्टिंग आचार संहिता लगने से पहले हुई थी.

सीओ साहेब फोन ऑफ कर ऑफिस से गायब हो गये, इसको लेकर चर्चा जोरों पर है



## भूमि घोटाला : अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय समेत 10 के खिलाफ ईडी की चार्जशीट दाखिल

लीगल रिपोर्टर।रांची

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े भूमि घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने 10 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है. जिन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी है, उनमें झामुमो नेता अंतु तिर्की, राजस्व विभाग के कर्मचारी मनोज कुमार यादव, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के दो कर्मचारी तापस घोष व संजीत कुमार, हजारीबाग कोर्ट में डीड राइटर मो. इरशाद के अलावा प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह, इरशाद अख्तर, अफसर अली उर्फ अफसू खान और सद्दाम हुसैन शामिल हैं.



**बड़गाई में 8.86 एकड़ जमीन के दो प्लॉट के बनाये गये थे फर्जी दस्तावेज :** भूमि घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी इससे पहले 30 मार्च को पहली चार्जशीट दाखिल कर चुकी है. इसमें पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद समेत अन्य लोगों का नाम है. ईडी ने अपनी चार्जशीट में इस बात का उल्लेख किया है कि बड़गाईं में हेमंत सोरेन के कब्जे वाली 8.86 एकड़ जमीन के दो प्लॉट के फर्जी दस्तावेज बनाये गये थे. फोरेंसिक रिपोर्ट में भी इसकी पुष्टि हुई है. इसके अलावा अफसर खान, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह व अन्य आरोपियों ने कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मचारी तापस घोष व संजीत कुमार के साथ मिलकर दस्तावेज जुटाये. इसके बाद हजारीबाग के डीड राइटर मोहम्मद इरशाद की मदद से फर्जी दस्तावेज तैयार कर चेशायर होम रोड स्थित 4.83 एकड़ जमीन हड़पने की साजिश रची गई.

### निशिकांत दुबे ने फिर बढ़ाया सियासी पारा

## चंपाई सरकार के लिए अगले सात दिन अहम : निशिकांत

संवाददाता ।रांची

गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने एक बार फिर से सियासी पारा बढ़ा दिया है. उन्होंने शनिवार ट्वीट कर कहा है कि चंपाई दा होशियार, कल्पना भाभी आ गई हैं, झारखंड की वर्तमान सरकार के लिए आने वाला 7 दिन बहुत ही महत्वपूर्ण होने वाला है. इस ट्वीट के बाद कयासों का बाजार गर्म हो गया है. इससे पहले भी उन्होंने ट्वीट कर कई भविष्यवाणी की है। निशिकांत दुबे का इसपर कहना है कि वह जो भी कहे हैं वह सच हुआ है. उन्होंने राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जेल जाने की बात कही थी, वह सच साबित हुआ. निशिकांत दुबे ने गोड्डा लोकसभा से चौथी बार सांसद का चुनाव जीता है.



## धनबाद पुलिस की हिरासत में मृत युवक के परिजनों को मिलेगा पांच लाख मुआवजा

संवाददाता ।रांची

धनबाद पुलिस की हिरासत में मृत युवक के परिजनों को मुआवजा मिलेगा. गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इसकी स्वीकृति दे दी है. मानवाधिकार आयोग की अनुशंशा पर निरसा थाना में मृतक प्रकाश गोराई के पिता को पांच लाख की मुआवजा राशि दी जाएगी. गौरतलब है कि निरसा थाना क्षेत्र के कालूबथान ओपी पुलिस ने प्रकाश को मोबाइल चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था और उसे ओपी में ही रखा था. आरोप है पुलिस ने उसे लाठी-डंडे और लात-घूसों से पीटा था. नौ अक्टूबर 2020 को युवक के परिजनों को जानकारी मिली कि प्रकाश गोराई कालूबथान ओपी के शौचालय का वेंटीलेटर तोड़कर भाग चुका है. इसके बाद उसका शव नग्न अवस्था में पीएनके हाई स्कूल कलियासोल के पास पेड़ से लटका मिला था. परिवार के लोगों ने जब शव देखा तो शरीर पर जख्म के निशान थे. घटना के बाद क्षेत्र में लोगों ने काफी हंगामा किया और जांच की मांग भी की. लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी थी.


क्लासिफाइड











### आयोजन | मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित विशेष लोक अदालत लगी

## 115 केस निष्पादित, 4.87 करोड़ का सेटलमेंट

संवाददाता।रांची

मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित विशेष लोक अदालत में 115 केसों को निष्पादन कर 4.87 करोड़ की राशि प्राप्त की गयी. इस राशि को पीड़ितों और पीड़ितों के आश्रितों के बीच बांटा गया. न्यायायुक्त के हाथों भी पक्षकारों के बीच चेकों का वितरण किया गया. बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस और झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश और रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायुक्त दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन पर मोटर वाहन दुर्घटना से संबंधित विशेष लोक अदालत लगायी गयी. तीन जून से सात जून 2024 तक रांची के व्यवहार न्यायालय परिसर में पक्षकारों के साथ मोटर वाहन दुर्घटना के मामलों पर समझौते के लिए प्री-लोक अदालत की बैठक आयोजित की गयी. इस विशेष लोक अदालत (मोटर दुर्घटना दावा मामले) के लिए एक बैंच का गठन किया गया था. इस विशेष लोक अदालत में कुल 500 चिन्हित वादों को निष्पादन के लिए बेंच के समक्ष रखा गया, जिनमें से कुल 115 वादों का आज निष्पादन किया गया और 4,87,45,000 की राशि प्राप्त की गयी.



विशेष लोक अदालत में वादी के साथ न्यायाधीश व अन्य.

### खास बातें

- 4,87,45,000 की राशि का सेटलमेंट किया गया
- न्यायायुक्त के हाथों चेक का किया गया वितरण

## मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन विधि व्यवस्था की भी समीक्षा करेंगे

संवाददाता।रांची

रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में 11 जून को दिन के 11 बजे से आयोजित बैठक की प्रथम पाली में विधि व्यवस्था, न वारंट की तामील, अपराध नियंत्रण, वन एवं भू- राज्सव से संबंधित मामले जो पुलिस गतिविधियों को प्रभावित करती है. वहीं दूसरी पाली में ग्रामीण विकास विभाग के अबुआ आवास योजना. वीर शहीद पोटो हो खोल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के साथ-साथ मनरेगा योजना की समीक्षा करेंगे.

इसके अलावा भी सीएम अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा करेंगे. जिन विभाग के कामकाज की होनी है समीक्षा : पंचायती राज्य विभाग, अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग, ऊर्जा विभाग, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, परिवहन विभाग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, रविवार 09 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 03 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 61 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**गड़बड़ी** आका लॉजिस्टिक के मालिक नारायण अग्रवाल व धर्मेंद्र सिंह और बीकेबी के मालिक विनित अग्रवाल व मनोज पर केस

# पावर प्लांटों को डस्ट-चारकोल मिलाकर भेजा जा रहा कोयला

संवाददाता । धनबाद



**28 अप्रैल को रलवे साइडिंग पर की गई थी छापामारी**

1. पुलिस मुख्यालय की टीम ने दुग्धा साईडिंग पर दी थी दबिश
2. कोयला जब्त कर जांच के लिए भेजा गया. खबर दबाने की पुरजोर कोशिश

झारखंड में स्थित रेलवे कोल साइडिंग से पावर प्लांटों को कोयला भेजा जाता है. इस कोयले में बड़े पैमाने पर डस्ट, चारकोल व पत्थर मिलाकर रेलवे रैक के जरिए पावर प्लांटों में पहुंचा दिया जाता है. यह काम सालों से चल रहा है. अमूमन हर कोल ट्रांसपोर्टर इस अवैध धंधे में शामिल है. स्थानीय पुलिस, रेल पुलिस या दूसरी एजेंसियां आंख बंद किए रहती हैं. गड़बड़ी की सूचना मिलने पर 28 अप्रैल को पुलिस मुख्यालय की टीम ने बोकारो के दुग्धा रेलवे साइडिंग पर छापामारी की. 29 अप्रैल को दुग्धा थाना में कांड संख्य- 23/2024 दर्ज किया गया. पुलिस ने जब्त कोयले के नमूने को जांच के लिए भेजा है. यह खबर कम लोगों को ही पता चल सकी, स्थानीय अखबारों में छोटी-छोटी खबरें छपी. जानकारी के मुताबिक कोयला कंपनियां सब्सिडी पर पावर प्लांटों को कोयला उपलब्ध कराती है. पावर प्लांट खुद कोयला ट्रांसपोर्ट नहीं करते. यह काम ट्रांसपोर्ट करने वाली कंपनियों को आउटसोर्स कर दिया जाता है. दुग्धा में जो कंपनी ट्रांसपोर्टिंग कर रही है, उसके नाम बीकेबी और आका लॉजिस्टक हैं. छापामारी के बाद दोनों कंपनियों के मालिकों पर केस दर्ज किया गया है. कुल पांच लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है.

सूत्रों से पता चला है कि मामले में कोई कठोर कार्रवाई ना हो और मिलावटखोरी का धंधा चलता रहे, इसके लिए शीर्ष स्तर पर मैनेज करने की कोशिश जारी है. उल्लेखनीय है कि कोयला कंपनियां अच्छी क्वालिटी का कोयला पावर प्लांटों को उपलब्ध कराती हैं ताकि ज्यादा बिजली का उत्पादन हो और धुआं कम निकले. प्रदूषण कम हो. लेकिन ट्रांसपोर्ट करने वाली कंपनियां रेलवे साइडिंग पर अच्छी क्वालिटी के कोयले में डस्ट, चारकोल या पत्थर मिला देती है.

### एक रैक में 1000 टन तक मिक्सिंग

एक रैक में करीब 4000 टन कोयला लोड होता है. करीब 800-1000 टन तक इसमें मिलावट कर दिया जाता है. इस तरह अच्छी क्वालिटी के नाम पर खराब क्वालिटी का कोयला पावर कंपनियों तक पहुंचता है. पावर कंपनियों में क्वालिटी कंट्रोल विभाग होता है पर, भ्रष्टाचार वहां भी है. बड़ी कंपनियां पावर प्लांट के लैब को मैनज कर लेतीं हैं और वहां से एकदम दुरुस्त कोयले की रिपोर्ट पास करवा लेती हैं जबकि कोयला मिलावटी होता है. इस तरह हर चार-पांच रैक मिलावटी कोयला के बाद ट्रांसपोर्ट कंपनियों के पास अच्छे क्वालिटी का कोयला बड़ी मात्रा में जमा हो जाता है. इस कोयले को भी रैक से ही पावर कंपनियों को भेज दिया जाता है. इस तरह मिलावटखोरी के इस कारोबार से ट्रांसपोर्ट कम्पनियां प्रति रैक 40-50 लाख रूपये की कमाई कर लेती हैं. यही कारण है कि ट्रांसपोर्ट कंपनियां सिस्टम को आसानी से मैनेज कर लेती हैं. कार्रवाई कभी-कभार ही होती है, वह भी अंजाम तक नहीं पहुंचती है और यह खेल बदस्तूर जारी रहता है.

## ब्रीफ खबरें

### बलियापुर बीडीओ ने जेई से मांगा स्पष्टीकरण

**बलियापुर।** बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने ग्रामीण जलापूर्ति योजना की शिकायत पर बलियापुर पूर्वी, बड़ादहा, भिखराजपुर, मुकुंदा, सूरूंगा आदि पंचायतों का निरीक्षण किया. गर्मी में पेयजल समस्याओं के निदान के लिए प्रखंड कार्यालय में शिकायत कंट्रोल कक्ष खोला गया था. ग्रामीणों की शिकायत पर विभाग को अवगत कराए जाने के बावजूद जेई नियमित रूप से न तो प्रखंड कार्यालय आते हैं और न लिखित शिकायत के समस्याओं पर निदान किया जाता है. जल समस्या को देखते हुए रघुनाथपुर व बड़ादहा, बंदरचुआं गांव में जलापूर्ति नहीं होने की शिकायत ग्रामीणों ने बीडीओ से की.

### 30 हजार का माइका जब्त

**गावां।** गिरिडीह वन विभाग की क्यूआरटी टीम ने अवैध माइका परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की है. प्रखंड के ड़ढो में टीम ने 30 हजार रुपये मूल्य की अवैध माइका को जब्त किया है. जिसे गावां वन विभाग की टीम ने शुक्रवार की देर रात जब्त माइका को गावां वन प्रक्षेत्र कार्यालय लाया गया. बताया जाता है कि गिरिडीह वन विभाग की क्यूआरटी टीम ने देर रात माइका परिवहन की सूचना पर वाहन पकड़ने के लिए गावां प्रखंड के जमडार पहुंची थी. सूचना है कि वन विभाग ने 3-4 ट्रैक्टर माइका लोड वाहन को पकड़ने के लिए पीछा करने लगी, लेकिन चालक तेजी से वाहन लेकर भागने लगा.

### 147 जीएम माइनिंग को मिला प्रोन्नति

**धनबाद।** कोल इंडिया ने शनिवार को 147 जीएम का प्रमोशन लिस्ट जारी की है. कोल इंडिया मुख्यालय द्वारा जीएम माइनिंग के प्रमोशन सूची में बीसीसीएल को कुल 10 जीएम मिले हैं . इन सभी अधिकारी को ई7 से ई8 में प्रमोशन दिया गया है. बीसीसीएल में आए जीएम के प्रमोशन सूची में बासुदेव नंदा, निखिल त्रिवेदी, मोहम्मद अफीजुल कुरैशी,अरबिंद कुमार सिन्हा, राकेश बिहारी रॉय, तूनेश्वर पासवान, किशोर कुमार सिंह, मिथलेश कुमार ,सतेंद्र सिंह शामिल हैं. बताया जाता है कि बीसीसीएल को मिले एक दर्जन जीएम अधिकारी के बाद कंपनी में रिक्त पड़े जीएम का पोस्ट अब जल्द भर जाएगा.

### 19 वर्षों से फरार अभियुक्त गया जेल

**झरिया।** झरिया पुलिस ने शुक्रवार की देर रात बस्ताकोला न्यू क्वार्टर में छापामारी कर जीना भुइया उर्फ जितेन भुइया को गिरफ्तार किया है. आरोपी 19 सालों से फरार चल रहा था. पुलिस ने जीना भुइया को शनिवार को धनबाद जेल भेज दिया है. झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार ने बताया कि 2005 का मामला है. वह फरार चल रहा था. पुलिस ने उसे दबोच कर शनिवार को जेल भेज दिया है.

# फिर खोला गया चांसलर पोर्टल, 22 जून तक मौका

- नौ हजार खाली पड़ी सीटों पर मांगे गए आवेदन
- 24 जून से 12 जुलाई तक चयन सूची का प्रकाशन

संवाददाता। धनबाद



**स्नातक में नामांकन**

धनबादः बीबीएमकेयू धनबाद ने स्नातक में नामांकन के लिए एक बार फिर से चांसलर पोर्टल खोल दिया है. छात्र-छात्राओं को आवेदन करने के लिए आगामी 22 जून तक का मौका मिलेगा. इस बार स्नातक नियमित और व्यवसायिक पाठ्यक्रम के लिए विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं. अब तक बीबीएमकेयू में नामांकन के लिए करीब 33 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे, जबकि यहां कुल सीट 42 हजार के आसपास है. ऐसे में नौ हजार सीटें अब भी रिक्त पड़ी हुई थीं. इन्हीं सीटों के लिए फिर से आवेदन आमंत्रित किया गया है. निर्धारित तिथि पर चांसलर पोर्टल बंद होने के बाद 24 जून से 12 जुलाई तक तीन चरणों में चयन सूची का प्रकाशन होगा और उसी आधार पर कालेजों में नामांकन लिया जाएगा.

**यहां सभी विषयों में हैं रिक्तियां :** केएसजीएम कालेज निरसा, माहिंदी बाउरी डिग्री कालेज चंदनकियारी, महुदा महाविद्यालय महुदा, एनपी संध्याकालीन स्नातक कालेज, आरवीएस कालेज चास, आरपीएस कालेज चंद्रपुरा, राजगंज डिग्री कालेज राजगंज, शम्सूलहक स्मारक संध्याकालीन डिग्री कालेज, बीबीएम कालेज बलियापुर, बीडीए कालेज पिछरी बोकारो, बीएसएस महिला कालेज धनबाद, बाघमारा कालेज बाघमारा, बोकारो महिला कालेज बोकारो, बोकारो थर्मल संध्याकालीन डिग्री कालेज, जेएसएम कालेज फुसरो, शिबू सोरेन डिग्री कालेज टुंडी, तेनुघाट कालेज तेनुघाट और विस्थापित कालेज बालीडीह बोकारो के उन सभी विषयों में सीटें खाली हैं. जिनकी मान्यता इन कालेजों को मिली हुई है.

**यह है तिथिवार निर्धारित कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| प्रथम सूची का प्रकाशन | 24 जून |
| कागजातों की जांच | 25 जून से 02 जुलाई तक |
| फीस जमा करने की अंतिम तिथि | 04 जुलाई |
| रिक्त सीटों की सूची | 03 जुलाई |
| द्वितीय चयन सूची का प्रकाशन | 04 जुलाई |
| कागजातों की जांच | 05 से 09 जुलाई तक |
| द्वतीय चयन सूची के लिए फीस जमा करने की अंतिम तिथि | 11 जुलाई |
| रिक्त सीटों की सूची | 10 जुलाई |
| तृतीय चयन सूची का प्रकाशन | 12 जुलाई |

**कालेजों में जिन विषयों में सीटें अब भी खाली हैं, उनकी सूची :**

| | |
|---|---|
| बीएसके कालेज मैथन | इतिहास छोड़ अन्य सभी विषय |
| बीएस सिटी कालेज बोकारो | इतिहास छोड़ अन्य सभी विषय व बायोटेक्नालोजी |
| चास कालेज चास | इतिहास छोड़ अन्य सभी विषय. |
| डिग्री कालेज गोमिया | इतिहास व जियोग्राफी छोड़ अन्य सभी विषय. |
| डिग्री कालेज झरिया | इतिहास, हिंदी व राजनीति विज्ञान छोड़ अन्य सभी विषय. |
| डिग्री कालेज टुंडी | सभी विषयों में होगा नामांकन. |
| केबी कालेज बेरमो | इतिहास छोड़ अन्य सभी विषय. |
| कतरास कालेज कतरास | इतिहास, हिंदी, अंग्रेजी व राजनीति विज्ञान छोड़ अन्य सभी विषय. |
| पीके राय मेमोरियल कोलज धनबाद | इतिहास, हिंदी, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, वाणिज्य, रसायन,गणित, भौतिकी व जूलाजी छोड़ अन्य सभी विषय. |
| आरएस मोर कालेज गोविंदपुर | इतिहास, हिंदी, जियोग्राफी व राजनीति विज्ञान छोड़ अन्य सभी विषय. |
| आरएसपी कालेज झरिया | इतिहास छोड़ अन्य सभी विषय. |
| एसएसएलएनटी महिला कालेज धनबाद | इतिहास, हिंदी व जूलाजी छोड़ अन्य सभी विषय. |
| सिंदरी कालेज सिंदरी | सभी विषयों में. |
| गुरूनानक कालेज धनबाद | इतिहास, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान व बीसीए छोड़ अन्य सभी विषय. |
| एसएस कालेज चास | इतिहास व अंग्रेजी छोड़ अन्य सभी विषय |

कुएं व सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

# सहायक नगर आयुक्त के सामने लोगों का हंगामा

संवाददाता। झरिया

- इंजिनीयर की फजीहत, वार्ड नं 35 के एना डोम बस्ती और भुइंया बस्ती में आए थे सहायक नगर आयुक्त
- सांसद ढुल्लू महतो और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी से करेंगे शिकायत : बप्पी बाउरी

नगर निगम द्वारा एना तालाब के समीप किए गए सड़क निर्माण व कुआं निर्माण कार्य का निरीक्षण करने शनिवार को सहायक नगर आयुक्त प्रसून कुमार सिंह पहुंचे. सहायक नगर आयुक्त को देखते स्थानीय लोग आग बबूला हो गए. महिलाओं ने सहायक नगर आयुक्त से शिकायत की. साथ ही उन्हें खरी खोटी सुना दी. वहीं इंजीनियर सुमन मुर्मू पर भी स्थानीय महिलाओं ने घटिया काम करवाने का आरोप लगाया. समझाने पर भी लोग नहीं मान रहे थे. महिलाओं का कहना है कि घटिया सामग्री से सड़क निर्माण किया गया जबकि कुंआ को तोड़ कर छोड़ दिया गया. नगर आयुक्त ने कहा कि ठेकेदार को किसी हाल में इन कार्यों के एवज में फंड नहीं दिया जाएगा. जहां भी खराब काम हुआ है वहां राशि रोक दी जाएगी. भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश आईटी सेल प्रभारी बप्पी बाउरी ने कहा कि ठेकेदारों और निगम अधिकारियों द्वारा ज्यादातर दलित बस्तियों को टार्गेट किया जाता है. इन बस्तियों में ठेकेदार धमका कर खराब काम कर चले जाते हैं. अगर कोई बोलता है तो इंजीनियर कहते हैं कि सरकारी काम में बाधा डालने का करा दर्ज करवा देंगे. इस कारण कोई कुछ नहीं बोलता है. एना तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर पूरा मोटी रकम डकार ली गई. तालाब की स्थिति जस की तस है. बप्पी बाउरी ने कहा कि निगम द्वारा जहां भी घटिया काम किया गया है, उसकी सूची बनाकर सांसद ढुलु महतो और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को दी जाएगी. अधिकारियों व ठेकेदरों की गुंडागर्दी और दबंगई किसी हाल में नहीं चलने दी जाएगी. इस दौरान छोटू बाध्यकार, संजय बाध्यकार, मथुरा बाध्यकार, माधा बाध्यकार, बोदन बाध्यकार, राजेंद्र रविदास, मंगल रविदास, मंगल भुइंया, त्रिदेव भुइंया, महेंद्र भुइंया, चंचली देवी, नेपुरा देवी, मंजू देवी मौजूद थी.मामले को लेकर सहायक नगर आयुक्त प्रसून कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी नगर आयुक्त साहब को दे दी गई है.जांच के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी.

# सदर अस्पताल का ग्रिल काट दो विचाराधीन कैदी फरार

संवाददाता। साहिबगंज



साहिबगंज सदर अस्पताल के अस्थाई कैदी वार्ड में भर्ती दो विचाराधीन कैदी शुक्रवार की देर रात खिड़की का ग्रिल काटकर फरार हो गए. फरार कैदियों में एक जरमुंडी के पालाजोरी निवासी अमीर अंसारी दुष्कर्म का आरोपी है, जबकि दूसरा बरहेट के भोगनाडीह निवासी समीर उर्फ तैमुद्दीन अंसारी का हत्या का आरोपी है. अमीर अंसारी को 6 जून को, जबकि समीर को 24 मई को इलाज के लिए सदर अस्पताल के कैदी वार्ड में भर्ती किया गया था. शुक्रवार की रात कैदी वार्ड में हवलदार सुधीर सिंह, अशोक मुर्मू व आरक्षी समेल सोरेन ड्यूटी पर तैनात थे. हवलदार सुधीर सिंह ने बताया कि रात करीब 11:45 जब वह अंदर गए तो दोनों कैदी नदारद थे और खिड़की ग्रिल टूटा हुआ था. जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय ने अस्पताल पहुंच कर मामले की जांच-पड़ताल की.

# भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष पद मुक्त

बाघमारा. बाघमारा मंडल भाजपा अध्यक्ष बच्चू राय ने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं धनबाद जिला अध्यक्ष को पत्र देकर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल कार्यकर्ताओं के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई व निष्कासन की अनुशंसा की थी. उक्त पत्र के आलोक में पार्टी के किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा पार्टी विरुद्ध कार्य करने के आरोप में बेहराकुदर निवासी एवं किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गौतम सिंह मास्टर को पद मुक्त कर दिया है. मालूम हो कि गौतम सिंह ने लोकसभा चुनाव के दौरान प्रत्याशी सीपी चौधरी का प्रचार ना कर दूसरे प्रत्याशी का प्रचार किया था.

# निरसा प्रखंड कार्यालय परिसर में बन रहे आवासीय परिसर का निर्माण कार्य रोका

संवाददाता। मैथन

मैथनः निरसा प्रखंड कार्यालय परिसर में विशेष प्रमंडल द्वारा प्रखंड कर्मियों के लिए बन रहे आवासीय परिसर का निर्माण कार्य शनिवार को प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी एवं प्रखंड उप प्रमुख उमा देवी के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों ने बंद करा दिया. पंचायत प्रतिनिधियों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है. साथ ही निर्माण कार्य का प्राक्कलन उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है. जब तक विभाग द्वारा निर्माण कार्य का निरीक्षण नहीं किया जाता, तब तक निर्माण कार्य बंद रहेगा. इस दौरान निर्माण कार्य करवा रहे ठेकेदार के कर्मचारियों के साथ स्थानीय लोगों के साथ धक्का मुक्की भी हुई. मामले की सूचना पाकर निरसा पुलिस पहुंची. पुलिस के पहुंचने के पहले ही दोनों पक्षों के लोग शांत हो चुके थे.हालांकि इस संबंध में किसी पक्ष में भी थाने में शिकायत दर्ज नहीं की है.

**यह है मामला :** निरसा प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी एवं उप प्रमुख उमा देवी ने बताया कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य रात के अंधेरे में करवाया जाता है. निर्माण कार्य में घटिया स्तर की बालू एवं नाम मात्र का सीमेंट मिलाकर ढलाई की जा रही है. छड़ की भी क्वालिटी काफी निम्न है. करीब एक महीने पहले ही ठेकेदार को एस्टीमेट का कॉपी देने को कहा था1 बार-बार प्राक्कलन मांगने के बावजूद उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा. वहीं रात के अंधेरे में निर्माण कार्य करवाया जा रहा है. पंचायत प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि पुराने बिल्डिंग तोड़ने के बाद उसके स्क्रैप जैसे छड़, दरवाजे, खिड़की इत्यादि को ठेकेदार द्वारा बेच दिया गया. जब तक विभागीय स्तर पर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच नहीं की जाती, तब तक निर्माण कार्य बंद रहेगा. पंचायत प्रतिनिधियों पर दबाव बनाने के लिए ठेकेदार द्वारा पुलिस को गुमराह किया जा रहा है. किसी ने किसी के साथ मारपीट नहीं की है.

**सख्ती**

1. दिल्ली की विशेष पॉक्सो अदालत ने दोषी को 10 साल का सश्रम कारावास व पीड़िता को ₹10.5 लाख मुआवजे का फैसला सुनाया
2. बाल विवाह व बलात्कार मामले में 49 वर्षीय मुजरिम को दस साल की सजा, एनजीओ ने की देश में ऐसे फैसलों की अपील

# देशभर की अदालतों में पॉक्सो के 2.4 लाख मुकदमे

संवाददाता। धनबाद

दिल्ली की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने 13 वर्ष की बच्ची से बाल विवाह और बलात्कार के मामले में 49 वर्षीय आरोपी को 10 साल के सश्रम कारावास और पीड़िता को 10.5 लाख रुपए के मुआवजे का आदेश दिया है. इसके बाद देश में पॉक्सो के तहत लंबित 2.4 लाख मामलों को तेजी से निपटाने और इसी तरह के कड़े फैसलों की उम्मीद जगी है. गैरसरकारी संगठनों ने इस फैसले पर खुशी जताते हुए पूरे देश में इसी तरह के सख्त फैसलों की अपील की है.

दिल्ली की तीस हजारी की विशेष पोक्सो अदालत ने 13 साल की एक नाबालिग बच्ची से विवाह के मामले में शुक्रवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए 49 वर्षीय आरोपी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 (पीसीएमए), बलात्कार व पॉक्सो की धाराओं के तहत दोषी ठहराते हुए दस साल के सश्रम कारावास और 15 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई. साथ ही अदालत ने पीड़िता को 10.5 लाख रुपए का मुआवजा देने का भी आदेश दिया है.

झारखंड ग्रामीण ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर रवानी ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि बाल विवाह के मामले में यह ऐतिहासिक फैसला समाज में कानूनों की अवहेलना के प्रति डर का भाव सुनिश्चित करेगा. हम पूरे देश की अदालतों से अपील करते हैं कि वे बाल विवाह और बलात्कार के मामलों के निपटारे में तेजी लाएं और जघन्य अपराधों के दोषियों को सजा दें.

हालांकि हम राज्य सरकारों के साथ समन्वय और हरसंभव सहयोग कर रहे हैं और सरकार व प्रशासन बाल विवाह के खिलाफ जमीनी स्तर पर जागरूकता अभियान और बाल विवाह करने वाले अभिभावकों को समझाने-बुझाने के प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, फिर भी अपराधियों को सख्त सजा देने वाले इस तरह के फैसलों से एक मजबूत और प्रभावी संदेश जाता है.

### धनबाद में पॉक्सो में लगातार सजाएं

धनबाद में पॉक्सो के न्यायाधीश प्रभाकर सिंह भी इस मामले में सख्त हैं. पॉक्सो के मुकदमे में इनकी कोर्ट से लगातार सजाएं हो रही है. सजा के साथ-साथ जुर्माना भी लगाया जा रहा है. पिछले छह माह में शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरा होगा कि उन्होंने पॉक्सो के मामले में सजा नहीं सुनाई होगी. उन्होंने नाबालिग का अपहरण व दुराचार करने के मामले में न सिर्फ आरोपी बल्कि उसे सपोर्ट करने वाली महिला को भी उम्रकैद की सजा सुनाई है. इसी सप्ताह धनबाद की अदालत ने ये फैसला दिया है. धड़ाधड़ सजाओं के कारण हाल ये है कि धनबाद के अधिवक्ता अब पॉक्सो का मुकदमा लड़ने से भी परहेज करने लगे हैं.

### 22 राज्यों में बाल विवाह के खिलाफ अभियान

बाल विवाह के खात्मे के लिए 2022 में शुरू हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान ने तब से अपनी पहुंच, प्रभाव और सहयोगियों के नेटवर्क में उल्लेखनीय विस्तार किया है .पिछले वर्ष तक इस अभियान के 17 राज्यों में 161 गठबंधन सहयोगी थे. जो अब बढ़कर 200 हो गए हैं और अभियान देश के 22 राज्यों तक पहुंच गया है. यह अभियान बाल मजदूरी और बाल यौन शोषण के खिलाफ भी काम कर रहा है. हालांकि इसका मुख्य ध्यान बाल विवाह के खात्मे पर है. देश के 400 जिलों में चल रहे इस अभियान में ज्यादातर जिले वो हैं जहां बाल विवाह की दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है. इस अभियान के मूल में बाल अधिकार कार्यकर्ता भुवन ऋभु की बेस्टसेलर किताब व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन : टिपिंग प्वाइंट टू इंड चाइल्ड मैरेज में बाल विवाह के खात्मे के लिए बताई गई कार्ययोजना है.

# विशेष लोक अदालत में 5 करोड़ की वसूली

**46 मुकदमों का निपटारा**

संवाददाता। धनबाद

मोटर यान दुर्घटना दावा से संबंधित मुकदमों के त्वरित निष्पादन के लिए झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर शनिवार को सिविल कोर्ट धनबाद में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया. इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर मुकदमों के निपटारे के लिए छह बेंच का गठन किया गया था. जिनके द्वारा कुल 46 मुकदमों का निपटारा कर 4 करोड़ 99 लाख 75 हजार 8 सौ 75 रूपए की रिकवरी की गई है।

बेंच मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, रजनीकांत पाठक, दुर्गेश चंद्र अवस्थी, संजय कुमार सिंह, कुलदीप लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट,सहायक कांउसिल कन्हैया लाल ठाकुर, नीरज गोयल, सुमन पाठक, स्वाति, मुस्कान चोपड़ा, कुमारी शामिल थी. उन्होंने बताया कि झालसा के निर्देश पर आगामी 30 जून 24 को भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, राजस्व संग्रहण से संबंधित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### सड़क दुर्घटना में घायल इलाज के दौरान मौत

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के राधानगर निवासी महेश रवानी उम्र 38 वर्ष को शुक्रवार की रात ड्यूटी से घर पैदल जाने के दौरान महुदा मारवाड़ी पट्टी के समीप अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी. वह गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल अवस्था में उन्हें एसएनएमएमएच में भर्ती करवाया गया. देर रात उनकी मृत्यु हो गयी. परिजनों ने बताया कि शुक्रवार रात्रि करीब 8.30 बजे महुदा बाजार पेट्रोल पंप से ड्यूटी कर पैदल अपने घर जा रहा थे. महुदा बाजार मारवाड़ी पट्टी के समीप सड़क पार करने के दौरान बोकारो की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी थी.रात का फायदा उठाकर बाइक सवार से फरार हो गया. मौके पर पहुंचे मुखिया महेश पटवारी ने एंबुलेंस को बुलवाया. एंबुलेंस के माध्यम से उसे एसएनएमएमसीएच भेजा गया था.

### कतरास कॉलेज में बाउंड्री-वॉल बनाने की मांग

**कतरास।** शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल ने कतरास कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य से मुलाकात कर कॉलेज कैंपस की बाउंड्री-वॉल के निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा.परिषद के सदस्यों ने कहा कि कतरास कॉलेज बाघमारा प्रखंड में एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय है. जिसमें आसपास के सैकड़ों गाँवों के बच्चे पढ़ने आते हैं. यहां बाउंड्री वॉल नहीं होना छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है.कोई भी बाहरी व्यक्ति बिना रोक-टोक के कैंपस में घूमता है. परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य से इस संबंध में तत्काल निर्णय लेने के लिए कहा है, और चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर कोई सकारात्मक कार्य नहीं दिखा तो आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे. प्रतिनिधिमंडल में सिंटू मुखर्जी, ऋतिक पटवा, रोहित राज दे, सुनील कुमार, संदीप चौहान व पवन कुमार उपस्थित थे.

### शनिदेव मंदिर में खिचड़ी प्रसाद का वितरण

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के सोनारडंगाल स्थित श्रीश्री शनिदेव मंदिर में 15 वां तीन दिवसीय श्री शनि जन्मोत्सव पर शनिवार को खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया. काफी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया. मौके पर मंदिर के पुजारी पंडित श्याम लाल शर्मा, ज्योतिष पंडित विनोद शर्मा, पूर्व अध्यक्ष मुरली तुरी, पार्षद सुनीता देवी, पंडित शिवम शर्मा, गोपाल सिंह, इंद्रदेव प्रसाद, मनोज मालाकार, शशि कुमार, राजू विश्वकर्मा, विनोद शर्मा, दुर्गा गुप्ता आदि थे.

### साधन रवानी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**तेतुलमारी।** न्यू प्राथमिक विधालय छोटानगरी में शनिवार को समाजसेवी स्व. साधन रवानी की 33 वीं पुण्यतिथि मनाई गई. लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया. इस दौरान युवा रक्त संघ धनबाद की ओर से निशुल्क रक्तदान व रक्त वर्गीकरण शिविर का आयोजन किया गया. करीब 40 युवाओं ने रक्तदान किया. संग्रह रक्त को द्वारिका दास जालान मेमोरियल अस्पताल के चिकित्सक डा. एनके सिंह अपने साथ ले गये. श्रद्धांजलि देने वालों में उनकी पत्नी चंदा देवी, पुत्र वीरेंद्र रवानी, नागेंद्र रवानी, जिप सदस्य मो. इशराफिल, मुखिया निरंजन गोप,अशोक ठाकुर, पंसस अमृत रवानी,नरेश महतो, संतोष महतो, नंदलाल रवानी, विदेश दा, नीलकंठ रवानी, मनोज रवानी, शिव प्रसाद महतो,गणेश रवानी, जवाहर रवानी आदि थे.

**आंदोलन :** तेतुलमारी में नियोजन की मांग को लेकर लोगों में था आक्रोश

# आउटसोर्सिंग का परिवहन कार्य ठप

**खास बातें**
- स्थानीय के बजाय कंपनी बाहरी लोगो को दे रही रोजगार

संवाददाता । तेतुलमारी



बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या पांच अंतर्गत एलएलपी आउटसोर्सिंग कंपनी में स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार देने की मांग को लेकर चन्दौर बस्ती के ग्रामीणों ने आजसू पार्टी के बैनर तले कंपनी का परिवहन कार्य ठप कर दिया. इस दौरान ग्रामीणों ने कंपनी विरोध प्रदर्शन कर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. ग्रामीणों का कहना था कि तेतुलमारी कोलियरी में आउटसोर्सिंग कंपनी को आए एक वर्ष हो गया है, लेकिन कंपनी यहां के लोगों को नियोजन नहीं देकर बाहरी लोगों को रोजगार दे रही है. नियोजन मांगे जाने पर टालमटोल किया जाता है. करीब तीन घंटे के बाद कंपनी के साइट इंचार्ज राहुल कुमार ने वरीय अधिकारियों से मोबाइल पर ग्रामीणों को वार्ता कराई. जिसमें एक सप्ताह के भीतर समस्या का समाधान करने की बात कही, तब जाकर वे लोग मान गए और परिवहन काम शुरू हो पाया.आंदोलन में चंदन वर्मा, सूरज वर्मा, उमेश बाउरी, संतोष सोनार,नितेश वर्मा, प्रशांत वर्मा, विपुल वर्मा, विकास बाउरी,अमित वर्मा आदि शामिल थे.

### जैप जवान गंगाधर महतो का निधन



**बलियापुर।** बरमूड़ी गांव निवासी व जैप के जवान 45 वर्षीय गंगाधर महतो का निधन हो गया. वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे. शुक्रवार की रात उन्होंने आखिरी सांस ली. वह आईआईबी गड़वा में कार्यरत थे. परिवार में उनकी पत्नी व एक पुत्र एक पुत्री हैं1 निधन की खबर पाकर भाजपा नेत्री तारा देवी, मासस केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो, उप प्रमुख आशा देवी, गणेश महतो, पूर्व मुखिया खगेन महतो, पूर्व मुखिया रेखा देवी आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया.

# डिगवाडीह विद्युत सब स्टेशन के उपभोक्ताओं ने सौंपा मांग पत्र

संवाददाता । झरिया



पानी बिजली उपभोक्ता मंच जोड़ापोखर अंचल ने डिगवाडीह विद्युत सब स्टेशन के सहायक विद्युत अभियंता को मांग पत्र देकर भागा फीडर में कम से कम 20 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है. इससे पूर्व स्थानीय नागरिकों के सहयोग से प्रदर्शन किया गया है. अध्यक्षता मंच के संरक्षक किशोर कुमार ने की. मुख्य वक्ता शुभाशीष राय ने कहा है कि भीषण गर्मी में डिगवाडीह, जेलगोड़ा, शालीमार, फुसबंग्ला, भागा, बनियाहिर के 25 हजार की आबादी त्रासदी से त्रस्त है. बिजली 24 घंटे में मात्र 6 से 7 घंटे ही दिया जाता हैं. व्यापार, पठन पाठन पूरी तरह से चौपट हो गया है.सबस्टेशन के सभी उपकरण को तत्काल बदला जाना चाहिए. मांग पत्र महाप्रबंधक को दिया गया है. निर्णय लिया गया है कि 19 जून को तमाम उपभोक्ताओं के सहयोग से डिगवाडीह सबस्टेशन का घेराव एवं प्रदर्शन किया जायेगा. अभिमन्यु राम,आरके श्रीवास्तव, दिनेश राम, सूरज चौहान, बबलू गोप, हरपाल सिंह, जेके साव, संजय कुमार राम, मुकेश सिंह, रिंकेश कुमार, रंजन कुमार वर्मा, अभिमन्यु राम, रवि कुमार वर्मा, रमेश कुमार सिंह, संजीव कुमार, उत्तम कुमार दास, विशाल साव, मनोज प्रसाद, साजन, विनीत सिंह,बंटी साव, सोनू कुमार आदि मौजूद थे.

# दो घरों में 7 लाख की चोरी

## भांजी की शादी के लिए बना रखे थे जेवर, उठा ले गए चोर

**खास बातें**
- पीड़ित परिवार ने कहा- टूट गए, अब कैसे होगी शादी

संवाददाता । गोमो



हरिहरपुर थाना गोमो क्षेत्र अंतर्गत हरिहरपुर ग्राम पंचायत के संथालडीह गांव में शुक्रवार की रात दो घरों में अज्ञात चोरों ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है. वारदात में लगभग 6 लाख आभूषण चोरों के हाथ लगे. मिली जानकारी के अनुसार संथालडीह गांव निवासी रेलकर्मी रामचंद्र ठाकुर सपरिवार गर्मी के कारण छत के ऊपर सोये हुए थे. छोटा भाई कैलाश ठाकुर किसी कार्य से ससुराल गया हुआ था. अज्ञात चोरों ने इस मौके का फायदा उठाया. रात को चारदीवारी फांद कर उनके घर में घुसे तथा तीन अलग-अलग कमरे का दरवाजा तोड़कर कमरे में रखे अलमीरा, बक्सा को तोड़कर लगभग पचास हजार रुपया नगद सहित लगभग 6 लाख रुपए के सोने की कीमती जेवरात ले गए. कागजातों से भरे दो बक्से को घर बाहर खेत ले गए और वहां खंगालने के बाद छोड़ दिया.
गृहस्वामी कैलाश ठाकुर ने बताया कि भगिनी संजू कुमारी की विवाह कोडरमा में तय हो हो गई है. उसके विवाह के लिए पिछ्ले एक साल से तेयारी कर जेवरात बनवा कर रखे थे. सोने का चेन,मंगटीका, झुमका, कान की बाली आदि जेवरात थे. इसके अलावा कुछ मेरी पत्नी की और बहन के भी जेवरात थे. जो अलग-अलग कमरे में अलमीरा एवं बक्से में रखे पडे थे.
चोरों ने बडे.ही दिलयरी दिखा कर अल्मिरा व बक्सर को तोड़कर सभी जेवरात पर हाथ साफ किया.अलग-अलग जगह में रखे दोनों भाइयों के लगभग 50 हजार रुपया नगद सहित लगभग छह लाख रुपये की कीमती जेवरात चोरों के हाथ लगा है. राम चन्दर और कैलाश ठाकुर ने बताया कि इस चोरी की घटना से वे लोग टूट गए हैं.

### अफताब के घर से 50 हजार की संपत्ति चुराई

आफताब आलम के यहां से भी लगभग पचास हजार रुपया सम्पत्ति पर चोरों ने हाथ साफ किया है. घटना की सूचना मिलने पर हरिहरपुर थाना पुलिस सदन बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची. मुआयना के बाद पड़ताल में जुटी हैं. इधर ग्रामीणों कहना कि पुलिस ग्रमीण क्षेत्रों में पेट्रोलिंग नहीं करती है. बालू तस्कर, ओवर लोड गिट्टी वाहनों से वसूली में मशगूल रहती है. इस कारण क्षेत्र में चोरों और अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है.

### मोरंगा स्कूल में चोरी

**गोविंदपुर।** गर्मी की छुट्टी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोरंगा एवं उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय नगरकियारी में चोरी की वारदात हो गई. ग्रीष्म अवकाश के बाद विद्यालय खुलने पर शनिवार को चोरी की घटना की जानकारी हुई. इस संबंध में विद्यालय के प्रधान सिकंदर शर्मा और नगरकियारी की प्राचार्य डॉ मीरा सिंह प्रखंड संसाधन केंद्र गोविंदपुर में सूचना दी है. मोरंगा विद्यालय से अपराधियों मैं मोटर एवं तार चुरा लिए. इससे विद्यालय में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है. एमडीएम से लेकर बच्चों के पीने के लिए पानी का संकट उत्पन्न हो गया है. उधर नगरकियार में सोलर टंकी का सोलर प्लेट चोरी हो जाने से पानी की आपूर्ति ठप हो गई है. प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद कुमार पांडेय ने सभी विद्यालयों के एसएमसी सदस्यों को विद्यालयों की सुरक्षा करने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीण सक्रिय रहे तो इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता है.

# बालू उत्खनन पर 10 जून से 15 अक्टूबर तक रोक

## खनन टास्क फोर्स की बैठक में डीसी ने दिया निर्देश

संवाददाता । जामताड़ा

जामताड़ा के डीसी कुमुद सहाय ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स के साथ बैठक की. बैठक में खनिजों का अवैध उत्खनन व परिवहन रोक लगाने पर चर्चा हुई. डीसी ने राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) के आदेश पर 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी व जोरिया से बालू उत्खनन पर रोक लगाने का निर्देश दिया. डीएमओ दिलीप कुमार ने बताया कि जिले में कैटेगरी-वन के 25 व कैटेगरी-टू के 21 बालू घाट हैं. कैटेगरी-टू के 15 बालू घाटों की बंदोबस्ती हुई है, परंतु बालू घाटों के संचालन के लिए मापदंड के अनुसार इंव्यारमेंटल क्लियरेंस,कंसेंट टू ऑपरेट (सीटीओ) से संबंधित अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हो सका है. डीसी ने अधिकारियों को अवैध कोयला खनन व परिवहन के लगातार जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया. उन्होंने क्रशर संचालन की भी समीक्षा की. बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अजिंक्य देवीदास, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला खनन पदाधिकारी दिलीप कुमार, सभी सीओ, महाप्रबंधक ईसीएल पांडेश्वर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

### मधुमेह रोगियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर



**धनबाद।** राइजिंग एचएस डायग्नोस्टिक ने शनिवार को गोल्फ ग्राउंड में मधुमेह रोगियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया. इस शिविर में विभिन्न उम्र और अलग क्षेत्रों से आए लगभग 50 लोगों ने जांच कराई. शिविर को सुबह गोल्फ ग्राउंड पहुंचने वाले लोगों को ध्यान में रखकर लगाया गया था. इस स्वास्थ्य जांच शिविर में राइजिंग एचएस डायग्नोस्टिक से सैंकी राज (मुख्य आयोजक), नीरज कुमार, विधान मण्डल, अभिजीत तिवारी, हर्ष वर्धन और निखिल कुमार मौजूद थे. सैंकी राज ने बताया कि राइजिंग एचएस डायग्नोस्टिक द्वारा सभी प्रकार के रक्त जांच सरल, सहज व सटीक तरीके से की जाती हैं. यह स्वास्थ्य जांच शिविर रविवार और सोमवार को गोल्फ़ ग्राउंड के पास में दोबारा उसी स्थान पर सुबह 5 बजे लगाया जाएगा.

### रेलवे ने चलाया विशेष टिकट चेकिंग अभियान

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों में शनिवार को विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान गोमो ,कोडरमा, डाल्टनगंज,सिंगरौली आदी स्टेशनों में ट्रेनों और प्लेटफॉर्म में बेटिकट यात्रियों से जुर्माना वसूला गया.रेलवे द्वारा जारी आंकड़ा के मुताबिक कुल 1895 बेटिकट यात्रियों से 10 लाख 44 हजार 425 जुर्माना वसूला गया. पूरे अभियान में टीटीई,आरपीएफ,जीआरपीएफ सहित 174 स्टाफ शामिल थे. मालूम हो कि लगातार धनबाद रेल मंडल में हो रहे टिकट चेकिंग अभियान से जहां रेलवे के राजस्व में बढ़ोतरी हो रही है. यात्रियों में भी टिकट को लेकर जागरूकता बढ़ी है.

### एमरा का रक्तदान शिविर

**धनबाद।** ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन (एमरा) धनबाद ने बीएमसीसी हॉल, न्यू मार्केट, बैंकमोड़, धनबाद में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया. यह आयोजन स्वर्गीय भावेश सोलंकी की पावन स्मृति में किया गया. आयोजकों ने स्वर्गीय भावेश सोलंकी को श्रद्धांजलि अर्पित की. धनबाद भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में संलग्न रहने की प्रतिबद्धता जताई गई. रोटरी क्लब ऑफ धनबाद ने भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने में सहयोग दिया. रक्तदान शिविर का आयोजन एमरा के राष्ट्रीय लीडर्स द्वारा किया गया, जिसका नेतृत्व संस्थापक अध्यक्ष कैलाश लाख्यानी के निर्देशन में हुआ.

# ढुल्लू महतो की जीत पर जश्न



संवाददाता । चिरकुंडा

चिरकंडा धनबाद संसदीय क्षेत्र से ढुल्लू महतो की जीत पर कुमारधुबी स्टेशन के समीप स्थित जद यू के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह मजदूर नेता छोटन सिंह के पुत्र भाजपा युवा नेता दीपु सिंह के आवासीय कार्यालय में जश्न मनाया गया. इसके बाद जुलूस की शक्ल में लोग एकजुट होक रसड़क पर निकले, मिठाइयां खाई और पटाखे भी छोड़े गए. दीपु सिंह ने कहा कि कुमारधुबी स्टेशन में धनबाद-पटना एक्सप्रेस व अन्य ट्रेनों को रोकने सहित अन्य समस्याओं को लेकर वे लोग जल्द ही सांसद ढुल्लू महतो के पास जाकर इन सभी समस्याओं को रखेगें. मौके पर भाजपा युवा नेता दीपु सिंह, डब्लू सिंह, प्रो अरून कुमार, कालू सिंह,रंजीत मोदी, विजय राय, मीठु गढ़याण, मिथलेश कुमार, इरफान अहमद खान, रणजीत गोस्वामी, पलटू दास आदि थे.

# 12 केएलडी प्लांट का 15 % हो रहा उपयोग

## एफएसटीपी संचालन को लेकर महिला समूह के साथ कार्यशाला

संवाददाता । चिरकुंडा



एफएसटीपी के संचालन व रख रखाव को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग के आदेश पर नगर परिषद चिरकुंडा द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया.
कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई. कार्यक्रम में एसएचजी ग्रुप की महिलाएं एवं सफाई कर्मी उपस्थित हुए. सभी उपस्थित सदस्यों को एफएसटीपी प्लांट के बारे में यूनिसेफ के सदस्यों ने विस्तार से बताते हुए कहा कि हमारे मल में 90 प्रतिशत जल एवं 10 प्रतिशत मल की मात्रा होती है. इस प्लांट के फायदे यह है कि मल से होने वाले बीमारी को कम किया जा सके. यह तभी संभव है जब देश के हर लोग इसको समझ सके. इसके लिए सरकार एसएचजी ग्रुप के महिलाओं को जिम्मेवारी देने जा रही है. इसकी शुरुआत हो चुकी है. चिरकुंडा में 12 केएलडी प्लांट है जिसका मात्र 15 प्रतिशत ही हमलोग उपयोग कर पा रहे हैं. इस प्लांट का शत प्रतिशत उपयोग हो, इसके लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया है. चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा टोल फ्री नंबर 06540 96203 जारी किया गया है.
जिन्हें भी टंकी साफ करवानी हो वो इस टोल फ्री नंबर का प्रयोग कर सकते है. एफएसटीपी प्लांट का फायदा यह है. इससे निकलने वाले जैविक खाद व अमृत खाद एवं पानी का प्रयोग किसान खेती के लिए कर सकते है. सभी को डिस्प्ले के माध्यम से इसके उपयोग और लाभ को बताया गया. कार्यक्रम का संचालन सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन एवं अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवन ने की. मौके पर यूनिसेफ की ओर से पुनीत अग्निहोत्री, अजय सिंह, सूरज कुमार वही चिरकुंडा नगर परिषद के सहायक अभियंता अंकित परासर, सिटी मिशन अरुण बड़ाइक आदि उपस्थित थे.

# एक्सपायरी बीयर बेचने की पुलिस से शिकायत

संवाददाता । महुदा

भाटडीह ओपी क्षेत्र के छत्रुटांड़ मोड़ में शुक्रवार की रात अंग्रेजी शराब दुकान द्वारा एक्सपायरी बीयर दिये जाने एवं ज्यादा दाम लेने पर लोगों ने हंगामा कर दिया. इस दौरान दोनों ओर से गाली गलोज के साथ बात हाथापाई तक चली गई.अन्य लोगों द्वारा दोनों और अलग करके मामले को शांत कराया गया. महुदा बस्ती निवासी भोलूनाथ धीवर ने भाटडीह ओपी में लिखित शिकायत देकर शराब दुकान के कर्मी अजय राय, मनोज कुमार एवं आनंद राम पर गालीलगलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाया है. शिकायत पत्र में बताया है कि शुक्रवार की रात्री करीब 9 बजे वह छत्रुटांड़ स्थित अंग्रेजी शराब पर पहुंचा और बीयर की दो बोतल खरीदी. वह बोतल 2023 की पैक थी. वापस करना चाहा तो दुकान के कर्मियों ने इंकार कर दिया. वह बोले जो सामान दे देते हैं, वह वापस नहीं लेते. प्रिंट रेट से ज्यादा दाम लिया गया था. पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है.

### पुटकी चैंबर ने किया डीएसपी को सम्मानित

**पुटकी।** चैंबर ऑफ कॉमर्स पुटकी बाजार ने लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभानेवाले डीएसपी विधि व्यवस्था दीपक कुमार, अंचलाधिकारी विकास आनन्द , थाना प्रभारी मनोहर करमाली व स्थानीय पत्रकारों को सम्मानित किया .चैंबर के अध्यक्ष हीरालाल शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों को शॉल व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया . डीएसपी दीपक कुमार ने कहा कि प्रशासन के लिए धनबाद में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराना बड़ी चुनौती थी . अशांति की आशंका थी जिसे स्थानीय प्रबुद्ध ,व्यवसायी व पत्रकारों के सहयोग से सम्पन्न कराने में पुलिस सफल रही .

**आक्रोश** झमाडा के आश्रितों को नहीं मिल पाया नियोजन

# आश्रितों ने दी 15 से उग्र आंदोलन की चेतावनी

**खास बातें**
- 28 महीने से जारी है आश्रितों का आंदोलन

संवाददाता । धनबाद



झारखंड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार झमाडा के कर्मचारियों के आश्रित को अनुकंपा पर नियोजन की मांग को लेकर 28 महीने से लगातार चल रहे धरना के मामले में अब उग्र आंदोलन करने की घोषणा की गई है .मामले में प्रभावित लोगों ने बताया कि उनके भविष्य के साथ झमाडा प्रबंधन खिलवाड़ कर रही है. कार्यबल की कमी रहने के बावजूद बाहरी मजदूरों से और सेवानिवृत कर्मचारियों से दोबारा काम लिया जा रहा है. इससे अनुकंपा आश्रित अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं. इस मामले में झामाडा के आश्रितों की एक बैठक शनिवार को हुई. जिसमें सर्वसम्मति से यह तय हुआ की 15 जून तक झामाडा के अनुकंपा आधारित कर्मियों की प्रबंध निदेशक स्तर पर वार्ता नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा.

### सरकार से बात करेंगे विधायक राज सिन्हा

**धनबाद।** दो वर्षों से धरना पर बैठे झमाडा आश्रितों के मुद्दे धनबाद विधायक राज सिन्हा झारखंड सरकार से बात करेंगे . झारखंड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार ( झमाडा) में अनुकंपा पर आधारित नियोजन के लिए पिछले दो वर्षों से धरना पर बैठे आश्रित शनिवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा से मुलाकात कर माँग पत्र सौंपा . धनबाद विधायक ने पहले भी इस मामले को विधानसभा में जोरदार तरीके से विधानसभा में उठाया था . विधायक से मिलने आये आश्रितों के प्रतिनिधिमण्डल की बातों को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने पुन: झारखण्ड सरकार से वार्ता कर जल्द समाधान के दिशा में ठोस प्रयास करने का आश्ववासन दिया . इस मुद्दे पर विधायक ने झमाडा के प्रबंध निदेशक रविराज शर्मा से भी फोन पर बात की . जिसपर निदेशक ने कहा कि यहां प्राधिकार का गठन नहीं है, इसलिए इसमे वह कुछ नहीं कर सकते हैं . वहीं निदेशक ने यह भी कहा कि दैनिक भत्ता के आधार पर सभी आश्रितों को नियोजन देने के लिए तैयार है . स्थायी नियोजन देना उनके लिए संभव नहीं है . जिसके बाद विधायक ने आश्रितों को भरोसा दिलाया कि वह इस मामले में नगर विकास मंत्री एवं सचिव से भी बात करेंगे और नियोजन दिलाने का प्रयास करेंगे .

# हैवी ब्लास्टिंग के खिलाफ आउट-सोर्सिंग कंपनी पर मुकदमा

## ब्लास्टिंग से उड़े पत्थरों से जख्मी महिला के बयान पर जोरापोखर थाने में दर्ज हुई प्राथमिकी

संवाददाता । झरिया

बीसीसीएल के लोदना एरिया अंतर्गत बरारी स्थित शुशी आउटसोर्सिंग परियोजना के बरारी साइड में 6 जून को हुई हैवी ब्लास्टिंग में उड़े पत्थर से जख्मी हुई मेहरून निशा के बयान पर जोरापोखर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है. शुशी कंपनी एवं बीसीसीएल के अधिकारियों व कर्मियों के खिलाफ उक्त मुकदमा कायम किया है. बताते हैं कि जयरामपुर ,बागडिगी ,लोदना ,बरारी आदि क्षेत्रों में शुशी कंपनी कि वृहद पैमाने पर आउटसोर्सिंग परियोजना संचालित है. आउटसोर्सिंग परियोजनाएं घनी आबादीवाले मुहल्लों के समीप चलने से प्रबंधन को परियोजना में उत्खनन कार्य करने में तथा उत्खनन कार्य के दौरान हैवी ब्लास्टिंग होने व धूलकण उड़ने से मुहल्ला वासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. उच्च प्रबंधन के आदेश पर स्थानीय अधिकारियों का परियोजना में उत्खनन कार्य करना तथा बिना विस्थापन के मुहल्ला में ग्रामीणों का रहना मजबूरी हो गया है. फलतः परियोजना साइड में ब्लास्टिंग होने पर नजदीक के मुहल्ला में पत्थरों के उड़कर जाने से अधिकारियों को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है. इसी क्रम में गुरुवार को बरारी में परियोजना में हुई हैवी ब्लास्टिंग में उड़कर बस्ती में आए पत्थर की चपेट में आने से पप्पू अंसारी की पत्नी मेहरून निशा जख्मी हो गई. मेहरून निशा ने घटना को लेकर जोड़ापोखर पुलिस से प्रबंधन के खिलाफ लिखित शिकायत की थी.

> परियोजना में हैवी ब्लास्टिंग के पत्थर से घायल हुई महिला के बयान पर मुकदमा दर्ज किया गया है . मामले की जांच कि जा रही है . घटना के लिए दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी . फिलहाल प्रबंधन को संतुलित ब्लास्टिंग करने को कहा गया है .
> **राजेश प्रकाश सिन्हा**
> **पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ,जोड़ापोखर थाना**

### ब्रीफ खबरें

## आग लगने से हजारों रुपये की संपति जली

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी प्रखंड अंतर्गत जीनाडीह गांव में चारो टुडू के घर में शुक्रवार की रात्रि लगभग 11.30 बजे अचानक आग लग गई. इस घटना में घर में रखा चावल और भारी मात्रा में लकड़ियां जल गई. चारो टुडू के लड़के ने देखा कि घर में रखा लकड़ी जल रहा है तो उसने हो हल्ला किया. हल्ला सुनकर पहुंचे गांव के ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया. किसी तरह बैल को भी घर से बाहर निकाल लिया गया. लेकिन इस घटना में हजारों रुपए का चावल और लकड़ी जल गई.

## सीएलसी के लिए 3 हजार रिश्वत मांगने का आरोप

**बोकारो।** कॉलेज लीविंग सर्टिफिकेट व मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र देने के एवज में टीचर ट्रेनिग कॉलेज अल हबीबा कॉलेज ने तीन हजार की रिश्वत की मांग की है. उक्त आरोप अल हबीब टीचर ट्रेनिंग कॉलेज की डीएलएड की छात्रा पूजा रानी वीर ने कॉलेज प्रबंधन पर लगाया. पूजा 2019 - 21 सेशन की छात्रा है. इस संबंध में कॉलेज के प्रबंधक ने कहा कि छात्रा द्वारा लगाया आरोप बिलकुल बेबुनियाद है. कॉलेज यूनिवर्सिटी द्वारा तय नियम कानून का पालन करता है.

## बाइक और ऑटो में भिड़ंत आधा दर्जन लोग घायल

**साहिबगंज।** बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो-साहेबगंज मुख्य पथ के मोरंग पुल के समीप बाइक और ऑटो की भिड़ंत से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए. घायलों में बाइक सवार भतभंगा निवासी सिमोन मालतो, अभिनाश मालतो, जोसेफ मालतो, नुनवा मरांडी, वही टेंपो में सवार गोरंडा निवासी सुनीता मड़ैया, चुड़का मड़ैया, बबलू मालतो बुरी तरह घायल हो गया.

## ठेका कर्मियों ने कार्य बंद कर जताया विरोध

**कथारा।** डीवीसी बोकारो थर्मल में स्क्रैप कटिंग की कार्य कर रही राधा टीएमटी कंपनी के स्थानीय ठेका मजदूरों ने कंपनी के मनमना रवैया और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए शनिवार को कार्य बंद कर विरोध जताया और काम को ठप कर दिया. कंपनी में कार्य कर लगभग सैकड़ों की संख्या में मजदूरों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि कंपनी यहां के स्थानीय मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार करती है.

## डायरिया वार्ड में एक दर्जन मरीज भर्ती

**साहिबगंज।** बरहेट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से लगभग एक दर्जन डायरिया मरीज इलाजरत हैं. डायरिया के प्रकोप ऐसे हैं कि विगत एक सप्ताह से डायरिया वार्ड में मरीज के आंकड़ों में कोई परिवर्तन नहीं दिख रहा है. डायरिया मरीज का आना-जाना लगा हुआ है. वहीं फिलहाल डायरिया वार्ड में भोगनाडीह निवासी अब्दुल सत्तार, कपासबेड़ा निवासी एतवारनी पहाड़ीन, गोपलाडीह निवासी जैतून बीबी, कुंडली निवासी मानिक यादव, सिमलढाब निवासी बुल्लू केवट, धनजोरी निवासी बाहा सोरेन सहित अन्य का इलाज चल रहा है.

## रोजगार मेला में युवाओं को दी जानकारी

**बोकारो।** कसमार प्रखंड के बगदा पंचायत सचिवालय में शनिवार को झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के तहत मुख्यमंत्री सारथी योजना (दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र) के अंतर्गत चल रहे कौशल प्रशिक्षण केंद्र विनायका फंडामेंटल रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर, तेनुघाट आईटीआई कैंपस के द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया. रोजगार मेला में 18 से 35 वर्ष के युवक व युवतियों ने भाग लिया.

## जल सहिया संघ ने की बैठक

**जमुआ (गिरिडीह)।** झारखंड राज्य जलसहिया संघ की जमुआ प्रखण्ड इकाई की बैठक शनिवार को जमुआ प्रखण्ड परिसर स्थित आम बागान में सम्पन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष सुनीता देवी एवं मंच संचालन गुडिया देवी ने किया. बैठक में सालेहा प्रवीण, अंजुम आरा, रेणु कुमारी महतो, बबीता देवी, हेमंती देवी, सरिता देवी, दिनेश्वरी देवी, उषा देवी, पिंकी देवी, सिन्की देवी समेत दर्जनों उपस्थित थे.

# मात्र एक चिकित्सक के भरोसे गिरिडीह का सदर अस्पताल

## नेत्र चिकित्सक की ड्यूटी इमरजेंसी वार्ड में लगने से नेत्र रोगी परेशान

**खास बातें**

- नेत्र सहायक कर रहे मरीजों का ईलाज
- दो चिकित्सकों का हो गया है तबादला

संवाददाता। गिरिडीह



गिरिडीह सदर अस्पताल की व्यवस्था निराली है. नेत्र रोग विशेषज्ञ यहां पदस्थापित हैं, पर मरीजों का इलाज नेत्र सहायक कर रहे हैं. चिकित्सक की जगह असिस्टेंट के इलाज पर कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है. जांच की मशीन पर नेत्र रोग विशेषज्ञ की बजाय सहायक काम करते हैं. आंख जैसे संवेदनशील अंग का इलाज सहायक करें, यह यहां की व्यवस्था पर बड़ा सवाल है.

मिली जानकारी के अनुसार हाल के दिनों तक सदर अस्पताल में तीन नेत्र रोग विशेषज्ञ पदस्थापित थे. पर दो के ट्रांसफर के बाद फिलहाल डॉ वीरेंद्र कुमार एकमात्र नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं. विदित हो कि सदर अस्पताल के इमरजेंसी में आंख के डॉक्टर से ड्यूटी कराई जाती है. फिलहाल आंख के डॉक्टर कुमार इकलौते चिकित्सक हैं. आम लोगों के बार-बार शिकायत के बाद उन्होंने सिविल सर्जन से इस मसले पर विरोध भी जताया था. उनका कहना था कि ऐसी स्थिति में ऑपरेशन करना संभव नहीं है. विरोध के स्वर के बाद कुछ सप्ताह के लिए डॉक्टर कुमार की ड्यूटी इमरजेंसी में नहीं दी गई, पर फिर से इसकी शुरुआत कर दी गई है. इधर शनिवार की सुबह नाइट ड्यूटी कर रहे डॉक्टर कुमार ने कहा कि अभी फिर से दिव्यांग शिविर में आना है. ऐसे में कोई ड्यूटी कैसे करें? कहा कि मजबूरी है, चिकित्सकों की कमी है. हैरानी इस बात की है कि जन सुविधा की दृष्टि से जनप्रतिनिधि एवं जिम्मेदार अफसर भी इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं. सुबह से अपराहन 3:00 तक 250 से 300 मरीज आते हैं, इनमें 50 के करीब आंख के मरीज होते हैं. चिकित्सक के ना बैठने के कारण आंखों के गंभीर मरीजों को बगैर इलाज कराए वापस लौटना पड़ता है. हालांकि सामान्य मरीजों का इलाज का कार्य सहायक द्वारा की जाती है. जांच कर सहायक केवल मरीजों को चश्मा का नंबर बताते हैं.

मामले में सिविल सर्जन डॉ एस पी मिश्रा ने कहा कि पदस्थापना काल से ही लगातार पत्राचार किया जा रहा है. राज्य भर में चिकित्सकों की कमी है, पर नई नियुक्ति के बाद संभवत गिरिडीह में चिकित्सकों की कमी दूर हो जाएगी.

## योजनाओं को ससमय धरातल पर उतारें : डीसी

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त विजया जाधव ने जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर संचालित योजनाओं की समीक्षा की. बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा विकास योजनाओं से संबधित प्रतिवेदनों का अवलोकन करने के पश्चात आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया. बैठक में उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना ही हमारी प्राथमिकता है. सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को एक हफ्ते के अंदर योजनाओं को स्वीकृति जल्द से जल्द देने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने सभी आंगनवाड़ी, स्कूल, अस्पताल, पंचायत भवन आदि में पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने को निर्देशित किया. उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पंचायत भवनों में सभी पंचायत स्तर के सभी कर्मचारियों को बैठने का जगह दिया जाय. साथ ही उक्त सभी कर्मी प्रतिदिन बैठ रहे हैं, उसका निगरानी भी करने को कहा. बैठक में ग्रामीण विकास विभाग, पंचायतीराज विभाग, कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, परिवहन विभाग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की गई. मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सभी प्रखंडों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजूर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलोनी खालको, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत पांडेय सहित अन्य सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

## डीएफओ ने मछली पालन को लेकर किया निरीक्षण



**बोकारो।** बोकारो जिला मत्स्य पालन पदाधिकारी पी भार्गवी ने शनिवार को सीसीएल सवांग कोलियरी के करमटिया स्थित 12 नंबर बंद खदान का निरीक्षण किया. इस बंद खदान में पानी का भंडारण है. खदान के बगल में करमटिया गांव है, जहां के बेरोजगार युवाओं ने मछली पालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया है. प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं के अनुरोध पर डीएफओ ने निरीक्षण के लिए यहां पहुंची थी. निरीक्षण के दौरान करमटिया के बेरोजगार मत्स्य प्रशिक्षित युवाओं ने अपने लिए भी केज की मांग की है. इस पर डीएफओ ने खदान का अवलोकन के बाद युवाओं को केज उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है. डीएफओ के इस आश्वासन से स्थानीय बेरोजगार युवाओं में हर्ष है. उन्हें उम्मीद है कि रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा. बगल में एक और खदान है जहां पिछले वर्ष से बेरोजगार युवा द्वारा विभाग के सहयोग से मत्स्य पालन किया जा रहा है. विभाग ने बेरोजगार युवाओं को केज कल्चर के माध्यम से मछली के लिए 17 केज उपलब्ध कराया है. इन केजों में पंगास और तेलपिया मछली का पालन किया जा रहा है.

# गोड्डा सांसद को मोदी मंत्रिमंडल में जगह मिलने की सम्भावना

## संभावित सूची में अन्नपूर्णा और चंद्रप्रकाश का भी नाम शामिल







संवाददाता। गोड्डा

गोड्डा लोकसभा सीट से लगातार चार बार जीत दर्ज कराने वाले झारखंड के एक मात्र सांसद निशिकांत दुबे को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करने की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है. मंत्रियों के संभावित सूची में गोड्डा सांसद के नाम पर भी विचार किए जाने की बात कही जा रही है. इस मुद्दे पर पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ताओं के अलावा समर्थको में भी इस बात पर अटकलों का दौर जारी है. केंद्रीय मंत्रिमंडल में अगर झारखंड से प्रतिनिधित्व देने की बात उठी तो चार सांसद पर एक मंत्री के फार्मूले के आधार पर झारखंड से मंत्री का दो कोटा बनता है. आदिवासी चेहरा में बड़ा नाम पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का नाम सबसे पहले आता है लेकिन इस बार उनके चुनाव में हार जाने से आदिवासी का बड़ा चेहरा पार्टी में नहीं है. नए चेहरा पर दांव लगाने के बजाय पुराने और अनुभवी चेहरा के रूप में निशिकांत का नाम सबसे ऊपर है. विपरित परिस्थिति में भी इन्होंने अपना दम खम दिखाते हुए चिर परिचित प्रतिद्वंदी प्रदीप यादव को लाखों मतों के अंतर से हराने में कामयाब हुए. साथ ही निशिकांत दुबे ने समय-समय पर घोटाले का पर्दाफाश कर सूबे के सीएम से खुले आम पंगा लेकर उनको जेल भेजने में भी कामयाब हुए. इस चुनाव में सारा विपक्ष इस बात पर एकजुट था कि निशिकांत दुबे को संसद तक पहुंचने से किसी भी हालत में रोकना है, बावजूद इसके विपक्ष को कामयाबी नहीं मिली. इससे निशिकांत की दमदार छवि एक बार फिर से उभर कर सामने आई. झारखंड से मंत्रिमंडल में शामिल होने की संभावित सूची में अन्य नाम अन्नपूर्णा देवी और आजसू कोटे के चंद्रप्रकाश चौधरी का नाम भी शामिल है.

## प्रतापपुर को सरिया पावर ग्रिड से जोड़ने की मांग

**डुमरी।** जिप सदस्य सुनीता कुमारी ने शनिवार को विद्युत विभाग के सहायक अभियंता, महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता एवं उपायुक्त गिरिडीह को पत्र लिख कर प्रतापपुर सब स्टेशन को सरिया पावर ग्रिड से जोड़ने की मांग की है. उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि डुमरी प्रखंड के उपभोक्ताओं को लगातार बिजली संकट से दिक्कत का सामना करना पड़ता है, जिसका मुख्य कारण डीवीसी ग्रेड पर निर्भरता डुमरी सहित कई प्रखंडों के जेबीवीएनएल के उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है. जेबीवीएनएल का प्रतापपुर सब स्टेशन डीवीसी ग्रेड से जुड़ा है. ग्रेड में तकनीकी खराबी आने सहित समय-समय पर लोड सेटिंग करने से प्रतापपुर पावर सब स्टेशन से जुड़े उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली नहीं मिल पा रही है. डीवीसी सब स्टेशन में आए दिन तकनीकी खराबी के कारण प्रतापपुर सब स्टेशन को आवश्यकता अनुसार बिजली नहीं मिल पाती है, उसी कारण प्रखंड वासियों को नियमित बिजली नहीं मिल पाती है. जिप सदस्य ने लिखा है कि प्रतापपुर सब स्टेशन को सरिया पावर ग्रिड में जोड़ने से घंटों बिजली कटौती की समस्या का निदान हो जाएगा और प्रखंडवासियों को नियमित बिजली भी मिल पाएगी. इसलिए विद्युत विभाग को इस गंभीर समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रतापपुर सब स्टेशन को सरिया पावर ग्रीड से जोडने का पहल करनी चाहिए.

## वयस्क बीसीजी टीकाकरण जुलाई से : डीसी

**गिरिडीह।** गिरिडीह के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने वयस्क बीसीजी टीकाकरण को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला टाकस्क फोर्स की बैठक की. उन्होंने अधिकारियों को टीकाकरण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी. कहा कि वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान जुलाई से सितंबर तक चलेगा. इसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र के 6 श्रेणियों के लोगों को टीके लगाए जाएंगे. इनमें वैसे व्यक्ति जो टीबी की बीमारी से ग्रसित हुए हों, टीबी मरीज के संपर्क में रहने वालों, 60 वर्ष और उसे अधिक उम्र के बुजुर्ग, धूम्रपान करने वाले व मधुमेह के मरीजों को टीका लगाया जाएगा. उन्होंने अधिकारियों को समन्वय बनाकर अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया. डीसी ने बताया कि स्वास्थ्य, समाज कल्याण व शिक्षा विभाग की ओर से टीकाकरण को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है. जून के तीसरे सप्ताह तक सर्वे व चौथी सप्ताह तक माइक्रोप्लान पूरा कर लेना है. सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ माइक्रोप्लान तैयार कर अभियान को सफल बनाएंगे. बैठक में सिविल सर्जन डॉ. एसपी मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, डीईओ, डीएसई डीआरसीएचओ, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, डीपीएम, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

## झामुमो की बैठक में अल्पसंख्यक कमिटी का गठन

**गावां (गिरिडीह)।** गावां बाजार स्थित झामुमो पार्टी कार्यालय में शनिवार को झामुमो की बैठक की गयी. बैठक में मुख्य रूप से धनवार के पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी उपस्थित थे. बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा किया गया. साथ ही प्रखंड स्तरीय अल्पसंख्यक मोर्चा व अनुसूचित मोर्चा का गठन किया गया. अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में मो. मंसूर अंसारी का चयन किया गया. जबकि सचिव के रूप में मो इस्राएल का चयन किया गया. वहीं अनुसूचित मोर्चा में अध्यक्ष के रूप में अशोक दास व उपाध्यक्ष के रूप में सुखदेव दास का चयन किया गया.

## डीसी ने बैठक में की विभिन्न विभागों की समीक्षा

**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार में डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में विधि व्यवस्था समेत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई. बैठक में उपायुक्त ने बारी-बारी से विभागवार समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को कई जरूरी निर्देश दिया. इस दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से विभिन्न योजनाओं के अद्यतन स्थिति का क्रमवार जानकारी ली. उपायुक्त ने विधि व्यवस्था को लेकर सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी से जानकारी प्राप्त किया तथा इस संबंध में उचित निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो. कहा कि सभी को पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक संपादित किया है.

## फिल्टर प्लांट, अस्पताल, कैंटीन का करेंगे निरीक्षण : अजय सिंह

संवाददाता। कथारा

राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष व बेरमो विधायक से मिलकर संगठन की मजबूती और मजदूर की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की. प्रतिनिधि मंडल को बेरमो विधायक ने अस्वस्थ किया कि श्रमिक हितों की रक्षा होगी. श्रमिकों के वेलफेयर के साथ कोई खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा. यूनियन के अध्यक्ष व बेरमो विधायक ने कहा कि प्रथम चरण में बेरमो कोयलांचल के कथारा, बोकारो एवं करगली एवं ढोरी क्षेत्र के सभी परियोजनाओं एवं क्षेत्र के नियंत्रण में वाटर फिल्टर प्लांट, क्षेत्रीय अस्पताल, रीजनल अस्पताल, केंद्रीय अस्पताल के साथ सभी परियोजनाओं में रेस सेंटर व जलपान गृह का निरीक्षण करने का कार्य अति शीघ्र प्रारंभ करेंगे. किसी भी प्रकार का मजदूरों के वेलफेयर के साथ समझौता नहीं किया जाएगा. प्रबंधन की कमजोर इच्छा शक्ति का श्रमिकों के ऊपर दुष्प्रभाव पड़ रहा है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. श्रमिक प्रतिष्ठा के रीड हैं. श्रमिकों के मेहनत के बदौलत देश की बुनियादी जरूरत को पूरा करने में कोयला उद्योग आगे बढ़ रहा है और वही कोयला उद्योग के मजदूर मौलिक अधिकार से वंचित हो तो मजदूरों के साथ न्याय संगत नहीं होगा. संगठन के पदाधिकारी मजदूरों की आवाज बने. इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. जल्द ही सीसीएल के सभी क्षेत्रों में प्रारंभ किया जाएगा और सीसीएल रीजनल समिति को पुनर्गठित कर मजबूती प्रदान किया जाएगा. जिससे संगठन और मजबूती के साथ श्रमिकों की समस्याओं की निराकरण में अपनी भूमिका का निर्वाह मजबूती के साथ कर सकेगा. प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से सीसीएल सचिव व क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, सीसीएल संगठन सचिव वेदव्यास चौबे, चंद्रशेखर प्रसाद, आशीष चक्रवर्ती , नसीम अख्तर, देवाशीष आश, अमनदीप सिंह, बोडीया पंचायत कांग्रेस के अध्यक्ष विजय यादव, प्रमोद यादव सहित अन्य शामिल थे.

### जिला परिवहन विभाग ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

## 10 वाहनों पर दो लाख रुपया जुर्माना

**खास बातें**

- ओवरलोड की शिकायत पर हुई चेकिंग
- 50 से अधिक वाहनों की हुई जांच

संवाददाता। बोकारो



उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर शुक्रवार की देर रात को धनबाद-बोकारो मार्ग के पुपुनकी टॉल प्लाजा एवं आईटीआई मोड़ सहित अन्य जगहों पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर के नेतृत्व में ओवरलोड वाहन के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया. साथ ही वाहन जांच के दौरान जिन वाहनों का निबंधन पेपर व परमिट फेल होने, ओवरलोड एवं रिफ्लेक्टिव टेप लगा हुआ नहीं पाया गया, उन वाहनों पर कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया गया. उन्होंने बताया कि जांच के दौरान दस बड़ी वाहनों का पेपर फेल, ओवरलोड एवं रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगा होने के कारण 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया.

परिवहन विभाग के कर्मियों द्वारा हाइवा, ट्रक, मिनी हाइवा सहित अन्य वाहनों की जांच की. इस दौरान कई ओवरलोड वाहनों से जुर्माना वसूला गया. 50 से अधिक वाहनों की जांच की गई.

ओवरलोड वाहनों की जांच को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि ओवरलोड वाहनों की शिकायत मिलने पर वाहन जांच अभियान चलाया गया, यह अभियान आगे भी जारी रहेगा. जांच के दौरान परमीट, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण आदि की जांच के साथ बाइक चालकों को परिचालन के दौरान हेलमेट की भी जांच की गई. उन्होंने आगे बताया कि बाइक चलाने के समय हेलमेट, चार पहिया वाहनों के परिचालन के समय सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए, ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है.

### आंदोलन रैक बढ़ाने की मांग- रैक खाली करने का किया विरोध

# ट्रक चालकों ने की सड़क जाम, आवागमन ठप

**खास बातें**

- पांच घंटे बाद जबरन जाम हटाया
- बाहर के लोगों से काम लेने का आरोप

संवाददाता। तालगड़िया



सियालजोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत अलकुसा- वेदांता-इलेक्ट्रो स्टील के फोरलेन पर मधुनिया-सिमुलियाटांड (चिमनी भट्ठा) के समीप रैक अपलोडिंग, सफाई तथा ट्रक चालक-उपचालक, मजदूरों द्वारा रैक बढ़ाने की मांग व पीसी द्वारा रैक खाली करने के विरोध में मांग को लेकर शुक्रवार को सड़क जाम कर दी. जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई. करीब पांच घंटे तक सड़क जाम रहा.

तत्पश्चात सूचना मिलने पर सियालजोरी व चास मुफ्सिल पुलिस व प्रबंधन के निजी सुरक्षा गार्ड पहुंचे और जाम को हटाने का प्रयास किया, लेकिन मजदूर अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे. कुछ देर बाद वहां से जबरन जाम को हटाया गया.

शाम को सभी मजदूर बांधडीह स्थित रेलवे रैक पर एकत्रित होकर आन्दोलन करने लगे.

मजदूरों का कहना है कि वे लोग करीब दस बारह वर्षों से रैक में मजदूरी करते आ रहे हैं. अचानक रैकों की संख्या कम होने तथा टांसपोर्टिंग द्वारा कोयला व पत्थर लाने पर बेरोजगार घुम रहे हैं. कहा कि प्रबंधन प्लांट में बाहर के लोगों को काम पर लगा रहा है. जबकि हमलोग बेरोजगार हैं.

कहा कि प्रबंधन इस दिशा में पहल करें, अन्यथा जोरदार आन्दोलन किया जाएगा. मजदूर ने बताया कि कंपनी द्वारा जिसे काम नहीं मिलेगा उस दिन प्रति मजदूर को दो सौ रुपये दिया जायेगा. कंपनी के अधिकारी तथा जीआरपी एल अधिकारी एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बांधडीह पहुँच कर मजदूर के साथ घटों वार्ता चली लेकिन बात नहीं बनी. पुनः वार्ता की पहल चल रही है. समाचार लिखे जाने तक कोई वार्ता नहीं हुई थी.

### विशेष लोक अदालत में चार मामलों का हुआ निष्पादन

# पीडितों को मिला 19.50 लाख मुआवजा

**खास बातें**

- सड़क जाम और मारपीट की घटना से बचें : राधा कृष्ण
- मोटर दुर्घटना अधिनियम के तहत दावा प्रस्तुत करने की अपील

संवाददाता। जामताड़ा

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मोटर दुर्घटना दावा को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राधा कृष्ण एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर विशेष लोक अदालत का शुभारंभ किया. विदित हो कि लोक अदालत में मामलों के निष्पादन के लिए कुल चार बेंच का गठन किया गया था. इस दौरान कुल चार मामलों का निष्पादन हुआ. वहीं पीड़ित पक्षकारों को 19 लाख 50 हजार दिया गया. मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राधा कृष्ण ने कहा कि आए दिन सड़क में दुर्घटनाएं होती रहती हैं. उक्त दुर्घटनाओं में किसी की जान चली जाती है या किसी का कोई अंग खत्म हो जाता हैं. इसी के तहत मोटर दुर्घटना वाद अधिनियम बनाया गया है. जिसके तहत दुर्घटना में मृत व्यक्ति अथवा घायल व्यक्ति को मुआवजा देने का प्रावधान किया गया है. कहा कि लोगों को अपनी अज्ञानता दूर करनी चाहिए. दुर्घटना होने पर सड़क जाम अथवा मारपीट की घटना से बचना चाहिए. वहीं मोटर दुर्घटना अधिनियम के तहत दावा प्रस्तुत करना चाहिए. ताकि वैसे लोगों को उचित मुआवजा दिया जा सके. इस अवसर पर जिला जज प्रथम संतोष कुमार, जिला जज द्वितीय श्रीशदत्त त्रिपाठी, जिला जज तृतीया अजय कुमार श्रीवास्तव, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सरीना अन्ना हरेंज, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मोहनलाल वर्मन, सचिव अरविंद सरकार, उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सुरेश सिंह, रेवती पदों दत्ता, प्रताप भूषण सिंह, लक्ष्मी दुबे, मुकेश कुमार सिंह, पारा लीगल वालंटियर राजेश दत्त, अमित मिश्रा, श्याम सुंदर टुडू, सरस्वती मरांडी, निताइ मंडल, शाहिद समेत अन्य उपस्थित थे.

## विशेष लोक अदालत में 26 वादों की सुनवाई

**साहेबगंज।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर साहिबगंज के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष अखिल कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को साहिबगंज सिविल कोर्ट में विशेष लोक अदालत लगाई गई . जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय शेखर कुमार की अध्यक्षता में गठित बेंच में मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित 26 वादों की सुनवाई हुई . सुलह के आधार पर कुल 26,50000 रुपए की वसूली की गई . यह जानकारी साहिबगंज डालसा के सचिव विश्वनाथ भगत ने दी .

हजारीबाग के पूर्व सांसद और झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने किया ऐलान

# जल जंगल जमीन की लूट व विस्थापन के खिलाफ होगा उलगुलान

- कहा-केवल हजारीबाग में 25 हजार एकड़ से अधिक वन विभाग की जमीन को लूट लिया गया
- जिला प्रशासन के साथ ही झारखंड सरकार भी लगाया तमाशबीन बने रहने का आरोप

**संवाददाता। हजारीबाग**



प्रेसवार्ता करते भुवनेश्वर प्रसाद मेहता व अन्य

झारखंड में जल जंगल जमीन की लूट और विस्थापन के खिलाफ उलगुलान होगा. खुलेआम गैरमजरूआ जमीन एवं जंगल की जमीन की लूट हो रही है, जिस पर जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार तमाशबीन बने हुए हैं. उक्त बातें हजारीबाग के पूर्व सांसद और झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने हजारीबाग यहां पार्टी कार्यालय में पत्रकार सम्मेलन में कहीं. उन्होंने कहा कि केवल हजारीबाग में 25 हजार एकड़ से अधिक वन विभाग की जमीन की लूट हुई है.जिले के बड़कागांव और केरेडारी, सदर, कटकमदाग हजारीबाग के आसपास के गांवों में खास महल की लगभग 20 हजार एकड़ जमीन की लूट हुई है. इस संबंध में कई जांच हुईं, लेकन जांच की फाइलें जिला प्रशासन के कार्यालय और राज्य सरकार के दफ्तर में दबी रह गईं. किसी प्रकार की कोई कार्रवाई आज तक देखने को नहीं मिली है. एनटीपीसी बड़कागांव के पकरी बरवाडीह कोल माइंस में अवैध बंदोबस्ती की जांच के लिए एसआईटी का गठन हुआ और जांच कमेटी ने जो रिपोर्ट में लिखा उसके अनुसार 3000 करोड़ रुपये से अधिक गैरमजरूआ बंदोबस्ती का भुगतान हो चुका है. एनटीपीसी द्वारा एक ओर जहां नदी नाले में भी खनन किया जा रहा है, वहीं बड़कागांव से फतहा चौक तक सैकड़ों एकड़ जंगल की जमीन को बर्बाद कर दिया गया. इसके कई मामले झारखंड उच्च न्यायालय में लंबित हैं. मेहता ने कहा कि जल जंगल जमीन की लूट के लिए सबको पूरे राज्य में एकजुट होने की आवश्यकता है. झारखंड आंदोलन की तर्ज पर आंदोलन करना होगा.

### धरनारत किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं

**मेहता** ने कहा कि विगत 14 महीने से गोंदलपुरा सहित पांच गांवों के ग्रामीण धरने पर बैठे हुए हैं, लेकिन इसकी सुध लेने के लिए जिला प्रशासन तैयार नहीं है और राज्य सरकार भी इन्हें नजरअंदाज कर रही है. इसी प्रकार चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड के इचाकखुर्द गांव में 22 अप्रैल 2023 से सिमपुर कठौतिया रेलवे लाइन में जो गैरमजरूआ जमीन जा रही है, जिसका कई दशकों से बंदोबस्त है, उसके भुगतान के लिए किसान धरने पर बैठे हुए हैं. चतरा के दूसरे इलाके में भी भारत माला प्रोजेक्ट में ली गई गैरमजरूआ जमीन के भुगतान के लिए लगातार आंदोलन चल रहा है. इस संबंध में मेहता ने कई बार मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त राजस्व सचिव एवं दोनों जिला के उपायुक्त को पत्र लिखा है, लेकिन सबके सब मौन है. कहा कि पूरे राज्य में आंदोलन के बगैर लोगों को न्याय नहीं मिल सकता है. अभी तक झारखंड बने 24 वर्ष बीत चुके हैं, न विस्थापन, न नियोजन नीति बनी है और दर्जनों बार सरकार की घोषणा के बाद भी विस्थापन आयोग का गठन नहीं हुआ. उन्होंने कहा कि विस्थापन के खिलाफ संघर्ष कर रहे लोगों, संगठनों व दलों का सेमिनार रांची में होगा, जिसमें आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी. मौके पर निजाम अंसारी, महेंद्र राम, अवध कुमार, अधिवक्ता शंभू कुमार, शब्बीर अहमद, खतियानी परिवार के मो. हकीम मौजूद थे.

# छड़वा डैम में नहाने के दौरान डूबने से किशोर की हुई मौत

**संवाददाता। कटकमसाडी**



**खास बातें**
- घटना शनिवार को सुबह करीब 11 बजे घटी
- सोहेल चार साथियों के साथ डैम नहाने आथा था

पेलावल ओपी क्षेत्र के छड़वा डैम में रोमी पंचायत निवासी शमशेर अंसारी के 15 वर्षीय सोहेल अंसारी की मौत डूबने से हो गई. घटना शनिवार को सुबह करीब 11 बजे घटी. शव को स्थानीय युवाओं की मदद से बाहर निकाला गया. जानकारी के मुताबिक सोहेल अपने तीन चार साथियों के साथ छड़वा डैम नहाने आया था. नहाने के क्रम में वह दूर गहरे पानी में चला गया और डूब गया. बता दें कि प्रखंड क्षेत्र में अधिक गर्मी पड़ने के कारण क्षेत्र के युवाओं की टोलियां डैम में नहाने और मस्ती करने के लिए आते हैं. गदोखर निवासी जैन रयमान उर्फ टायगर, फैयाज उर्फ टायगर, बरगडा निवासी दीपक राम, सोनू कुमार के अथक प्रयास से डूबे हुए सोहेल अंसारी को गहरे पानी से निकाला गया. वहीं मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. वहीं पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग भेज दिया. इस संबंध में पुलिस ने बताया कि नाबालिग लड़का नहाने गया था और डूबने से उसकी मौत हुई है.

## ब्रीफ खबरें

### ग्रामीणों ने रोका सड़क निर्माण का कार्य

**जयनगर।** प्रखंड के ग्राम इरगोबाद में प्रधानमंत्री नल जल योजना से पेयजल की आपूर्ति घर-घर सुचारु रूप से की जा रही थी, परंतु जयनगर टू इरगोबाद रोड निर्माण कार्य में लगी जेसीबी मशीन ने पूरी पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर पंद्रह दिन से जल आपूर्ति बाधित कर दी है. इससे भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या हो गई है. लोग दूर-दूर से पानी लाने को विवश हैं. इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने रोड कार्य को रोक कर पहले पाइप लाइन को सुधार करते हुए रोड कार्य करने की मांग की. विरोध प्रदर्शन करने वालों में महेश कुमार सोनी, कामेश्वर पासवान, कार्तिक पासवान, मुन्ना कुमार सोनी, मंगत राम, संजय पासवान, अजिज मियां, बैजनाथ यादव, कौशल्या देवी, पुष्पा देवी, अनिता देवी आदि शामिल थे.

### बीएसएसी की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान



**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र के मटवारी कृष्ण पुरी स्थित लॉज में बीएससी की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक की पहचान इचाक के अलौनजा निवासी रश्मि कुमारी (20), पिता सुरेश राम के रूप में हुई है. मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी पुलिस बरामद किया है, जिस पर लिखा है कि वह डिप्रेशन में थी और आत्महत्या कर रही है. इसमें कोई दोषी वार नहीं है. इस संबंध में परिजनों ने बताया कि वह पिछले एक साल से लॉज में चचेरी बहन के साथ रहती थी और पढ़ाई करती थी. शनिवार सुबह उसने पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली. घटना की पूरी जानकारी कोरा पुलिस को दी गई. पुलिस ने लॉज पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया. पुलिस ने बताया कि मृतक के पास एक सुसाइड नोट मिला है जिस पर वह खुद डिप्रेशन में रहने की बात लिखी है. परिजनों के आवेदन के आधार पर पुलिस जांच करेगी.

### ब्राउन शुगर के साथ दुकानदार गिरफ्तार

**बड़कागांव।** बड़कागांव पुलिस ने एक दुकानदार को 6.10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की. इस संबंध में थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि वरीय पुलिस अधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि बड़कागांव हुरलंग बागी निवासी संतोष कुमार (32) अपनी किराना दुकान में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करता है. इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप कुमार के नेतृत्व में टीम ने उक्त दुकान में छापामारी की तो संतोष कुमार के पहने हुए ट्राउजर की दाहिनी जेब से पांच सफेद कागज की पूड़िया बरामद की गई, जिसे खोलकर देखने पर ब्राउन शुगर जैसा पदार्थ पाया गया. आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया और सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया. छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप कुमार, थाना प्रभारी मुकेश कुमार आदि शामिल थे.

जनता के बीच जाकर खुद को गरीबों का मसीहा बता दावेदारी कर रहे पेश

# विस चुनाव की आहट होते ही मैदान में उतरे 'काले कारोबारी'

**खास बातें**
- कोई खुद को भाजपा समर्थक बता रहा, तो कोई गठबंधन का
- हर समस्या को सुलझाने का आश्वासन दे रहे हैं नेताजी

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**

लोकसभा चुनाव खत्म होते ही नेता विधानसभा चुनाव में अपनी दावेदारी पेश करने में जुट गए हैं. अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में कोई नाली, गली, ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कर रहा है, तो कोई जनता के बीच जाकर खुद को गरीबों का मसीहा के रूप में पेश कर रहा है. हालांकि सच्चाई यह है कि ऐसे नेता बरसाती मेंढक की तरह केवल चुनाव के समय ही जनता को नजर का आते हैं और चुनाव में जीत-हार का फैसला होते ही गायब हो जाते हैं.

बहरहाल चुनाव के दौरान ये नेता जनता की हर समस्या को सुलझाने का आश्वासन देते हैं. कभी हजारीबाग को पिंक सिटी बनाने की बात करते हैं, तो कभी आम लोगों को ताजमहल देने की घोषणा करते हैं. अगर जीत जाते हैं तो कभी दिल्ली तो कभी महाराष्ट्र में रहने की बात कहते हैं और अगर चुनाव में हार मिलती है तो फिर अपने ''काले कारोबार'' में जुट जाते हैं, जनता की ही जमीन से कोयला और बालू की लूट करते रहते हैं. इन नेताओं में कोई खुद को भाजपा का समर्थक बता रहा है, तो कोई इंडिया गठबंधन की बात करते देखा जा रहा है. यहां तक कि कई नेता निर्दलीय चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं. दरअसल, ये तथाकथित नेता मूल रूप से कोयला, बालू और जमीन का कारोबार करते हैं और चुनाव आते ही नेता बन जाते हैं. जनता भी इन चेहरों को अच्छी तरह से भली भांति जानती है, लेकिन वह कुछ कहना नहीं चाहती और चुनाव के दिन का इंतजार कर रही है ताकि इनको मुंहतोड़ जवाब भी दे.

### क्या कहते हैं लोग

**पिछले साढ़े चार साल के दौरान क्षेत्र में जनता के बीच व जनता के लिए काम करते हुए नहीं देखे गए नेता बनकर घूमने वाले**



इस संबंध में शनिवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के राकेश कुमार, बरकट्ठा के पिंटू कुमार, बड़कागांव के राकेश महतो ने फोटो नहीं छापने की शर्त पर बताया कि हजारीबाग जिले में पांच विधानसभा हैं, जिनमें बड़कागांव विधानसभा, सदर विधानसभा, बरही, बरकट्ठा व मांडू शामिल हैं. जो लोग खुद को नेता बताते हुए अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं, उनमें से एक को भी जनता के बीच और जनता के लिए काम करते हुए पिछले साढ़े चार साल के दौरान नहीं देखा गया. ये लोग केवल अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए जनता को गुमराह करते हैं. चुनाव के दौरान सादे लिवास में घूमते हैं और चुनाव के बाद फिर ये कलरफुल हो जाते हैं. ऐसे में इन लोगों के असली मकसद को समझना मुश्किल नहीं है. ये लोग चुनाव के समय में शहर को पिंक सिटी बनाने की बात करते हैं, ताजमहल बनाने की घोषणा करते हैं, लेकिन इन्हें यह नहीं दिखता क हजारीबाग जिले में ऐसे कई विकास कार्य हैं, जो वर्षों से रुके हुए हैं. अधूरी बिल्डिंग, अधूरी सड़क, नाली, गली, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आईटीआई, शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर किसी ने आवाज नहीं उठाई. अब जब चुनाव आया है तो ये लोग फिर से नए विकास कार्य करने की बात कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि आज जितने भी विकास के काम रुके हुए हैं, उनमें से कुछ में नेताजी बिल्डर के साथ पार्टनरशिप हैं. यहां तक कि नल जल और शौचालय जैसी योजना में होने वाले गड़बड़झाले के मामले को दबा दिया और जनता के हक को छीन लिया गया. लेकिन इन्हें ऐसे मामलों से कोई लेना देना नहीं है. अब विधानसभा चुनाव की आहट होते ही बिना बुलाए ही उद्घाटन समारोह, शादी समारोह एवं अन्य निजी या सार्वजनिक कार्यों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए गांव-गांव पहुंच रहे हैं और आम लोगों को जमकर बधाई दे रहे हैं.

# हथियार दिखा जेवर लूटने वाले पांच धराये

**संवाददाता। हजारीबाग**

**गीतांजलि ज्वेलर्स से लूटे गए जेवर भी बरामद**


प्रेस वार्ता करते पुलिस अधीक्षक अरबिंद कुमार

सदर थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी स्थित गीतांजलि ज्वेलर्स में हथियार दिखाकर जेवर लूटने वाले पांच आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इसके साथ ही लूटे गए जेवर भी बरामद कर लिए हैं. पकड़े गए आरोपियों में डेविड मिंज, अविनाश कुमार, विद्या कुमार ,पंकज कुमार, विक्रम कुमार शामिल है. इनमें चार आरोपी कटकमदाग थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं, जबकि मास्टरमाइंड डेविड मिंज चतरा जिले के टंडवा का निवासी है. इस संबंध में शनिवार को पुलिस अधीक्षक अरविंद सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 16 मार्च की रात 9:00 बजे गीतांजलि ज्वेलर्स में लूट की घटना का उद्भेदन करने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवाशीष कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई. घटना में प्रयुक्त दो ऑटोमेटिक पिस्टल गोली के साथ तथा घटना में उपयोग में लाई गई दो चोरी की बाइक बरामद की गई. दोनों बाइक बड़कागांव से फरवरी महीने में चोरी हुई थी. बताया कि यह लूटपाट का बड़ा गिरोह था और सभी आरोपी पेशेवर अपराधी हैं. डेविड मिंज टंडवा का रहने वाला है और इसके पास से आर्टिफिशियल ज्वेलरी, सीता हार, दो कंगन, गले का पतला चेन और बिना नंबर की बाइक एवं लूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद किया गया है. वहीं अविनाश के पास से एक पिस्टल, एक मैगजीन, दो गोली, एक चैंबर, दो आर्टिफिशियल जेवर, सीता हार, कंगन एवं तीन निजी मोबाइल फोन बरामद हुए हैं, जबकि विद्या कुमार के पास से ज्वेलरी, सीता हार, चार कंगन एक चैन, एक चक्र गोली और पंकज कुमार के पास से आर्टिफिशियल ज्वेलरी व एक मोबाइल और बाइक की चाबी बरामद की है, जबकि विक्रम के पास से अपराध में शामिल बाइक, एक देसी पिस्तौल, दो गोली मैगजीन सहित बरामद किया गया है. चार आरोपियों पर पूर्व से भी मामला दर्ज है.

### एनएच-3 पर बेहोश मिले व्यक्ति की मौत

**हजारीबाग।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत डेमोटांड़ एनएच 33 पर एक व्यक्ति बेहोशी हालत में पड़ा हुआ मिला, जिसे देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी. फिर ग्रामीणों ने एम्बुलेंस से ही उसे सदर अस्पताल पहुंचाया, इलाज के क्रम में उसकी मृत्यु हो गई. उसकी पहचान नहीं हो पाई है. शिनाख्त के लिए शव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में में रखा गया है. मुफस्सिल थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने अपील की है कि किसी के द्वारा शव की पहचान किए जाने पर थाना को इसकी सूचना दें.



# दनुआ घाटी में दो ट्रक व कार आपस में भिड़े, लगा लंबा जाम

**संवाददाता। चौपारण**

**खास बातें**
- दुर्घटना में बाल-बाल बचे चालक और यात्री
- ढलान, स्पीड व जंपिंग सड़क हादसे की वजह

दनुआ घाटी मौत की घाटी के रूप में प्रचलित हो चुकी है. शुक्रवार देर रात चौपारण से बिहार जा रहा 12 चक्का ट्रक घाटी के तेज ढलान में तेज गति से जा रहा था. इस दौरान एनएचएआई द्वारा बनाई गई गति नियंत्रक जम्पिंग सड़क के पास चालक से वाहन बेकाबू हो कर डिवाइडर पर चढ़ गया, जिससे ट्रक पलट गया. इसके बाद रात भर अन्य वाहन किसी तरह निकलते रहे. सुबह में दूसरा ट्रक पलट कर उससे जा भिड़ा. इसके बाद एक कार भी पीछे से टकरा गई. शुक्र था कि दोनों बड़े वाहन और कार के चालक व सवार बाल-बाल बच गए. बता दें कि वाहन दुर्घटना के बाद चालक जल्दबाजी के कारण जैसे-तैसे वाहनों को निकालने लगते हैं, जिसके कारण जाम लग जाता है. लोग इस भीषण गर्मी में जंगल व पठारी क्षेत्र होने के कारण पानी के लिए त्राहिमाम करते हैं.

# चमेली खदान में मासूमों की मौतों का जिम्मेवार है खनन विभाग : डॉ. मेहता

**संवाददाता। हजारीबाग**


डॉ. आरसी मेहता ने शनिवार को चमेली खदान स्थल का निरीक्षण किया.

कांग्रेस नेता डॉ. आरसी मेहता ने शनिवार को चमेली पत्थर खदान स्थल का निरीक्षण करने के बाद कहा कि हजारीबाग के नेशनल पार्क के समीप जंगलों के बीच चमेली पत्थर खदान में दर्जनों मासूमों की जंगली पशुओं के हमले में मौत हो चुकी है. तीन दिन पूर्व 16 वर्षीय जमन अब्बास दुर्घटना का शिकार हो चुका है, जिसका जिम्मेवार मुख्य रूप से हजारीबाग खनन विभाग है, क्योंकि खनन नियम के मुताबिक खनिज निकालने के बाद उसे बालू या अन्य सामग्री से भर कर जानमाल को सुरक्षित करना है. उक्त स्थान पर पर्यावरण सुरक्षित करने हेतु पौधा लगाना या सुंदरीकरण करना है, परंतु खनन विभाग झारखंड में ऐसा नहीं कर नियम का उल्लंघन कर रहा है.

### 'चमेली झरने को डेंजर जोन घोषित करे प्रशासन'

**हजारीबाग।** इचाक प्रखंड के चमेली झरना में गुरुवार को जीसन अब्बास की मौत डूबने से मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार, जीसन अपने चार पांच साथियों के साथ रील बनाने के उद्देश्य से आया हुआ था. वह रील बनाकर नहाने के लिए पानी में उतरा, गहराई में जाने के बाद उसका अता पता नहीं चला. शनिवार सुबह छह बजे एनडीआरफ की टीम पहुंची. 48 घंटे के बाद भी शव बरामद नहीं हो पाया था. इस घटना को लेकर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार ने कहा कि इससे पूर्व भी कई व्यक्तियों की मौत इस जगह हो चुकी है, लेकिन अब तक जिला प्रशासन इस स्थान को डेंजर जोन घोषित क्यों नहीं किया? जिला प्रशासन चमेली झरना की बेरिकेडिंग करते हुए चेतावनी का बोर्ड जल्द से जल्द लगाने का काम करे.

### नहीं मिला इलाज, सर्पदंश से अबोध बालक की मौत

**सतगावां।** मरचोई निवासी शंकर सिंह के पुत्र की समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण सर्पदंश से मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक शंकर सिंह के पांच माह के पुत्र रोहित कुमार को रात में सोते समय सांप ने डस लिया. परिजन बालक को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां कोई चिकित्सक नहीं मिला. ऐसे में इलाज के अभाव में अबोध बालक की मौत हो गयी. शुक्रवार की रात ड्यूटी रोस्टर के अनुसार डॉ. प्रियांशु कुमारी की ड्यूटी थी, लेकिन वो ड्यूटी से अनुपस्थित थी. मामले की जांच को लेकर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पूनम कुजूर शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची. उन्होंने मीडिया को बताया कि ड्यूटी रोस्टर के अनुसार चिकित्सक डॉ. प्रियांशु कुमारी अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित थी. उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से बात नहीं होने की बात कही.

भाजपा नेता ने कहा- बिना पार्टी बदले 30 वर्षों से कर रहे पार्टी का काम

# मौका मिलेगा तो लड़ेंगे चुनाव : अभिमन्यु

**संवाददाता। हजारीबाग**


प्रेस वार्ता करते भाजपा नेता अभिमन्यु प्रसाद व अन्य.

विधानसभा चुनाव को लेकर नेता अब धीरे-धीरे तैयारी में जुटने लगे हैं. शनिवार को भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद ने अपने आवास पर एक प्रेस वार्ता के आयोजन किया. उन्होंने कहा कि पिछले 30 वर्षों से बिना पार्टी बदले हुए भाजपा के लिए समर्पण के साथ काम कर रहे हैं. शहर से लेकर गांव तक पार्टी का प्रचार प्रसार कर रहे हैं. अब अगर भाजपा नेतृत्व मौका देंगे तो हम विधानसभा चुनाव लड़ेंगे. उन्होंने यह भी बताया कि लोकसभा चुनाव में पार्टी ने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया था, जिसका ईमानदारी से निर्वहन किया. 9 जून को प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भी दिल्ली अतिथि के रूप में बुलाया गया है. उन्होंने बताया कि अभी भाजपा कार्यालय झंडा चौक के पास है, लेकिन अब हजारीबाग जिले में पहली बार भाजपा का अपना कार्यालय खुलने जा रहा है, जहां भाजपा कार्यकर्ता बैठकर आम जनता के हित के लिए काम कर सकते हैं. उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा में लोग आते जाते रहते हैं. चुनावी माहौल में कई लोग आएंगे और कई लोग जाएंगे, लेकिन हम भाजपा के लिए वर्षों से कम कर रहे हैं और करते रहेंगे. क्षेत्र के विकास के लिए लगातार आवाज उठाते आ रहे हैं और उठाते रहेंगे. वहीं भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि हजारीबाग में हाथियों का आतंक देखा जा रहा है. वहीं चमेली झरने में हो रही दुर्घटनाओं को प्रशासन को संज्ञान लेने की जरूरत है. उन्होंने यह भी कहा कि जंगल में हाथी नहीं, बल्कि हम लोग हाथी के घर में जा रहे हैं. मौके पर भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद, बटेश्वर मेहता, मूलचंद साव, जितेंद्र जैन आदि उपस्थित थे.

**पहल**

चौपारण प्रखंड में पहली बार बिना किसी विवाद के संपन्न हुआ लोकसभा चुनाव

# पुलिस अधीक्षक ने चौपारण थाना प्रभारी को किया सम्मानित

**संवाददाता। चौपारण**


चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार को सम्मानित करते एसपी अरबिंद कुमार.

**खास बातें**
- एसपी ने थाना प्रभारी दीपक कुमार के कार्यों को सराहा
- कहा-इनके कुशल नेतृत्व ने भयमुक्त वातावरण बनाया
- दीपक कुमार एमसीसी लगने से ठीक पहले बने थे प्रभारी

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कई पुलिस अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक अरबिंद कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर शुक्रवार को सम्मानत किया. इनमें चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह शामिल रहे. प्रशस्ति पत्र में कहा कि इनके कुशल नेतृत्व, अथक प्रयास एवं कठिन मेहनत से लोकसभा चुनाव निष्पक्ष, भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सका. इनका कार्य काफी सराहनीय है. ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के ठीक 28 दिन पहले 18 फरवरी को चौपारण में 38वें थाना प्रभारी के तौर पर दीपक कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया था. जिले के सबसे बड़े प्रखंड और बिहार राज्य की सीमा से सटे होने के कारण लोकसभा चुनाव के ठीक पहले प्रशासनिक कमान किसी चुनौती से कम नहीं थी, लेकिन इन्होंने अपनी बेहतर कार्यशैली की बदौलत एसडीओ जोहान टूटू, डीएसपी सुरजीत कुमार व निर्वाचन पदाधिकारी सह सीओ संजय यादव के मार्गदर्शन में मिलकर चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

पहली बार बिना किसी हो हल्ला, बिना किसी विवाद के प्रखंड के सभी 170 बूथों पर मतदान संपन्न हुआ. मालूम हो कि इनके पदभार ग्रहण के चार माह से भी कम दिनों में ही इन्होंने 60 से अधिक गांजा, डोडा, अफीम, चरस, ब्राउन और पशु तस्करों को जेल भेज चुके हैं. वहीं चुनाव आचार संहिता लगने के बाद थाना क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक कार्रवाई में दो करोड़ के अधिक मूल्य के मादक पदार्थों को भी जब्त कर अपने नाम रिकॉर्ड दर्ज कर चुके हैं.

# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता। रामगढ़**

झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त, अनुमंडल कार्यालय, श्रम अधीक्षक, नियोजनालय पदाधिकारी को मजदूरों की समस्या को लेकर मांग पत्र सौंपा है. इसमें कहा गया कि आउटसोर्सिंग कंपनी आरए माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड सयाल डी कोलियरी बरका स्याल एरिया में 26 जनवरी से कार्य के बदले दोगुना मजदूरी की मांग मजदूर कर रहे थे. सीसीएल परियोजना पदाधिकारी कैंप पहुंचकर इन सभी को मजदूरी न देकर अभद्र व्यवहार व अमानवीय व्यवहार किया गया. इन व्यक्तियों को काम से निकाल दिया है, जिसमें हीरालाल महतो, विद्युत करमाली, वीरेंद्र महतो, वसंत चौहान, रितेश कुमार सिंह, द्वारिका महतो, मंजर अंसारी, रवि विश्वकर्मा, इरफान अंसारी इत्यादि मजदूर शामिल हैं. सभी मजदूर बरका सयाल में कार्यरत हैं लेकिन ट्रांसफर के नाम पर इन सभी को काम से बैठा दिया गया है. प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि महतो, राजेंद्र बेदिया, केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा पनेश्वर महतो, जिला कोर कमेटी सदस्य गिरी शंकर महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, सक्रिय सदस्य संजीव साहू, प्रभु दयाल महतो, द्वारिका महतो, विद्युत करमाली, बसंत चौहान रितेश सिंह, हीरालाल महतो आदि उपस्थित थे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** – शाम से मानसिक तनाव बढ़ सकता है. किसी से विवाद हो सकता है. बेकार की बहस से बचें. माता सुख मैं कमी करेगा. कार्यस्थल पर जो लोग आपको पसंद नहीं करते थे, वे आपके कार्यों की तारीफ करेंगे. मंदिर में जल का दान करें.

**वृषभ** – समय उत्तम है. भाई का सहयोग प्राप्त होगा. साथ ही पराक्रम में वृद्धि होगा. मानसिक उलझन होगा. आपके अपनों को आपकी जरूरत है. अपनो के साथ मौज मस्ती पर खर्च होगा. पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे.

**मिथुन** – दिन उत्तम है. किया गया कार्य लाभ देगा. मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है. उन्नति में बाधा आयेगी. कोई खुशखबरी सुन सकते हैं. की गयी छोटी यात्रा सुखद रहेगी. विष्णु भगवान का ध्यान पूजन करें.

**कर्क** – कोई बड़ा लाभ हो सकता है. किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है. संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा. किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे. अपनों का ध्यान रखें. संतान सुख की प्राप्ति संभव. शिवलिंग पर अभिषेक करें.

**सिंह** – खर्च अधिक होगा. किसी धार्मिक यात्रा का योग है. दिन की शुरुआत खर्च के साथ होगी. किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी. अपने अधीनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा. विष्णु भगवान का ध्यान पूजन करें.

**कन्या** – समय बहुत ही उत्तम है. आय भाव में चन्द्र है. कुछ नया सीखने को मिलेगा. जिंदगी से जुडी निजी बातें आज सामने आ सकती हैं. नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी. कोई बड़ा कार्य होने से मनखुश होगा. अन्न दान करें.

**तुला** – पिता के कार्य से लाभ होगा. आप कर्म प्रधान है. प्रतियोगिता में सफल होंगे. जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है. अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे. लक्ष्मी मंदिर में अन्न का दान करें.

**वृश्चिक** – ससुराल से कोई शुभ समाचार मिलेगा. भाग्य साथ है. पर स्वयं अपने आपपर से नियंत्रण खो देंगे. आपके किसी गलत व्यवहार से मित्रों से मतभेद हो सकता है. कार्य स्थल पर धन लाभ के योग हैं. इष्ट बल मजबूत करें.

**धनु** – समय थोड़ा उलझन वाला होगा. अपने प्रोफेशन से आप नाखुश हैं, समय के साथ स्थिति आपके अनुकूल बनेगी. जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा. कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है. गौ सेवा से लाभ होगा.

**मकर** – जरूरत मंद लोगों की मदद करें. मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी. राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. यदि बहुत जरूरी हो तो यात्रा करें. पैसों का लेन देन संभव. खान पान पर ध्यान दें. स्वास्थ्य बिगड़ सकता है.

**कुंभ** – घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे. विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे. मेहमानों का आगमान हो सकता है. जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे. धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें. शनि की वस्तु का दान करें.

**मीन** – संतान के कर्म से लाभ होगा. धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. लोगों से प्रोत्साहन मिलेगा. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा. बुरी संगत छोड़ दें, अन्यथा नुकसान होगा. पीला वस्तु का दान करें.

## बढ़े बकाये वेतन-पेंशन भुगतान के मामले पर जताई चिंता

**रांची।** रांची जीपीओ में ऑल इंडिया पोस्टल/आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक केडी रॉय व्यथित की अध्यक्षता में शनिवार को संपन्न हुई. स्वप्न कुमार रॉय, पूर्व मुख्य लेखा अधिकारी के निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई. राज्य सचिव ने मई माह में हुई गतिविधियों व पेंशनर्स के मेडिकल बिल की मंजूरी की प्रगति आदि की चर्चा करते हुए कहा कि 6 जून को सीजीएचएस के खिलाफ अतिरिक्त निदेशक रांची एवं निदेशक दिल्ली को धरना का नोटिस देने के बाद 18 मई को एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के संग बैठक आहुत की गई. बैठक में अतिरिक्त निदेशक सीजीएचएस ने लिखित आश्वासन दिया कि एक माह के अंदर बिल क्लियर कर दिया जायेगा. फिर अतिरिक्त निदेशक के आदेश पर 31 मई को बिल की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की गई. बैठक में अतिरिक्त निदेशक ने 23 सौ बिल की मंजूरी दिये जाने की बात कही.

### पेज एक का शेष

## सोनिया गांधी सीपीपी चेयर पर्सन...

इसमें इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों को भी धन्यवाद दिया गया. कार्य समिति ने राहुल गांधी से नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालने का आग्रह करते हुए भी एक प्रस्ताव पारित किया. वेणुगोपाल ने संवाददताओं से कहा कि कार्य समिति ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर आग्रह किया कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभालें. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कार्य समिति के सदस्यों के विचार सुने और कहा कि वह इस बारे में जल्द फैसला करेंगे. वेणुगोपाल ने कहा, चुनाव के दौरान हमने बेरोजगारी, महंगाई, महिलाओं के मुद्दे और सामाजिक न्याय जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए. इन मुद्दों को अब संसद के अंदर अधिक प्रभावी ढंग से उठाने की आवश्यकता है. संसद में इस अभियान का नेतृत्व करने के लिए राहुल जी सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति हैं. कार्य समिति की बैठक में उन राज्यों के परिणाम को लेकर भी चर्चा की गई जहां पार्टी का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, जिन राज्यों में हमारा प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है, उनकी समीक्षा के लिए समिति का गठन किया जाएगा. समिति अपनी रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष को सौंपेगी.

### छात्रों ने एनटीए के खिलाफ सड़क पर उतर कर जमकर लगाए नारे

# नीट रिजल्ट पर कोचिंग संस्थानों ने एक सुर में कहा- री एग्जाम हो

शुभम किशोर। रांची

नीट परीक्षा के रिजल्ट को लेकर पूरे देश में हंगामा मचा है. इसी क्रम में रांची में सभी कोचिंग संस्थान एक मंच पर आकर री एग्जाम कराने की मांग कर रहे हैं. इस दौरान नीट के छात्रों ने सड़क पर उतरकर एनटीए का विरोध किया. शनिवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में बायोम इंस्टीट्यूट, न्यूटन ट्यूटोरियल, ब्रदर्स एकेडमी, द पाठशाला और ब्लैकबोर्ड संस्थान के प्रतिनिधि मौजूद थे.

बायोम के डायरेक्टर पंकज सिंह ने कहा कि नीट के रिजल्ट में बहुत सी खामियां हैं. जितने भी एग्जाम हुए हैं, उसे इतने सारे स्टूडेंट पूरा नंबर नही ला सके हैं. लेकिन इस बार 67 स्टूडेंट को पूरे मार्क्स दिए हैं. पंकज सिंह ने कहा कि एनटीए ने ग्रेस मार्क्स से टॉपर नही बना सकते हैं. इस कारण दूसरे बच्चों को अच्छे कॉलेज नही मिल रहे हैं. इसके साथ एक सेंटर से 6 बच्चे फुल मार्क्स ला रहे है. ये संदेह के घेरे में आ रहा है. इसके अलावा बच्चों का मार्क्स इतना ज्यादा आ गया कि उनको कॉलेज ही नहीं मिल रहा, तो बच्चे मार्क्स लेकर करेंगे क्या. हमारी मांग है कि कोशिश करें कि एग्जाम रिकंडक्ट हो और ग्रेस मार्क्स नहीं दिया जाए. हजारों मेहनती बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाए. करियर काउंसलर विकास कुमार ने कहा कि एनटीए ने जो परीक्षा ली है, उसमे धांधली हुई है. इसमें पेपर लीक, एग्जाम सेंटर पर सेटिंग और ग्रेस मार्क्स से नंबर को बढ़ाया गया है. इस कारण हमारी मांग पूरा नीट एग्जाम दोबारा लेने को लेकर है. उन्होंने रिजल्ट जल्दी जारी किए जाने पर भी सवाल उठाए है. न्यूटन ट्यूटोरियल के इमरान अली ने कहा कि हमारी मांग यही है कि एनटीए ने ग्रेस मार्क्स के चलते जिन्होंने सिंपल सिचुएशन में एग्जाम लिखा, जिनके मार्क्स कट ऑफ के पार थे, उनके साथ जो अन्याय हो रहा है. उसके लिए एनटीए क्या करेगी. इसके साथ सभी संस्थानों ने एक सुर में कहा कि इस परीक्षा में गड़बड़ी हुई है. अभी के रिज़ल्ट को देखकर यह कहा जा सकता है कि 720 नंबर किसी बच्चे को नहीं मिल सकता है. इस बार 640 नंबर पाने वाले लोगो को भी कॉलेज नहीं मिल रहा है. ग्रेस मार्क सिस्टम का नियम हटाने की जरूरत है. अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह एक नियम बन जाएगा. अगर ऐसा हुआ तो बच्चों का मनोबल कमजोर होगा, जो बच्चों के भविष्य के लिए ठीक नहीं है. एनटीए को चाहिए कि जहां पर भी पेपर लीक होने की बातें सामने आयी है वहां पर पुनः परीक्षा कराने की जरूरत है.

01




02



(1) रिजल्ट को लेकर प्रदर्शन करते विद्यार्थी (2) प्रेस वार्ता को संबोधित करते सभी इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधि.

### संस्थानों ने उठाए सवाल

- जहां 4 टॉपर अधिकतम होते थे, वहां 67 बच्चों का टॉप करना एक धांधली
- कुछ को 718, 719 नंबर मिले, जो मिलना असंभव है.
- नीट परीक्षा के एक सेंटर से एक ही रोल नंबर की सीरिज में 6 बच्चे रैंक वन कैसे ?
- सिस्टम में खामी से 650 से ज्यादा नंबर लाने वाले 3 गुणा बढे.
- ग्रेस मार्क्स वाले बच्चे कैसे बने टॉपर ?
- बहुत सारे परीक्षा सेंटर पर पेपर लीक की खबरें आयीं, तो एनटीए ने बिना एक्शन लिए कैसे रिजल्ट जारी किया.

### आलमगीर को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की नहीं जुटा पा रहे हिम्मत

# चंपाई जैसा रीढ़विहीन मुख्यमंत्री आज तक नहीं देखा: बाबूलाल

**खास बातें**

- बोले–सीएम ने विभाग वापस लिए, मंत्री पद से नहीं हटाया
- सीएम नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता लाएं

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम चंपाई सोरेन पर निशाना साधा है. सोशल मीडिया एक्स में लिखा है कि झारखंड ने चंपाई सोरेन जैसा रीढ़विहीन मुख्यमंत्री आज तक नहीं देखा. आलमगीर आलम के भ्रष्टाचार उजागर होने के बावजूद चंपाई सोरेन उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे. सूचना के मुताबिक कठपुतली मुख्यमंत्री ने आलमगीर आलम के दायित्व वाले विभाग वापस लिए हैं, लेकिन मंत्री पद से नहीं हटाया है.

**पिछला चार साल युवाओं के लिए रहा भारी** : बीते 4 साल झारखंड की जनता विशेषकर युवाओं के लिए भारी रहे हैं. झारखंड के युवा नौकरी की आस में टकटकी लगाए बैठे रहे लेकिन हेमंत सोरेन ने स्थानीय युवाओं को नियोजन नीति, 60:40, बाहरी-भीतरी और पेपर लीक जैसे मुद्दों में उलझा कर नौकरियों की सौदेबाजी करने का प्रयास किया. हेमंत के जेल जाने के बाद जनता को आस थी कि चंपाई सोरेन नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता लाएंगे, भ्रष्टाचार को रोकेंगे, अपराधियों पर लगाम कसेंगे लेकिन हुआ इसके ठीक विपरीत. अब जनता तय करे कि ऐसा मुख्यमंत्री किस काम का. जो ना तो भ्रष्टाचारियों पर कारवाई करने की हिम्मत रखता हो, ना पेपर लीक माफियाओं को सबक सिखाने की हिम्मत रखता हो, ना ही युवाओं को रोजगार देने की इच्छाशक्ति हो.

## आज भाजपा मनाएगी सभी मंडलों में उत्सव

प्रमुख संवाददाता। रांची

नौ जून को भाजपा सभी मंडलों में उत्सव मनाएगी. पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष, जिलों के अध्यक्ष, प्रभारी, लोकसभा, विधानसभा क्षेत्र के संयोजक, प्रभारी सहित हजारों कार्यकर्ता नौ जून को तीसरी बार मोदी सरकार के भव्य शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बनेंगे. प्रदेश भाजपा ने झारखंड के सभी सांगठनिक मंडलों में शपथ ग्रहण के अवसर पर उत्सव मनाने का निर्णय लिया है. इस संबंध में प्रदेश मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने सभी मंडलों में आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए हैं. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की जनता ने एनडीए के पक्ष में जनादेश दिया है. कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया था जो साकार हो रहा है. प्रदेश से भी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भ्रष्ट, निकम्मी और तुष्टिकरण में आकंठ में डूबी ठगबंधन सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा. जनता विधानसभा चुनाव का बेसब्री से इंतज़ार कर रही है.

### आखिर युवा किस हद तक संघर्ष करें



बाबूलाल ने आगे लिखा है कि नगर विकास विभाग में नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत से परीक्षा उत्तीर्ण की. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने मार्च में नियुक्ति पत्र देते समय अपने पोस्टर थमा कर खूब वाहवाही भी बटोरी. अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिले 3 महीने से ज्यादा बीत चुके हैं लेकिन उन्हें अब तक पदस्थापना नहीं मिली है. एक तो नियुक्ति का विज्ञापन नहीं आता, अगर विज्ञापन आया तो परीक्षा नहीं. परीक्षा हुई तो नियुक्ति नहीं नियुक्ति हुई तो पदस्थापना नहीं... आखिर युवा किस हद तक संघर्ष करे?

## जेईई एडवांस का रिजल्ट आज सुबह 10 बजे, एक्टिव होगा लिंक



फाइल फोटो.

मुख्य संवाददाता | जमशेदपुर

देश के विभिन्न भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में दाखिले के लिए वर्ष आयोजित जेईई एडवांस्ड परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों का इंतजार अब खत्म होनेवाला है. इस बार इस परीक्षा का आयोजन आईआईटी मद्रास की ओर से किया गया था, जो रविवार (9 जून) को रिजल्ट की घोषणा करेगा. इस परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी जेईई एडवांस्ड की आधिकारिक वेबसाइट jeeadv.ac.in के माध्यम से अपना रिजल्ट देख व डाउनलोड कर सकेंगे. शेड्यूल के अनुसार जेईई एडवांस्ड के रिजल्ट का लिंक रविवार की सुबह 10 बजे एक्टिव होगा. रिजल्ट देखने के लिए विद्यार्थियों को अपने लॉगिन क्रेडेंशियल यानी आवेदन संख्या और जन्मतिथि का उपयोग करना होगा. जेईई एडवांस्ड परीक्षा का आयोजन पिछले 26 मई को दो पालियों में किया गया था. इसके लिए शहर में दो परीक्षा केंद्र बनाये गये थे. इस परीक्षा में शहर व आसपास के क्षेत्रों से करीब 700 परीक्षार्थी शामिल हुए थे.

## सिमडेगा में तीन सब इंस्पेक्टर रैंक के अफसरों का तबादला

**रांची** ।झारखंड समेत देशभर में लगभग तीन महीने के बाद आचार संहिता छह जून को खत्म हो गयी. इसके बाद झारखंड पुलिस में ट्रांसफर-पोस्टिंग की प्रकिया शुरू हो गयी है. विधि व्यवस्था को देखते हुए जिलों के एसपी द्वारा थानेदारों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की जा रही है. सबसे पहल शुक्रवार को पाकुड़ जिले में दो इंस्पेक्टर समेत 16 पुलिस पदाधिकारियों के तबादला किया गया. शनिवार को भी सिमडेगा जिले में तीन सब इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया. आने वाले दिनों में कई जिलों में बड़े पैमाने पर पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया जायेगा.

### कड़िया मुंड़ा ने नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र, कहा-

## खूंटी सहित चार जनजातीय सीटों से भाजपा के पराजय से आहत हूं

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा के पूर्व सांसद कड़िया मुंडा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है. पत्र में कहा है कि उम्र के इस पड़ाव पर झारखंड के संगठन की वास्तविक स्थिति और भगवान बिरसा के जन्मभूमि और अन्य चार जनजातीय सीटों पर भाजपा के पराजय से आहत हूं.

**क्या लिखा है पत्र में**

कड़िया मुंडा ने पत्र में कहा है कि आप एनडीए के नेता मनोनीत हुए हैं, इसकी भी बहुत-बहुत शुभकामना, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्षों श्रद्धेय अटल जी, अडवाणी जी, श्री मुरली मनोहर जोशी जी से लेकर आज तक 60 दशक हमने विजय पराजय के साथ तत्कालीन जनसंघ से आज तक के भारतीय जनता पार्टी के 14 माननीय अध्यक्षों के साथ कार्य का अनुभव आपके साथ साझा कर रहा हूं. इसके लिए अनहद शब्द उपयुक्त है. आपके अद्भत्, दैविक नेतृत्व ने आपने भारत को शीर्ष पर स्थापित किया है, और इस कारण आप यह विश्व की विशाल पार्टी संगठन के रूप में स्थापित हुआ है, आपके नेतृत्व में और सफलीभूत होगा और यह होना भी चाहिए, आज परिणाम प्रतिकूल आये हैं, इस परिस्थिति में भी आपकी स्थिरप्रज्ञता को देख अंचभित हूं, आपके चार जून और पांच जून के संबोधन को अक्षरशः सुनकर मैं गर्व से, अंतर से आपको साधु साधु-साधु. कहने को विवश हूं.

**पांच सीटों पर भाजपा के पराजय से आहत हूं** : आप यशस्वी हों, यह मेरी शुभकामना है. साथ ही उम्र के इस पड़ाव पर झारखंड के संगठन की वास्तविक स्थिति और भगवान बिरसा की जन्मभूमि और अन्य चार जनजातीय सीटों पर भाजपा के पराजय से आहत हूं. आशा है माननीय अध्यक्ष को आप मेरी इस चिंता से जरूर अवगत करायेंगे.

### कंटेनर में लगायी गयी थी आग : रंगदारी नहीं देने पर घटना को दिया गया था अंजाम

## आगजनी करने वाले पांच अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

रांची के मैक्लुस्कीगंज में एसआइपीएल की साइट पर हमला कर कंटेनर में आगजनी करने वाला पांच अपराधी गिरफ्तार हुआ है. जिनमें रवि मुंडा, महेश उरांव, रूपेश पाहन, दिनेश उरांव और अनीश केरकेट्टा शामिल है. इनके पास से पुलिस ने एक पिस्टल, एक देसी कट्टा, छह राउंड गोली समेत अन्य सामान बरामद हुआ है. एसएसपी चंदन सिन्हा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी. गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि ठेकेदार से दो लाख की रंगदारी की मांग की गई थी. जिसके बाद ठेकेदार द्वारा बीस हजार रंगदारी देने का बाद तय हुआ था. ठेकेदार के द्वारा वह भी पैसा हम लोगों को नहीं दिया गया. जिससे गुस्सा होकर आगजनी की घटना को अंजाम दिया इस घटना में कई अन्य अपराधी शामिल है जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है.



संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते एसएसपी व अन्य अधिकारी.

### ऑनलाइन जुआ खेलाने वाले गिरोह के 8 गिरफ्तार

ऑनलाइन जुआ खेलाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है. एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए मास्टरमाइंड समेत आठ लोगों गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार हुए लोगों में मास्टरमाइंड दीपक टंडन के अलावे शुभम कुमार, विनय कुमार, निरज कुमार रजवार, विकाश कुमार, सागर कुमार और आदित्य कुमार शामिल है. एक अवैध पिस्टल, और 13 भिन्न-भिन्न व्यक्तियों का एटीएम कार्ड बरामद हुआ. एसएसपी ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी.

### क्या है मामला

मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के दुल्ली स्थित करम कोचा में बीएसएनएल के लिए ऑप्टिकल फाइबर बिछानेवाली कंपनी एसआइपीएल की साइट पर 28 मई देर रात हथियारबंद अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की और एक कंटेनर में आग लगा दी थी. इस दौरान डर से कंटेनर में छुपा मजदूर जिंदा जल गया. उसकी पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के मदनपुर स्थित छल्लीदोहर गांव निवासी संजय भुइयां (25) के रूप में हुई थी. आगजनी में कंटेनर के अंदर रखी एचडीडी मशीन, डीजी ट्रैकर सहित करोड़ों के अन्य सामान जल गये थे. घटना के बाद अपराधी वहां से नारेबाजी करते हुए निकल गये.

**जगन्नाथपुर विस** गीता कोड़ा को अपने ही क्षेत्र में जनता ने नकारा, विस क्षेत्र में बढ़ी चुनौती

# कोड़ा दंपती के गढ़ में जोबा को मिले 20977 ज्यादा वोट

**खास बातें**

- गीता कोड़ा की सबसे बड़ी हार दल बदलने के कारण हुई
- खराब जलमीनार की मरम्मत भी गीता कोड़ा ने नहीं करायी

संवाददाता | चाईबासा



सिंहभूम लोकसभा में भाजपा की प्रत्याशी गीता कोड़ा को इस बार अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी झामुमो की प्रत्याशी जोबा माझी से भारी मतों से हार का सामना करना पड़ा है. सिंहभूम में भाजपा की हार की चर्चा अब तक कम नहीं हुई है. सबसे अधिक चिंता कोड़ा दंपती को अपने क्षेत्र में हार मिलने से है.

बताया जाता है कि जगन्नाथपुर विधानसभा कोड़ा दंपती का गढ़ माना जाता है. लेकिन इस बार अपने गढ़ में भी अस्तित्व नहीं बचा पायी. जगन्नाथपुर विधानसभा में गीता कोड़ा ने 49105 मत ही प्राप्त किए. जबकि जोबा माझी 70082 मत प्राप्त की है. लगभग 21 हजार मतों के अंतर से गीता कोड़ा पीछे रहीं. अब गीता कोड़ा को विधानसभा में भी चुनौती का सामना करना पड़ेगा. जगन्नाथपुर की जनता ने कोड़ा दंपती को पूरी तरह से नकार दिया है.

बताया जाता है कि गीता कोड़ा की सबसे बड़ी हार दल बदलने के कारण हुई है. इसके साथ ही जगन्नाथपुर का विकास नहीं होना. जगन्नाथपुर के मुख्य मार्ग को छोड़ कर ग्रामीण क्षेत्र में कनेक्ट होने वाली सड़क जर्जर है.

वर्षों से वहां की सड़कें नहीं बनी हैं. इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी योजनाओं से लोग लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं. पेयजल की समस्या सबसे अधिक है. गांव में कई जगह पर जलमीनार खराब है. इसकी मरम्मत सांसद रहते गीता कोड़ा ने नहीं करायी. इसके अलावा जन समस्याओं पर गंभीर नहीं होना महंगा पड़ा है.

### जब-जब चाईबासा नरेंद्र मोदी पहुंचे,तब-तब भाजपा हारी


सिंहभूम लोकसभा सीट के लिए जब-जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाईबासा वोट मांगने के लिए पहुंचे हैं तब-तब भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है. 2019 से लेकर अब तक दो बार चुनाव प्रचार करने के लिये नरेंद्र मोदी चाईबासा पहुंचे. दोनों बार भाजपा को हार ही मिली है. 2019 व 2024 में इंडिया गठबंधन को ही सीट मिली है.

# 90% मुंडारी भाषा बोलने वाले प्रखंड को किया दरकिनार : सबरन मुंडा

संवाददाता। रांची

मुंडारी भाषा उलगुलान मंच के सैकड़ों लोगो ने बुंडु शिक्षा विभाग को शनिवार को ज्ञापन सौंपा. लोगों ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयो में मुंडारी भाषा सर्वेक्षण त्रुटिपूर्ण है. सामाजिक कार्यकर्ता सबरन सिंह मुंडा ने कहा कि बुंडू प्रखंड में दर्जनों प्राथमिक विद्यालय है. नई शिक्षा नीति राज्य में लागू की गई है. बुंडू प्रखंड में मुंडारी भाषा बोलने वाली 90 प्रतिशत लोग है. मुंडारी के अलावा और कोई भाषा नहीं बोली जाती है. इसके बाद भी बुंडू प्रखंड को अन्य भाषा से जोड़ दिया गया. जनजातीय भाषा को जानबूझकर दरकिनार किया गया है. प्राथमिक शिक्षा जनजातीय भाषा से बच्चों को पढ़ाना है, लेकिन शिक्षा विभाग का सर्वे रिपोर्ट पर घोर त्रुटि है. मुंडारी भाषा के स्थान पर अन्य भाषा को जोड़ना समझ से परे है.

सामाजिक कार्यकर्ता लखींद्र मुंडा ने कहा कि बुंडू प्रखंड में मुंडारी भाषा को षड्यंत्र से हटाया जा रहा है. प्रखंड में बच्चा-बच्चा मुंडारी भाषा बोलते हैं. पूरे क्षेत्र में धार्मिक सांस्कृतिक मुंडारी भाषा से शुरू होती है.



शिक्षा विभाग को ज्ञापन सौंपते मुंडारी भाषा उलगुलान मंच के सदस्य.

# गर्म आग का गोला बरसे, जीव-जंतु पानी को तरसे



कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**जीवन** में एकरसता न रहे, इसके लिए सृजनहार ने छः ऋतुओं की रचना की. कभी सावन की फुहार से तन-मन प्रफुल्लित हुआ तो कभी घहराती घटाओं की घनघोर वर्षा से संताप मिटा. धरती शस्य श्यामला बनी. कभी हल्की ठंड से तन-बदन को गुदगुदाने वाली शरद ऋतु आयी तो कभी हाड़ को कंपा देनेवाली शिशिर. जीर्ण-शीर्ण पत्तों की विदायी कर नवीन रचना को आमंत्रित करनेवाला हेमंत आया तो फिर नवपल्लवों और पुष्पों से वृक्षों और लताओं को सुसज्जित करनेवाला बसंत. मधुर शीतल बयार, अमराइयों में कोकिल की कूक, वन-उपवन में भंवरे की गुनगुन. महुए के फूल से बरसती मादकता. अर्थात् आनंद ही आनंद. बसंत को ऐसे ही ऋतुराज नहीं कहा जाता. फिर दबे पांव आ धमकती है गर्मी. आकाश में भगवान सूर्य जगवासियों की परीक्षा लेने लगते हैं- देखते हैं तुममें सहनशक्ति कितनी है. धैर्य कितना है. बरसने लगते हैं आग के गोले. पानी पाताल में जा बसता है और जीव-जंतु बूंद-बूंद के लिए तरस उठते है. भले ही अब ग्रीष्म ऋतु की विदायी का समय आ गया है, लेकिन किसी के विदा हो जाने से ही उसकी महिमा घट तो नहीं जाती. गर्मी के मौसम में एक सामान्य मनुष्य क्या सोचता है, क्या समझता है, इसे महसूस कराने के लिए प्रयास में रांची की कवयित्री **रंजना वर्मा उन्मुक्त** ने एक कविता की रचना कर दी. इनकी कविता का शीर्षक है गर्मी.




गर्म आग का गोला बरसे. जीव- जंतु पानी को तरसे..
गर्मी का मौसम है आया. गर्म हवा ने खूब सताया..
सूर्य सुबह से आंख दिखाये. और दोपहर तन झुलसाये ..
शहर कंक्रीट मिले न छाया. गर्म हवा ने खूब सताया...
कहर गर्म होकर बरपाये. कूलर एसी रोक न पाए..
ठंडा शरबत जी को भाया. गर्म हवा ने खूब सताया...
मची दौड़ आगे बढ़ने की. हालत ऐसी अब डरने की..
देख आधुनिकता की माया. गर्म हवा ने खूब सताया...
कटे पेड़- पौधे हैं सारे. दिखे नहीं पर्वत की कतारें..
कर्म मनुज का आगे आया. गर्म हवा ने खूब सताया...

गर्मी के मौसम में अक्सर लोग कहते हुए पाये जाते हैं- बाप रे, कितनी गर्मी है. उनकी बातों से ऐसा लगता है कि गर्मी केवल इसी साल पड़ रही है. आज से पहले कभी गर्मी का मौसम आया ही नहीं. आपको इस मौसम से चाहे जितनी भी शिकायतें हों, लेकिन सच है इस मौसम की शोभा गर्मी ही है. जून या ज्येष्ठ को गर्मी का अंतिम महीना माना जाता है. उसमें भी कहावत है कि यदि तप गया तो ज्येष्ठ और नहीं तपा तो आषाढ़. इसी जून में घहराते बादलों को अपनी झोली में भर कर मानसून का आगमन होता है. इसी जून में पतितपावनी गंगा का अवतरण हुआ, जिसकी महिमा का स्मरण कराने के लिए आ रहा है महत्वपूर्ण पर्व गंगा दशहरा. आगामी 16 जून को आनेवाले इस पर्व के स्वागत में खड़ी रांची की कवयित्री **पुष्पा पाण्डेय** ने सरसी छंद के सूत्र में शब्दों के सुमन कुछ इस प्रकार पिरोये हैं कि चित्त आह्लादित हो जाता है-



रूप धरे वामन का हरि जी, गये भूप दरबार.
असुर राज से मांग लिए तब, त्रिपद भूमि आधार.
ब्रह्म लोक में गया चरण तब, ब्रह्मा लिए पखार
रही कमंडल गंगा मइया, हुआ आज उद्धार..
हुए सफल अब भगीरथी जी, विष्णुपदी तैयार.
किन्तु कौन रोके प्रवाह को, धरती सहे न भार.
कृपा हुई अब महादेव की, लिए जटा में रोक.
खुशी मिली सागर वंशज को, दूर हुआ सब शोक.
जेठ शुक्ल की तिथि दशमी थी, पड़ा दशहरा नाम.
चली हिमालय से माँ गंगा, बनी नदी शुभ धाम.
भगीरथी थे आगे-आगे, पीछे गंगा मात,
चली उछलती देवनदी अब, भू को दी सौगात..
चरण रेणु हरि का ले आई, विष्णुपदी है नाम.
धरती का कण- कण पावन हो, किया भक्त यह काम.
चली सींचती प्यासे को वह, जीव धरा अब तृप्त.
कहे सभी गंगा कल्याणी, हुआ पाप सब लुप्त..
अति पावन गंगा का जल है, मोक्ष दिलाता नीर.
संतों की यह तपोभूमि है, गंगा जी का तीर..
यह प्रमाण है सत्य वचन का, लेते हैं जब हाथ.
बहुत कृपा विधि हुई आपकी, गंगा का है साथ.

पुष्पा जी छंदबद्ध कविताओं की रचना में सिद्धहस्त हैं. सबसे बड़ी बात कि इनकी रचना के आशय को समझने के लिए दिमाग पर जोर नहीं डालना पड़ता. इनके शब्द आंखों के रास्ते से होकर सहज भाव से दिल में उतर जाने की क्षमता रखते हैं. इसी जून महीने में 16 जून को ही एक और महत्वपूर्ण दिवस आनेवाला है, जिसे हम फादर्स डे के नाम से जानते हैं. हमारे जीवन में पिता का स्थान भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, इस बात का एहसास कराता है फादर्स डे. अपनी कविता के माध्यम से इसी बात का एहसास करा रही है रांची की कवयित्री **लोकृती गुप्ता 'अनोखी'**, जो अपने पापा को हीरो मानती हैं और कहती हैं-



मेरे पापा मेरे हीरो, खुशियों वाली दुकान तुमसे है पापा
यह जमीन यह आसमान तुमसे है पापा
मेरा पूरा जहान तुमसे है पापा मेरी पहचान भी तो तुमसे ही है पापा
मां कोमल है तो तुम सख्त हो पापा
मां नींव जो मेरी तो तुम मजबूत छत हो पापा
तुम बिन सब अधूरा है पापा
सभी ज़रूरतें भी तो पूरी तुमसे ही हैं पापा
तुम हो तो पूरा बाजार अपना है पापा
तुम बिन सब झूठा सपना है पापा
आज से १० साल पहले की बात है मैंने हाई हील सैंडल खरीदी थी
मेरे मामा जी की शादी थी सब हंस रहे थे मुझ पर, मारे जलन के
फब्तियां कस रहे थे मुझ पर आपको देख सब चुप हो जाते थे पापा
हाय! हाय! इसे तो बाप ने ही बिगाड़ा है
पीठ पीछे ऐसा बुदबुदाते थे पापा
ऐसे कई किस्से हैं जिंदगी के न जाने ऐसे कितने हिस्से हैं
समाज के ऐसे कई सवालों का जवाब हो तुम पापा
सच पापा, लाजवाब हो तुम पापा बचपन से आज तक जिंदगी में
कितने उतार चढ़ाव आए, कई बार जब छूटी
और बहुत सी चीज तो कह पाना भी मुश्किल
और याद आना भी मुश्किल
हर बार मां कहती थी कि तेरा बाप अभी जिंदा है
आज मैं कहती हूं कि जाओ कह दो कोई
सारी मुसीबतों से, चुनौतियों से कि मेरा आप अभी जिंदा है
मेरे आस-पास भी फटके नहीं कि
चिंता करने के लिए मेरा आप अभी जिंदा है
सारी मुसीबतों की वो चिता बना डालेगा
कि मेरा आप अभी जिंदा है.

जब पिता की चर्चा होती है तो मां को कोई कैसे भूल सकता है. वैसे तो मदर्स डे 12 मई को आ कर चला गया है, लेकिन मां की याद किसी दिवस की मोहताज नहीं हो सकती. तभी तो रांची की कवयित्री **'मीनू' मीना सिन्हा** मां के प्रति अपनी संवेदना इस प्रकार व्यक्त कर रही हैं.-



मां ने किया था हर पल काम कभी न
था उसको आराम
न थी रातें भी उसकी दिन तो उसका था हराम
सबसे पहले जगने वाली सबके बाद सोने वाली
सबका सारा सहने वाली मुंह से कुछ न कहनेवाली
होठों पर रहती मुस्कान दिल के अंदर मचा तूफान
सब की खुशियां रहे संजोए अपनी कहां थी उसकी जान
बीत गया समय भी वह जाने कहां गई सब सह
आज मां का है अधिकार बोल रही है वह लगातार
खुशियां अपनी खूब संजोतीहर पल वह रोती न धोती

मीनू जी झारखंड की वरिष्ठ कवयित्रियों में से एक हैं. छंदों की रचना इनकी सबसे बड़ी हॉबी है, सबसे बड़ा शौक है. खूब लिखती हैं, खूब पढ़ती हैं. अपनी रचनाओं के चलते सम्मानित होती रहती हैं. इनके लेखन की ऊर्जा इसी प्रकार बनी रहे, इसी कामना के साथ आज्ञा चाहता हूं. जय हिंद! जय झारखंड!!



## आराम करो, आराम करो

एक मित्र मिले, बोले, "लाला, तुम किस चक्की का खाते हो?
इस डेढ़ छटांक के राशन में भी तोंद बढ़ाए जाते हो.
क्या रक्खा माँस बढ़ाने में, मनहूस, अक्ल से काम करो.
संक्रान्ति-काल की बेला है, मर मिटो, जगत में नाम करो.₹
हम बोले, ₹रहने दो लेक्चर, पुरुषों को मत बदनाम करो.
इस दौड़-धूप में क्या रक्खा, आराम करो, आराम करो.

आराम ज़िन्दगी की कुंजी, इससे न तपेदिक होती है.
आराम सुधा की एक बूंद, तन का दुबलापन खोती है.
आराम शब्द में 'राम' छिपा जो भव-बंधन को खोता है.
आराम शब्द का ज्ञाता तो, विरला ही योगी होता है.
इसलिए तुम्हें समझाता हूँ, मेरे अनुभव से काम करो.
ये जीवन, यौवन क्षणभंगुर, आराम करो, आराम करो.

**- गोपाल प्रसाद व्यास**

# मेडिकल प्रवेश परीक्षा का आर्थिक प्रबंधन





चौराहा

प्रमोद कुमार झा

**आज** कल सारे अखबारों के लगभग एक तिहाई पन्ने उन संस्थाओं के विज्ञापन से भरे पड़े होते हैं, जिनमें उन छात्र- छात्राओं की तस्वीरें होती हैं, जिन्होंने उनके संस्थान में प्राइवेट कोचिंग के बाद मेडिकल प्रवेश परीक्षा में बहुत अच्छे अंक प्राप्त किये और उन्हें प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिलना निश्चित है. इस बार के मेडिकल प्रवेश परीक्षा का परिणाम ऐतिहासिक है. अखबारों और चैनलों के सूचना के अनुसार कुल सड़सठ छात्र-छात्राओं ने 720 में पूरे 720 अंक प्राप्त किए. बहुत सारे विद्यार्थियों को 717,715,713 जैसे अंक भी आये हैं. शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए यह अंक संख्या उलझन बना हुआ है. शोचनीय है कि अगर किसी छात्र का एक सवाल गलत होता है तो उसे चार अंक कम मिलेंगे और अगर उत्तर गलत हो गए तो एक अंक और कम हो गए-नेगेटिव मार्किंग! तो फिर 715 के बाद 717,718 वाली संख्या कुछ विचित्र उलझन भरी है. प्राप्त सूचना के अनुसार किसी कोचिंग संस्थान के पांच-छह छात्रों को 720 अंक प्राप्त हुए. इसी तरह किसी एक संस्थान के लगातार रोल न वाले कई छात्रों ने बहुत अधिक अंक पाए हैं. इस बार के यूजी नीट परिणाम कई मामलों में ऐतिहासिक है. एनटीए प्रवेश से लेकर आंसर शीट और फिर फाइनल रिजल्ट के तिथि की अग्रिम घोषणा कर देता है. प्रायः रिजल्ट में कुछ विलंब ही होता है. इस बार ऐसा क्या तिलिस्म हो गया कि निर्धारित तिथि के दस दिन पहले आम चुनाव के परिणाम के बीच ही प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया? विचारणीय बात है कि इस बार सरकारी और प्राईवेट मेडिकल कॉलेज मिलाकर लगभग एक लाख सीट के लिए चौबीस लाख परीक्षार्थी थे. सरकारी सीटों की संख्या एमबीबीएस और बीडीएस मिलाकर लगभग पचपन हज़ार हैं, जहां वार्षिक फीस औसतन एक लाख के आसपास है. वहीं प्राइवेट मेडिकल कॉलेज की औसत सालाना फीस बीस से पच्चीस लाख रुपये है. प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में साधारणतः इंटर्नशिप में स्टाइपेंड भी नहीं मिलता. इसका अर्थ हुआ कि साढ़े चार साल एमबीबीएस और एक साल इंटर्नशिप मिलाकर कुल सवा-डेढ़ करोड़ रुपये का मामला है. यह प्रबंधन के विद्यार्थियों के लिए शोध का विषय है कि इन संस्थानों में कौन लोग एडमिशन ले पाते हैं. यह भी शोध का विषय है कि देश के कितने बच्चे कोचिंग संस्थानों से गुजरकर मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश पाते हैं .यह भी अध्ययन का विषय है कि बिना कोचिंग के मेडिकल प्रवेश में कितने प्रतिशत बच्चे जाते हैं? और इस पर ध्यान देना तो सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि इस कोचिंग व्यवसाय में पूरे देश में कितने हज़ार करोड़ का व्यवसाय शामिल है! हाल में ही देश के एक प्रसिद्ध पत्रकार ने अपने कनाडा यात्रा के संस्मरण में लिखा कि उन्हें एयरपोर्ट से गंतव्य तक ले जाने वाला सरदार जी एक भारतीय डॉक्टर था. उनके पूछने पर कि डॉक्टर बनकर वह टैक्सी क्यों चला रहा है उसने बताया कि एमबीबीएस पास करने के बाद उसने दिल्ली के एक प्रतिष्ठित अस्पताल में कुछ दिन नौकरी की, जहां उसे मरीजों को जबरदस्ती आपरेशन करवाने की सलाह देने का दबाव दिया जाता था. उसके विवेक को यह उचित नहीं लगा, सो वहां छोड़कर कनाडा चला गया, जहां टैक्सी चालक खुश है. उसने कहा, अच्छा पैसा भी कमा रहा है,कोई अपराध बोध भी नहीं है और मानसिक शांति भी है! नई सरकार से लोगों को उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट के किसी न्यायाधीश की अध्यक्षता में कोई जांच आयोग शीघ्र गठन किया जाय, जिससे न्याय की उम्मीद समाप्त न हो. वैसे सुना है आर्थिक अपराधों की शंका पर ईडी स्वतः भी संज्ञान लेती है. शीघ्र कार्यवाही आवश्यक है. नहीं तो दर्जनों घोटालों की तरह यह अरबों-खरबों का घोटाला भी दबकर न रह जाय!

# वैशाली का अभिषेक पुष्करिणी सरोवर



यायावर

डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय



**प्राचीन** वैशाली नगर में अनेक सरोवर थे, लेकिन उनमें अभिषेक मंगल पुष्करिणी सरोवर का विशेष महत्व है. यह पुष्करिणी छोटी-सी किंतु अति स्वच्छ और मनोरम थी. इसके चारों ओर श्वेत संगमरमर के घाट और सीढ़ियां बनी थीं. स्थान-स्थान पर छत्र और अलिन्द बने हुए थे, जिन पर खुदाई और पच्चीकारी का अति सुन्दर काम किया हुआ था. पुष्करिणी का जल इतना निर्मल था कि उसके तल की प्रत्येक वस्तु स्पष्ट दीख पड़ती थी. उसमें अनेक रंगों के बड़े-बड़े कमल खिले थे. समय-समय पर उसका जल बदलकर तल साफ कर दिया जाता था. पुष्करिणी में सन्ध्या-समय बहुत-सी रंग-बिरंगी मछलियां क्रीड़ा किया करती थीं. पुष्करिणी के चारों ओर जो कमल-वन था उसकी शोभा अनोखी मोहिनी शक्ति रखती थी. इसका महत्व बौद्ध ग्रंथ 'भद्दसाल जातक ' में वर्णित है. परंपरानुसार वैशाली के प्रत्येक राजा को राजतिलक के समय नहाने के लिए इसी सरोवर के जल की आवश्यकता पड़ती थी. इस सरोवर का जल नहीं होने पर राजाओं का अभिषेक पर्व संपूर्ण नहीं माना जाता था. इस सरोवर के जल को लिच्छवी राजाओं के अतिरिक्त दूसरा कोई छू भी नहीं सकता था.इस सरोवर के जल की रक्षा के लिए कड़ा पहरा रहता था.ऊपर से लोहे की जाली लगी रहती थी,जिससे उड़ते पक्षी तक अपनी चोंच नहीं डूबो सकते थे. भद्दसाल जातक के अनुसार एक बार श्रावस्ती के राजा सेनापति बंधुत्व की स्त्री ने अपनी गर्भावस्था में यह इच्छा प्रगट की कि वैशाली नगर की अभिषेक मंगल पुष्करिणी के अंदर नहाकर उसका जल पीऊंगीः-

**वैशाली नगरे गणराजकुलानाम्,**
**अभिषेक मंगल पोक्खरनीम्.**
**ओतरित्वा नहात्ता पानीयम्,**
**पातुक्कम अहिस्ताममीति.**

सेनापति बंधुत्व अपनी स्त्री को रथ पर चढ़ाकर एक हजार तीरंदाज़ फौज के साथ हो हल्ला मचाकर नगर के द्वार पर उपस्थित हुआ. वैशाली नगर की रक्षा करने वाले सिपाहियों ने उसे नगर प्रवेश के लिए मना किया और अंत में लड़ाई की, जिसमें वे मारे गये. सेनापति बंधुत्व मल्ल ने जाली को छेदकर अपनी स्त्री के साथ स्नान किया और जी भर पानी पीकर लौट गया. आधुनिक युग में वैशाली महोत्सव के शुभ अवसर पर यहां के मंगल कलश की शोभा यात्रा राजा विशाल के गढ़ तक जाती है. मंगल कलश के ग्रहण के बाद ही वैशाली महोत्सव का श्रीगणेश होता है. वैशाली नगर के इतिहास में इस अभिषेक मंगल पुष्करिणी सरोवर का विशिष्ट स्थान है. किंवदंती है कि इसके दर्शन और जलपान से मनुष्य के जन्म जंन्मातर के पाप का परिमार्जन हो जाता है. अब इसके दर्शन और जलपान पर किसी प्रकार का प्रतिबन्ध नहीं है. मैंने भी सपरिवार इसके दर्शन और जलपान का सौभाग्य प्राप्त किया और विश्व मंगल की कामना की, जो वैशाली का शाश्वत संदेश रहा हैं :-

**सर्वे भवन्तु सुखिनः,**
**सर्वे संतु निरामया.**
**सर्वे भद्राणि पश्यंतु,**
**मां कश्चित् दुःख भाग भवेत्.**

# सेठ और सरकार



नश्तर

सुधीर राघव



**जंगल** का निवर्तमान राजा गधा अपने मालिक सेठ दुलीचंद सुनामी के सामने बैठा गिड़गिड़ा रहा था - मालिक मेरे को दो सौ खोखे और दो न. जंगल में फिर से सरकार बनाने के लिए तीस-चालीस जानवर कम पड़ रहे हैं... खरीदने पड़ेंगे...सीएनडी और सीडी, दोनों दलों को खरीद लूंगा तो अपना काम हो जाएगा! मगर... सेठ सुनामी ने सीधे इनकार कर दिया और कहा- सुन गधे! अब तेरे झूठ का जादू जंगल में चल नहीं पा रहा. बस मध्य जंगल को छोड़ दें, जहां उल्लू रहते हैं...बाकी तू सब जगह फेल हुआ है.

तभी बीच में गधा बोला- मगर दो पहाड़ियों पर भी हम जीते हैं. यह सुनकर सुनामी हंस दिया- वहां कितने जानवर रहते. एक पर चार और दूसरे में पांच... दुनिया से कटे भोले-भाले... तुझे लगा तूने उनको उल्लू बनाया...तेरा गेम फिनिश...अब तू इज्जत से संन्यास ले ले. मेरे को ही कोई नया गधा ढूंढना पड़ेगा. वर्ना शेर फिर जंगल को बचा लेंगे और मेरे हाथ कुछ नहीं लगेगा. पूरे जंगल ने नया राजा चुनने के लिए जमकर मतदान किया था. निवर्तमान राज़ा गधे ने खूब मेहनत की. गधे के मालिक सेठ दुलीचंद सुनामी ने भी गधे की जीत के लिए दिल खोलकर पैसा लुटाया. गधे की रैलियों में भीड़ दिखाने के लिए जानवरों को हजार-हजार रुपए देकर लाया गया. सुनामी की कंपनी केलोबेलो के हर न्यूज़ चैनल पर दिन रात गधे का प्रचार किया गया. सजी-धजी लोमड़ियां एंकर बनकर आहे भरते भरते गधे का इंटरव्यू करतीं. उसकी एनर्जी का राज पूछतीं. उससे लिपट लिपट जातीं.

विपक्ष में लड़ रहे शेरों के दल के बारे में जमकर फेंक न्यूज चलाई गई. अफवाह उड़ाई गई कि अगर वे जीते तो सभी जानवरों की भैंस खोल ले जाएंगे. हालांकि अब कोई जानवर भैंस नहीं पालता था. जंगली भैंसें खुद खतरनाक हो गये थे और उन्होंने जानवरों का गुलाम रहने से इन्कार कर दिया था. बांगड़ बिल्लों का आईटी सेल दिन रात मीम बनाकर शेरों का उपहास उड़ाता. मगर कुछ काम न आया. जंगल की जिस तरह खुली लूट हुई थी, उसने जानवरों की आंखें खोल दी थीं. महंगाई और बेरोज़गारी से त्रस्त जानवरों ने गधे के खिलाफ पहली बार जमकर वोट किया था. गधा जो सेठ सुनामी के दम पर सब पर दुलत्ती झाड़ता था, को पहली बार जानवरों की एकमुश्त दुलत्ती पड़ी थी. वह भी सीधे चेहरे पर.

# कलाकारों ने चौक चौराहे में स्थापित की बिरसा की जयगाथा




कला-संवाद

मनोज कुमार कपरदार

**शहादत दिवस पर धरती आबा को नमन**











**09** जून 1900 को 25 साल की अल्प आयु में अपने देश की रक्षा के लिए शहीद होने वाले बिरसा मुंडा भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के जनजातीय विद्रोहों और क्रांति के प्रतीक के रूप में याद किये जाते हैं और लोग उन्हें भगवान बिरसा मुंडा कह कर सम्बोधित करते हैं. एक वक्त था, जब बिरसा मुंडा के संघर्ष और बलिदान की गाथाएं झारखंड तक सीमित थीं. आज इसकी गूंज सात समंदर पार पहुंच चुकी है. इनकी जयंती और शहादत दिवस को अब पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रहा है. बिरसा मुंडा आज कलाकारों के लिए भी प्रेरणादायी बन गये हैं. बिरसा को राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करने का संजीदा प्रयास का श्रीगणेश 1960 के दशक की शुरुआत में किया गया. बिरसा और उनके आंदोलन से अधिकतम लोगों को परिचित कराने और उनकी याद को ताजा बनाये रखने की दिशा में बिहार के तत्कालीन राज्यपाल डॉ. जाकिर हुसैन और अनंतशयनम अय्यंगार का महत्वपूर्ण योगदान रहा. 1960 में खूंटी में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में कुमार सुरेश सिंह के योगदान के बाद खूंटी कचहरी में बिरसा की एक आदमकद प्रतिमा स्थापित किया गया. इसके बाद कई कलाकार अपने-अपने तरीके से इसे आकार देते रहे हैं. बिहार सरकार के आग्रह पर 70 के दशक में रांची में भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति तैयार की गयी थी. इसे पीयूष लकड़ा ने बनाया था. पीयूष लकड़ा एक कुशल मूर्तिकार थे. सत्तर की दशक में इनकी खूब चर्चा थी. इनके द्वारा बनायी गयी मूर्त्ति को ही स्थाापित कर बिरसा चौक का नामकरण किया गया था. इसके बाद खूंटी के डोम्बारी बुरु में सुपरिचित मूर्तिकार राजेन्द्र गुप्ता ने धरती आबा बिरसा मुंडा की ब्रांज कांस्टिंग की 15 फीट की मूर्ति को आकार दिया. यह बिरसा मुंडा की पहली प्रतिमा बनी, जिसके हाथों में हथकड़ी नहीं थी, बल्कि तीर, धनुष और कुल्हाड़ी थे. बोकारो स्टील सिटी में नया मोड़ में स्थापित बिरसा मुंडा की 14 फीट की आदमकद प्रतिमा को वरिष्ठ कलाकार नवेन्दु सेन गुप्ता ने 1992 में आकार दिया था. नवेन्दु सेन गुप्ता ने शांति निकेतन से कला की शिक्षा प्राप्त की थी. रांची के बिरसा स्मृति पार्क में बिरसा मुंडा की 25 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई, जिसका उद्घाटन 15 नवम्बर 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया. इस प्रतिमा को 92 वर्षीय कलाकार राम सुतार ने गढ़ा और तराशा है. वर्ष 2022 में वरिष्ठ कलाकार दिलेश्वर लोहरा के द्वारा जमशेदपुर में बनायी गई धरती आबा बिरसा मुंडा की 18 फीट की आदमकद प्रतिमा भी खूब चर्चा में रही. छतर मांडू स्थित भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति की ऊंचाई लगभग 30 फीट है. इसमें 20 फीट मूर्ति व 10 फीट का प्लेटफार्म है. मूर्ति की लागत राशि लगभग 15 लाख रुपये है. इसे बनाने में फाइबर, ब्रांच सहित अन्य धातुओं व सामग्रियों का प्रयोग किया गया है. राजभवन के बिरसा मंडप में बने बिरसा की 6 फीट की प्रतिमा को वरिष्ठ कलाकार अमिताभ मुखर्जी ने आकार दिया है. वरिष्ठ कलाकार दिलीप टोप्पो ने महुआटांड में बिरसा मुंडा की साढ़े सात फीट की प्रतिमा बनायी. इसके अलावे इन्होंने किस्को ( लोहरदगा), होचर (पतराटोली), और खरसीदाग में भी भगवान बिरसा की मूर्ति बनायी. धर्मजय कुमार की फाइबर की बनायी गई सात फीट की बिरसा की प्रतिमा को जोन्हा में लगाया गया. इसके अलावे देश के कई अन्य राज्यों में भी इनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसमें बिरसा की जयगाथा झलकती है.

*पिछली सदी से ही फ़िल्मी हिन्दी में बेअदबी का जेहाद जारी है. बम्बइया फिल्मों ने हमारी भाषा को तो प्रदूषित किया ही, हमारे बच्चों के आचरण को भी प्रदूषित कर दिया. जबतक कवि प्रदीप, भरत व्यास, नरेंद्र शर्मा जैसे सुसंस्कृत गीतकार रहे, तबतक गानों में भारतीय संस्कृति का ध्यान रखा गया. निस्संदेह शैलेन्द्र महान गीतकार थे, लेकिन वे भी वहां बहक गये, जब मिथिलांचल के हिरामन से उन्होंने गवाया- "सजन रे झूठ मत बोलो. खुदा के पास जाना है."*

## चिन्तनीय है फिल्म-प्रदूषित हिन्दी



डॉ बुद्धिनाथ मिश्र

"ज्योति कलश छलके" जैसे विशुद्ध सात्विक गीत हिन्दी फिल्मों को देनेवाले गीतकार नरेन्द्र शर्मा अक्सर कहा करते थे कि "फिल्म की भाषा अदबी नहीं, बेअदबी की भाषा है." इस बेअदबी की भाषा को फिल्मी गानों ने बहुत बढ़ाया है. एक संगोष्ठी में मैने शकील बदायूनी के इस गाने पर आपत्ति जतायी कि यह हिन्दी के व्याकरण के अनुरूप नहीं है- "तू गंगा की मौज, मैं जमुना का धारा." इसे गाता है गांव से आया हुआ बैजू बावरा. हिन्दी भाषी समाज जब बोलेगा, "जमुना की धारा" ही बोलेगा. इसपर एक उर्दूदां सज्जन बोल उठे- यह गाना उर्दू में है, हिन्दी में नहीं. इसलिए सही है." चूंकि हिन्दी और उर्दू के बीच सिर्फ एक शीशे की दीवार है और हिन्दी व्याकरण का ही चूल्हा दोनों घरों में जलता है, इसलिए यह संशय बहुतों के मन में हो जाता है. गेंद उर्दू के जाने-माने स्कालर-शायर शीन काफ निजाम के पाले में पहुंची. उन्होंने पूछा- सेंसर बोर्ड के सर्टिफिकेट में 'बैजू बावरा' फिल्म की भाषा क्या लिखा है और गायक बैजू जिस गांव का है, उसकी स्वाभाविक भाषा क्या है? दोनों का उत्तर जब हिन्दी है, तब उर्दू का वक्फ बोर्ड यहां क्या करने आ गया? निजाम साहब की यह झिड़की सुनकर लोग चुप हो गये और मेरी आपत्ति पर मुहर लग गयी.



### भाषा व सांस्कृतिक दोष युक्त गाने

बम्बइया फिल्मों ने हमारी भाषा को तो प्रदूषित किया ही, हमारे बच्चों के आचरण को भी प्रदूषित कर दिया. उर्दू शायरों ने अपने गानों में (हालांकि वे गजल के छंद में हैं) धीरे-धीरे इस्लामिक संस्कारों के शब्द भरने शुरू किए. नौजवान पीढ़ी अगर पुरखों की विरासत ' हे भगवान!' की जगह 'या अल्लाह ' कहने लगी है, तो इसके पीछे 'अल्ला अल्ला इकरार तेरा' जैसे ढेर सारे फिल्मी गाने हैं. एक फिल्म में हीरो जोश में गाता है - इंशाअल्लाह -3, अल्लाहू अल्लाहू ' तो दूसरी फिल्म में गाता है - यदि आप हमें आदेश करें, तो प्रेम का हम श्रीगणेश करें. यानी श्रीगणेश मजाक का विषय है, लेकिन इंशाअल्लाह नहीं. हिन्दी फिल्मों में हिन्दू संस्कृति का मजाक इधर आकर खूब उड़ाया गया, लेकिन इससे बेखबर सेंसर बोर्ड हिरोइन का घाघरा नापने में लगा रहा! "गंगा मेरी मां का नाम, बाप का नाम हिमाला" (हिमालय) में भाषा का दोष तो है ही, सांस्कृतिक दोष भी है, क्योंकि गंगा जब मां हैं तो उनके पिता हिमालय नाना होंगे न कि बाप.

### भारतीय संस्कृति से विलग गाने

हिन्दी फिल्म के बैनर तले मुहब्बत, नूर, बिस्मिल्लाह, खुदा, निकाह, जन्नत, जहन्नुम, कयामत, कब्र, सजदा, सदका जैसे तमाम इस्लामिक शब्द सप्रयास घुसाये गये, जिसने शिक्षित युवा पीढ़ी की हिन्दी को विरूपित कर दिया है. जबतक कवि प्रदीप, भरत व्यास, नरेंद्र शर्मा जैसे सुसंस्कृत गीतकार रहे, तबतक गानों में भारतीय संस्कृति का ध्यान रखा गया. निस्संदेह शैलेन्द्र महान गीतकार थे, लेकिन वे भी वहां बहक गये, जब मिथिलांचल के हिरामन से उन्होंने गवाया- "सजन रे झूठ मत बोलो. खुदा के पास जाना है." यहां "खुदा" कहां से आ गया? हिरामन का बाप कभी मरने के बाद खुदा / भगवान के पास नहीं जाना चाहा, क्योंकि उसे मालूम था कि "हममें तुममें खड़ग खंभ में, सबमें हैं भगवान." कबीर तक ने कहा- मोको कहां ढूंढत बंदे. मैं तो तेरे पास में. कयामत के बाद फैसला खुदा ही देता है, घट-घट व्यापी भगवान नहीं.

### हिंदी के साथ बेअदबी

हिन्दी फिल्मों में एक ओर **'जनम जनम के फेरे'** का गाना है- **जरा सामने तो आओ छलिये**
**छुप-छुप छलने में क्या राज है**
**यों छुप ना सकेगा परमात्मा**
**मेरी आत्मा की ये आवाज है.**
**तो दूसरी ओर 'कश्मीर की कली ' का गाना है-**
**सुभान अल्लाह हसीं चेहरा**
**ये मस्ताना अदाएं**
**खुदा महफूज रक्खे**
**हर बला से, हर बला से.**

दोनों गाने एक ही समाज के युवक के लिए हैं, लेकिन दोनों के शब्द कितने बदले हैं! कारण यह कि भरत व्यास ने नायक के चरित्र के अनुरूप गाना लिखा है, जबकि एस एच बिहारी ने अपने शब्दों को नायक के मुंह में ठूंस दिया है. ऐसे गानों से नायिका भले महफूज रहे, लेकिन हिन्दी सुरक्षित नहीं. पिछली सदी से ही फ़िल्मी हिन्दी में यह बेअदबी का जेहाद जारी है.

**समीक्षा**

## 306 कुण्डलियों से सजी किताब है लोहड़ी कुंडलियां



अशोक प्रियदर्शी

पलामू के साहित्यकारों की श्रम-निष्ठा और अनवरत साहित्य -साधना को देख मेरे मन में उनके प्रति सम्मान का भाव जगता है और उनकी निश्छल और भोली सरलता के लिए क्या कहूं! किताब का नाम "लोहड़ी कुण्डलिया" देखकर मैं चौंका, "कुण्डलिया" छंद का कोई विशिष्ट प्रकार है "लोहड़ी' कुण्डलिया" ? कविवर पाठक जी ने बताया कि लोहड़ी उनके गांव का नाम है. "लोहड़ी कुण्डलिया" शीर्षक की एक कुण्डलिया भी है पुस्तक में –"अति सुंदर है लोहड़ी, अपना पावन गांव रेणु ज्ञान आधार, गांव अपना अति सुन्दर." कवियों को अपने नाम के साथ अपने गांव/शहर का नाम जोड़ते देखा जाता है, पुस्तक के नाम के साथ गांव का नाम जोड़ने से भ्रम पैदा होता है. पाठक जी की निश्छल सरलता का ही प्रमाण यह भी है कि आदरणीय नामधारी जी से लेकर कुमार मनीष अरविंद तक हर लेखक-सुलेखक से अपने लिए शुभाशंसाएं जुटाई हैं.

कवि की प्रशंसा इसलिए की जानी चाहिए कि कुण्डलिया जैसे मिश्रित छंद के शास्त्रीय विधान का निर्वाह इन्होंने सर्वत्र किया है. प्रारंभिक दो पंक्तियां दोहा (13,11/13,11 ) की, फिर शेष चार पंक्तियां दोहे को उलटकर बने रोला की, दोहे के आरंभिक शब्द की रोला के अंतिम शब्द के रूप में आवृत्ति. हालांकि छंद के निर्वाह के लिए शब्दों को तोड़ा मरोड़ा भी गया है.

कुछ आकर्षक छंद देखिए ---

"पाझोला लेकर जाइए, जब जाएं बाजार /पॉलिथीन मत लाइए, भूले अपने द्वार / भूले अपने द्वार, से बाहर जहर को ना है लाना / पॉलिथीन से मुक्त, हमें संसार बचाना / माटी को बर्बाद किया है यही संपोला / फैशन का कर त्याग, चलें लेकर के झोला."

पाठक जी एक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक हैं, तो जनता को शिक्षित करने का दाय इनपर है ही.

एक और कुण्डलिया देखिए ----

"जंगल आज उजाड़ के, नगर बसाते लोग / कंक्रीटों के जाल का, फैला जग में रोग / फैला जग में रोग, प्रदूषण व्याधा आया / जल-थल-नभ में शोक, मौत का सर पर साया / संकट में हैं प्राण, "रेणु" जीवन से दंगल/प्राणवायु आधार, जीव को देता जंगल."

और 'भ्रष्टाचारी' शीर्षक की यह कुण्डलिया देखिए, शायद आपको कोई नेता याद आ जाए-

"भ्रष्टाचारी का यहां, बहुत बड़ा गठजोड़/वे बोलें-सब चोर हैं, केवल मुझको छोड़/केवल मुझको छोड़, यहां पर सभी उचक्के/अब तो सब कर जोड़, सभी होते भौंचक्के/आप रहे भगवान, करूंगा गर गद्दारी/मैं बिल्कुल इन्सान, नहीं हूं भ्रष्टाचारी."




**पुस्तक का नाम : लोहड़ी कुण्डलिया**
**कवि : उमेश कुमार पाठक 'रेणु'**
**प्रकाशन : आदित्य पब्लिकेशन,नियर तारामंडल, हथुआ पाठशाला, दक्षिणी मंदिरी, पटना -800001**

धर्म-निरपेक्षता के मर्म को बतलाता एक और छंद सुनाकर मैं आपको यह किताब पढ़ने के लिए आमंत्रित करता हूं – "मालिक सबके एक हैं, चाहे जो दें नाम / गॉड, ईश, अल्लाह या कहें राम औ' श्याम / कहें राम औ' श्याम, चाहे जो कुछ भी कहिए / 'रेणु' करे फरियाद, सभी बंदे हैं रब के / झगड़े जग बर्बाद, एक जब मालिक सब के."

मुझको विश्वास है, आपको यह पुस्तक प्रीत करेगी. हां,कवर पर फाटक की जो तस्वीर है वह कवि के दादा जी की ही बनवाई हुई है, जिन्हें यह पुस्तक समर्पित है, ऐसा कवि पाठक जी ने बतलाया.

## जीवन के उदात्त भाव से सिंचित प्रेम गढ़ती कविताएं



उज्ज्वल पांडेय

युवा कवि प्रणव प्रियदर्शी की प्रेम कविताओं का संकलन है- सब तुम्हारा. इस "सब तुम्हारा" में कवि का समर्पण भाव बिना किसी पर्दे के दिखाई दे रहा है. "सब तुम्हारा" यानी मेरा कुछ भी नहीं. मेरा जो भी है वह सब तुम्हारा. मेरा निर्माण जिन तत्वों से हुआ है, वो भी तुम्हारा. कवि ने अपनी प्रत्येक कविता किशोर से युवा होने के दरमियां लिखी है इसलिए इनकी प्रेम कविताओं में कोमल और स्वच्छ हृदय की गूंज सुनाई देती है जिनमें दुनियावी प्रपंचों का मिश्रण नहीं है. कोई लाग लपेट नहीं है. वे पहली कविता में प्रेम संबंधी सवालों का जवाब देते दिख रहे हैं और अंत में पाठकों के लिए स्वयं एक प्रश्न छोड़ जाते हैं.

प्रेम का कोई अपना रंग नहीं होता. प्रेम शब्द और रंग के बंधनों से मुक्त है. वह जिससे मिलता है उसी रंग का हो जाता है. कवि भी इस बात को अपनी कविता 'प्रेम का रंग' में स्वीकार करता है - प्रकृति के रंग केवल सात / प्रेम के रंग गिनती के पार.




**पुस्तक : सब तुम्हारा**
**विधा : कविता**
**प्रकाशन : नोशन प्रेस**
**मूल्य : 250/**

यह तो स्पष्ट है कि कवि का प्रेम क्षणिक आकर्षण नहीं है. कवि जीवन भर का साथ चाहता है. हाथों में हाथ चाहता है - अपना हाथ बढ़ाओ/ मैं थाम लूंगा/आजीवन तुम्हारा नाम लूंगा. कवि को प्रेम का इतना पुख़्ता दावा है कि वह अग्नि परीक्षा देने से भी नहीं कतराता. कवि को यकीन है कि प्रेम इतना निर्मल भाव है कि वह किसी अग्नि में जल नहीं सकता. जलेंगे तो सिर्फ प्रेम में मिलावट के भाव. कविता 'अग्नि परीक्षा' यही कहती है - प्रेम जलता नहीं..../ जलना पड़ता है/प्रेम के साथ मिली हुई / कलह और विषाद को / स्पर्धा और अहंकार को. संकलन की एक कविता है - 'तुम मेरे लिए क्या हो?' मानो प्रेमिका ने प्रश्न किया हो कि 'मैं तुम्हारे लिए क्या हूं?' और इसके जवाब में प्रेम के कवि ने अपना हृदय खोल कर रख दिया हो. कवि प्रणव प्रियदर्शी की कविताएं प्रेम की जिस बुनियाद पर खड़ी है, उसे वे सारा श्रेय देते हैं. वे लिखते हैं - मेरे जीवन में काव्य-संसार न होता/सनम गर तुम्हारा साथ न होता. किसका साथ? उसका साथ जिसके बदौलत कवि प्रेम कविताएं लिख पा रहा है.

वसंत के मौसम को प्रेम के परवान का मौसम कहे तो ग़लत नहीं होगा. वसंत में प्रकृति मनोहर तान सुनाती है जिससे मनुष्य हृदय में उमंग भरता है. जड़ता समाप्त होती है. ऐसे में प्रेम का कवि एक प्रेम भरा आलिंगन चाहता है, इसके लिए वह त्याग को सहर्ष स्वीकार करता है. 'वसंत से मिलना' की पंक्तियां देखिये- मैं तुमसे मिलना चाहता हूं / इतने करीब से / जैसे पतझड़ / अपने सारे पत्तों को छोड़कर / मिलता है वसंत से. यह 'मिलना' ही कवि के लिए संपूर्ण वसंत है. कवि जीवन से वसंत को बिसराना नहीं चाहता इसलिए 'लौट-लौट कर आए वसंत' में वह पेड़ बनना चाहता है जिसमें नए पत्तों के बहाने वसंत लौटता ही लौटता है.

कवि प्रणव प्रियदर्शी अपनी प्रेम कविताओं में प्रकृति के माध्यम से संवाद स्थापित करने का प्रयास करते हैं. वे शब्दों से चित्र प्रस्तुत करते हैं. वे बिंब खींचते हैं. 'एक राज' जैसी कविता में यह देखा जा सकता है. कवि प्रणव प्रियदर्शी प्रेम में एक हो जाने के पक्षधर हैं. वे सूक्ष्म अनुभूतियों को रह-रह याद करते हैं, उसे सहेजने का प्रयास करते हैं. वे अपने होने का सबूत प्रेयसी के होने में पाते हैं. 'मेरे होने का सुराग' की यह पंक्तियां देखिये - तुम्हारे होने के हाशिये पर/मेरे होने का सुराग है/और कही नहीं..

काव्य संकलन 'सब तुम्हारा' में प्रेम के विविध आयाम देखने को मिलते हैं. मूल विषय तो प्रेम है किंतु इस प्रेम के विभिन्न पन्ने हैं जिनसे हम मुख़ातिब होते हैं. 'प्रेम की गहराई' में कवि 'गहराई' जिस के दम पर 'गहराई' बनी है, उस पक्ष का पता लगाते हैं - गहन संबंध में किसी का प्रेम/जब हमारे भीतर गूंजता है/तब हमें अपनी गहराई का/चलता है पता. 'प्रेम महामृत्यु है' कविता में आध्यात्मिक छुअन महसूस होती. प्रणव प्रियदर्शी की प्रेम कविताओं में व्यापकता है. इनकी कविताओं में छिछलापन नहीं दिखता और न ही सतही बयानबाजी. कविता सपाटबयानी के लहजे में जरूर हैं मगर इनमें भी एक लय है. उदात्त भाव हैं. इन भावों को हमें एक दफ़े जरूर महसूस करना चाहिए.

**व्यंग्य ›› बर्बरीक**

## न तुम जीते न हम हारे

आखिर सारे कयासों, प्रयासों, आशाओं, निराशाओं, दूर की संभावनाओं, असंभव कल्पनाओं पर फाइनली विराम लग गया. जब तक परीक्षा के नतीजे नहीं आते हैं तभी तक सबकुछ बचा रहता है. जब तक मुट्ठी बंद रहती है तभी तक लाख की होती है एक बार मुट्ठी खुल गई तो बस खाक की. भक्ति में डूबे एक मित्र से पूछा कि तुम लोग तो चार सौ पार का सपना देख रहे थे अब तो बैसाखी की जरूरत आन पड़ी? अब क्या है कि भक्तों के पास हर सवाल का जवाब रहता है. नहीं रहता है तो ज्ञान के उस मार्ग का सहारा लेते हैं जिसे थेथरोलोजी कहा जाता है. मुस्कान बिखेर कर बोला - कभी कंट्रोल के जमाने में चीनी के परमिट के लिए अप्लाई किया है तुमने? उसमें एक क्विंटल के लिए अप्लाई किया जाता था तो बीस किलो चीनी मिलती थी. वैसे ही तोप के लाइसेंस के लिए अप्लाई करोगे तो रिवाल्वर तो मिल ही जाएगा. चार सौ पार के मंत्र जाप का ही फल मिला कि तीन सौ छू पाए. नहीं तो दो सौ पर भी आफत हो जाता.

अंदर की बात तो यह है कि जब संभावना कम हो तो ज़्यादा जोर से बोलना पड़ता है. इससे जनता के बीच अच्छा मेसेज जाता है.

> **जब संभावना कम हो तो ज़्यादा जोर से बोलना पड़ता है. इससे जनता के बीच अच्छा मेसेज जाता है. सोचती है वाह! क्या कॉन्फिडेंस है! सीना चाहे बीस इंच का ही हो छप्पन इंच का बताना पड़ता है.**

सोचती है वाह! क्या कॉन्फिडेंस है! सीना चाहे बीस इंच का ही हो छप्पन इंच का बताना पड़ता है. कद्दू पर सितुआ चोखा कहावत सुनी है न? कमज़ोर पड़ोसी को घुस कर मारो और मजबूत पड़ोसी घुस जाए तो सटक दम हो जाओ. लेकिन उत्तम प्रदेश में क्या हो गया? जोगी बाबा ने कितनों पर बुलडोजर चलवा दिया, मिट्टी में मिला दिया फिर भी जनता को लुभा नहीं पाए. इस पर आत्मचिंतन- आत्ममंथन करना होगा. आखिर बहुसंख्यक समुदाय में भी तो गद्दार होते हैं.

अभी तो पार्टी के हैं तीन काम- चिंतन भोजन और विश्राम. बैसाखी पर जब चलना है तो आराम से ही चलना चाहिए. बैसाखियां भी बहुत विश्वसनीय नहीं हैं, कब इधर- उधर हो जाएं. लेकिन परिणाम ने तो सबको खुश कर दिया न? जीतने वाले खुश हैं कि जीत गए हैं. थोड़ी कसक है कि अपने दम पर रहते तो अच्छा होता. हारने वाले हारकर भी खुश हैं कि कद बढ़ गया है. लेकिन कसक वहां भी है कि काश थोड़ी और मेहनत की होती. छोटी पार्टियां खुश हैं कि एक दो मलाईदार पद तो मिल ही जाएंगे. विपक्ष इस बात से खुश है कि कम से कम विपक्ष के रूप में इज्ज़त तो मिलेगी. पुराने वक्तों का एक गीत सब गा रहे हैं-- तुम्हारी भी जय जय हमारी भी जयजय/न तुम जीते न हम हारे.

**कविता/ग़ज़ल**



डॉक्टर कल्याणी कबीर

### खामोश हो गए

क्यों हाले दिल सुनाते, खामोश हो गए,
किस-किस को आजमाते, खामोश हो गए.

जो बात अश्क करती रही अंधेरों से रात-भर,
जाकर किसे सुनाते, ख़ामोश हो गए.

सिसकती है हर ग़ज़ल मेरी पन्नों पे उतरकर,
क्या उसको गुनगुनाते, खामोश हो गए.

पढ़ने लगे थे लोग, मेरी नज़रों में तेरा नाम,
अब किससे क्या छिपाते, खामोश हो गए.

जिनके दरो-दीवार में दिखने लगी दरार,
वो लोग कहां जाते, खामोश हो गए.

करने लगे थे वो मेरे ज़ख्मों का कारोबार,
क्यूं उनसे दिल लगाते, खामोश हो गए.



वीना श्रीवास्तव

### दीया बन जलती है जो

मां धूप में शीतल छाया है हमारी जिंदगी का सरमाया है
ये वह ब्रह्मांड है जो बच्चे के पहले अक्षर में समाया है
मां वो सीप होती है जिसमें मासूम सी जिंदगी सोती है
हजारों तीर्थों से कहीं बेहतर मां की बंदगी होती है.
मां ईश्वर का वरदान है उसके बिना जीवन वीरान है
जिसके पास मां की दौलत है वो तो सबसे बड़ा धनवान है
मां मान है, सम्मान है इंसानियत की पहचान है
मां बच्चों के लिए उनका मुकम्मल सुंदर जहान है.
मां तेरी - मेरी, इसकी - उसकी, हम सबकी होती है
दीया बन जलती है जो ताउम्र वो ऐसी ज्योति होती है.



मंजू शरण 'मंजुल'

### चलन

कहने का चलन है,
शब्दों में अगन है,
शीश झुका सत्य का,
सीने में जलन है ..!

बिकने को चमन है,
देश में अमन है,
मोलभाव में जुटे,
राज सब दफन है..!


दिखने में मगन है,
साक्ष्य में वजन है,
होड़ में चले सभी,
मूल्यों का पतन है ..!

धर्म का दहन है,
भक्ति में मगन है,
सांस-सांस में घुला,
तार्किक हर कथन है..!

आंसू भर नयन है,
भाव सब हनन है,
सीप में मोती नहीं,
बेतुका चयन है ..!

शोर में सदन है,
विष भरे वचन है,
टुकड़ों में बिखरा,
अपना ये वतन है..!


हाथों में लगन है,
श्रम का दमन है,
दुर्दशा में जी रहा,
थका हुआ बदन है..!



यास्मीन 'तन्हा'

### तन्हा

सुबह से शाम हो गई सफर खत्म होता ही नहीं
उम्र सारी गुज़र गई और मंजिल का पता ही नहीं.
एक हुजूम था मेरे साथ-साथ चल रहा था
मुड़ कर देखी तो मेरे साथ कोई था ही नहीं.
मंजिलें मिलती गईं और बिछड़ते गए सब मुझसे
जो साया मेरे साथ चल रहा था अब वो भी नहीं.
तन्हा थी, तन्हा हूं और तन्हा ही रह गई मैं
अब आगे यहां से कोई रास्ता जाता ही नहीं.



पद्मा मिश्रा

### पावस के मेघगीत

बूंदों की रसधारा अंतर सरसाती हैं
धरती से अंबर की प्रीति नयी पलती है
धीरे धीरे मन की कल्पना मचलती है
पत्तों से छन छनकर मोती बन जाती हैं.
बूंदों की रसधारा अंतर सरसाती हैं.

मेघों का जादू जब तन मन पर छाता है
काव्य सलिल भावों का हिय अंतर हर्षाता है
शीतलता जीवन का राग बन बरसती है.
बूंदों की रस धारा अंतर सरसाती है.

पंखुड़ियां भींगी सी ऊंगलियों की पोरों पर
जीवन का अनुरागी रंग छोड़ जाती हैं
मन की कहानियों सी उड़ती फुहारें भी
प्रीति भरे गीतों में मधुरस घोल जाती हैं.
बूंदों की रसधारा अंतर सरसाती हैं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## टी-20 विश्वकप में भारत का मुकाबला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से आज

# आत्मविश्वास से लबरेज टीम इंडिया और पाकिस्तान है हार से बेजार

**न्यूयॉर्क । एजेंसी**

आत्मविश्वास से ओतप्रोत और हालात के अनुकूल ढल चुकी भारतीय टीम नासाउ काउंटी की पेचीदा पिच पर टी-20 विश्व कप के बहुचर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी. जिसका मनोबल पहले ही मैच में मिली अप्रत्याशित हार ने तोड़ दिया है.

टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा भीड़ खींचने वाला मुकाबला 34000 दर्शक क्षमता वाले नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जायेगा. इस मैदान की पिच लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है . इसकी भारी आलोचना के बाद आईसीसी ने आधिकारिक रूप से इसे स्वीकार किया . अब तक इस स्टेडियम पर हुए तीन मैचों की छह पारियों में दो बार ही टीमें सौ रन के पार पहुंच सकी है . पूर्व क्रिकेटरों को तो यह भी लगता है कि कम स्कोर वाले मैचों से कैसे अमेरिकी बाजार में क्रिकेट का प्रचार प्रसार किया जायेगा. एडीलेड ओवल के मैदानकर्मी डेमियन हाउज के मार्गदर्शन में अप्रैल में यहां चार 'ड्रॉप इन' पिचें बिछाई गई जो अभी तक जम नहीं पाई हैं . पिच से मिल रहा असमान उछाल बल्लेबाजों की सुरक्षा पर सवालिया ऊंगली उठा रहा है . भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आयरलैंड के खिलाफ मैच में कंधे में चोट लगी थी जिससे उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा . रोहित ने मैच के बाद कहा था ,'' ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि पिच से क्या अपेक्षा की जाये . हम हालात के अनुरूप तैयारी करेंगे . पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा .'

भारत के मैच के एक दिन बाद आईसीसी को पिच को लेकर तमाम आशंकाओं के निवारण के लिये बयान जारी करना पड़ा. पाकिस्तान टीम ने अभी तक नासाउ स्टेडियम पर खेला नहीं है . पहले मैच में अमेरिका से हारने वाली पाकिस्तानी टीम बृहस्पतिवार की रात ही यहां पहुंची है . उन्हें हालात के अनुरूप ढलने का मौका नहीं मिल सका है जिसका उन्हें नुकसान हो सकता है . भारत से हारने पर सुपर आठ चरण में उसके प्रवेश की राह लगभग असंभव हो जायेगी . आयरलैंड के खिलाफ भारत ने बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को नहीं उतारा और एक अतिरिक्त विशेषज्ञ तेज गेंदबाज को जगह दी गई . पाकिस्तान के खिलाफ भी यही संयोजन रहने की उम्मीद है क्योंकि मैच ऐसी टर्फ पर खेला जायेगा जो नयी है . टूर्नामेंट की शुरूआत में आईएसआईएस से मिली आतंकी धमकी के बाद मैच की सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किये गए हैं. नासाउ काउंटी के पुलिस कमिश्नर पैट्रिक राइडर ने हाल ही में सुरक्षा इंतजामात की जानकारी दी थी . उन्होंने कहा था ,'' भारत पाकिस्तान मैच के लिये सुरक्षा इंतजाम उसी तरह के हैं जब कुछ साल पहले तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के स्वागत के लिये किये गए थे .'




**टीमें**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**पाकिस्तान :** बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, सैम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान।

*मैच का समय : रात आठ बजे से (भारतीय समयानुसार)*

### रोहित ने कोहली और सूर्यकुमार के साथ अभ्यास किया

## असमान उछाल वाली पिच पर टीम इंडिया ने किया प्रैक्टिस

**भाषा। न्यूयॉर्क**

रोहित शर्मा ने थ्रोडाउन से अंगूठे में गेंद लगने के बावजूद अन्य भारतीय बल्लेबाजों के साथ नेट्स पर अतिरिक्त अभ्यास किया ताकि रविवार को टी20 विश्व कप के मुकाबले में असमान उछाल वाली पिच पर पाकिस्तान के तेज आक्रमण का सामना बखूबी कर सकें.

थ्रोडाउन विशेषज्ञ नुवान सेनेविरत्ने का सामना करते हुए रोहित के बायें अंगूठे में गेंद लगी. वह असहज दिखे लेकिन बल्लेबाजी करते रहे . इसके बाद वह पिच के दूसरे छोर पर थ्रोडाउन का सामना करने चले गए. नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान की 'ड्रॉप इन' पिच की असमान उछाल के लिये काफी आलोचना हो रही है. पहले मैच में भारतीय गेंदबाजों ने आयरलैंड को 96 रन पर आउट कर दिया था, लेकिन रोहित और बाकी सीनियर बल्लेबाजों को बखूबी पता है कि शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद आमिर, हारिस रऊफ और नसीम शाह से मिलने वाली चुनौती बिल्कुल अलग होगी. इसी वजह से कोचिंग स्टाफ ने यहां छह अभ्यास पिचों में से तीन को खुरदुरी करके अभ्यास किया है. दक्षिण अफ्रीका की टीम ने सुबह इन्हीं पिचों पर अभ्यास किया तो उनका कोई शीर्ष बल्लेबाज चोटिल होने के डर से कैगिसो रबाडा या एनरिच नॉर्किया का सामना करने नहीं उतरा. वहीं भारतीय बल्लेबाजों ने डटकर अभ्यास किया .

रोहित , विराट कोहली और बाकियों ने तीन घंटे तक अभ्यास सत्र में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद और मोहम्मद सिराज की गेंदों का सामना किया. कोहली, पंत और सूर्यकुमार यादव सबसे पहले उतरे. उन्होंने गेंदबाजों के साथ थ्रोडाउन विशेषज्ञों का भी सामना किया. भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव पाकिस्तानी बल्लेबाजों के सामने बिल्कुल उपयुक्त होंगे लेकिन अक्षर पटेल या रविंद्र जडेजा की जगह उन्हें उतारा जाता है या नहीं, यह देखना होगा. कुलदीप ने बाकी स्पिनरों के साथ कड़ा अभ्यास किया. अभ्यास के बाद टीम बांडिंग सत्र में खिलाड़ियों ने फुटबॉल खेला.



### ब्रीफ खबरें

**अंशु मलिक ने बुडापेस्ट में रजत पदक जीता**

**बुडापेस्ट।** भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक फाइनल में अपनी 21 वर्षीय चीनी प्रतिद्वंद्वी केक्सिन होंग की चुनौती से पार पाने में नाकाम रही और उन्हें यहां बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट के 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक से संतोष करना पड़ा. अंशु मलिक को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 1-12 से हार झेलनी पड़ी.

**फाइनल में कार्लोस का सामना ज्वेरेव से**

**पेरिस।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने चार घंटे नौ मिनट तक चले मैराथन सेमीफाइनल मुकाबले में इटली के यानिक सिनेर को हराकर फ्रेंच ओपन फाइनल में जगह बना ली जहां उनका सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा . अल्काराज ने 2 . 6, 6 . 3, 3 . 6, 6 . 4, 6 . 3 से मुकाबला जीतकर पहली बार रोलां गैरो पर फाइनल में जगह बनाई .

**भारतीय महिला टीम जर्मनी से 2-4 से हारी**

**लंदन।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में लगातार छह हार का क्रम शनिवार को यहां जर्मनी के खिलाफ 2-4 से मैच गंवा कर रोकने में विफल रही. भारतीय टीम दो गोल की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी. सुनिलिता टोप्पो व दीपिका ने शुरुआती क्वार्टर में बेहतरीन मैदानी गोल करके हरेंद्र सिंह की टीम के लिए अच्छा मौका बनाया था.

### न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर सुपर आठ में प्रवेश का दावा किया मजबूत

# अफगानिस्तान ने किया बड़ा उलटफेर

**जार्जटाउन। एजेंसी**

कप्तान राशिद खान और फजलहक फारूकी की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद रहमानुल्लाह गुरबाज की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने टी-20 विश्व कप ग्रुप सी के मैच में न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर सुपर आठ चरण में प्रवेश का दावा पुख्ता कर दिया. जीत के लिये 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई जो टी-20 क्रिकेट में उसका चौथा न्यूनतम स्कोर है. फारूकी और राशिद दोनों ने 17 . 17 रन देकर चार - चार विकेट लिये. पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई अफगानिस्तान ने गुरबाज और इब्राहिम जदरान के बीच पहले विकेट के लिये 103 रन की साझेदारी के दम पर छह विकेट पर 159 रन बनाये . आईपीएल चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स के लिये खेलने वाले गुरबाज ने 56 गेंद में पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से 80 रन बनाये . वहीं इब्राहिम 41 गेंद में 44 रन बनाकर आउट हुए . अफगानिस्तान ने 2016 में वेस्टइंडीज को नागपुर में छह रन से हराया था । तब चैम्पियन रही वेस्टइंडीज टीम अफगानिस्तान के सामने 124 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी थी.अफगानिस्तान अब दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है. वेस्टइंडीज और युगांडा उसके बाद हैं जबकि पापुआ न्यू गिनी और न्यूजीलैंड ने खाता नहीं खोला है . अफगानिस्तान का सामना अब पापुआ न्यू गिनी से और न्यूजीलैंड की टक्कर वेस्टइंडीज से होगी . गुरबाज और इब्राहिम ने युगांडा पर पहले मैच में मिली 125 रन से जीत में 154 रन की साझेदारी की थी . टी-20 विश्व कप में लगातार दो शतकीय साझेदारियां करने वाली यह तीसरी जोड़ी और पहली सलामी जोड़ी है . दोनों 15वें ओवर तक डटकर बल्लेबाजी करते रहे जब तक कि इब्राहिम आउट नहीं हुए . गुरबाज 20वें ओवर में पवेलियन लौटे.सीमित ओवरों के पिछले छह विश्व कप में कम से कम सेमीफाइनल तक पहुंची न्यूजीलैंड टीम खिताब के प्रबल दावेदारों में से एक मानी जा रही है . उसने हालांकि कोई अभ्यास मैच नहीं खेला और अधिकांश कीवी खिलाड़ियों ने कई दिनों से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है . उन्होंने कई कैच टपकाये, ओवरथ्रो किये और फील्डिंग में ढिलाई बरती. दस ओवर के बाद अफगानिस्तान का स्कोर बिना किसी नुकसान के 55 रन था .

**स्कोर बोर्ड**

75/10 — न्यूजीलैंड

159/6 — अफगानिस्तान



### बांग्लादेश ने रोमांचक मैच में श्रीलंका को हराया

**डलास। एजेंसी**

युवा लेग स्पिनर रिशाद हुसैन के तीन विकेट और महमूदुल्लाह रियाद की संयमित पारी के दम पर बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका को दो विकेट से हरा दिया .

डलास की अच्छी पिच पर रिशाद की गुगली और लेग ब्रेक ने श्रीलंकाई पारी की कमर तोड़ दी . रिशाद ने सात गेंद के भीतर तीन विकेट लेकर श्रीलंका को नौ विकेट पर 124 रन पर रोक दिया . उन्होंने चार ओवरों में 22 रन देकर तीन विकेट लिये . एक समय पर श्रीलंका का स्कोर 8 . 4 ओवर में दो विकेट पर 70 रन था लेकिन उसने सात विकेट 54 रन के भीतर गंवा दिये . मुस्ताफिजूर रहमान ने 17 रन देकर तीन विकेट लिये . श्रीलंका के लिये सिर्फ पाथुम निसांका ही डटकर खेल सके जिन्होंने 28 गेंद में 47 रन बनाये . धनंजय डिसिल्वा ने 21 रन की पारी खेली . जवाब में बांग्लादेश के लिये तौहीद हृदय ने 20 गेंद में चार छक्कों की मदद से 40 रन बनाये और चौथे विकेट के लिये लिटन दास (38 गेंद में 36 रन) के साथ 63 रन की साझेदारी की . नुवान तुषारा ने हालांकि 18 रन देकर चार विकेट लेते हुए श्रीलंका को मैच में लौटाया.बांग्लादेश के पांच विकेट 21 रन के भीतर गिर गए . उस समय स्कोर आठ विकेट पर 113 रन था और बांग्लादेश को जीत के लिये 12 रन की जरूरत थी.अनुभवी महमूदुल्लाह ने दासुन शनाका को 19वें ओवर में छक्का लगाया .सातवें नंबर पर उतरे महमूदुल्लाह 13 गेंद में 16 रन बनाकर नाबाद रहे .दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश से हारने के बाद ग्रुप डी से श्रीलंका के सुपर आठ में पहुंचने की संभावनायें क्षीण हो गई हैं . बांग्लादेश को अब नेपाल और नीदरलैंड से खेलना है .



**स्कोर बोर्ड**

125/8 — बांग्लादेश

124/9 — श्रीलंका

### बोस, रानावाडे, लाल चुंगनुंगा कतर के खिलाफ टीम का ऐलान

**कोलकाता ।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने शनिवार को कतर के खिलाफ मंगलवार को होने वाले विश्व कप क्वालीफायर के लिये 23 सदस्यीय टीम का ऐलान किया. इसमें मोहन बागान के अनुभवी खिलाड़ियों शुभाशीष बोस, मुंबई एफसी के अमय रानावाडे और ईस्ट बंगाल के लालचुंगनुंगा को टीम में जगह नहीं मिली है. सुनील छेत्री के संन्यास के बाद यह भारत का पहला मैच है. छेत्री ने गुरुवार को कुवैत के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ रहे मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से विदा ले ली. भारत पांच अंक लेकर कतर के बाद दूसरे स्थान पर है. अफगानिस्तान पांच अंक लेकर तीसरे और कुवैत तीन अंक के साथ चौथे स्थान पर है. कुवैत का सामना अफगानिस्तान से होगा. भारत को तीसरे दौर में पहुंचने के लिए हर हालत में दो बार के एशियाई चैम्पियन कतर को हराना होगा. अफगानिस्तान और कुवैत का मैच ड्रॉ रहने पर भारत के लिए एक अंक ही काफी होगा.

**भारतीय टीम**

**गोलकीपर :** गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ, डिफेंडर : अनवर अली, जय गुप्ता, मेहताब सिंह, नरेंदर, निखिल पुजारी, राहुल भेके, मिडफील्डर : अनिरूद्ध थापा, ब्रेंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंडिका, जैकसन सिंह टी, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलासो, महेश सिंह, नंदकुमार सेकर, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह, फॉरवर्ड : मनवीर सिंह, रहीम अली, विक्रम प्रताप सिंह, डेविड एल.

### नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट | हिकारू को हराकर प्रज्ञा ने अपने अभियान का सकारात्मक अंत किया

## प्रज्ञाननंदा ने नाकामुरा को हराया, कार्लसन ने खिताब जीता

**भाषा। स्टावेंजर (नॉर्वे)**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर अपने अभियान का सकारात्मक अंत किया और तीसरे स्थान पर रहे, जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करके खिताब जीता.

कार्लसन ने 17.5 अंक लेकर अपने अभियान का अंत किया. विजेता बनने पर उन्हें लगभग 65000 डॉलर की इनामी राशि मिली. उन्होंने प्रत्येक दौर में जीत दर्ज की. इनमें क्लासिकल टाइम कंट्रोल और आर्मगेडन दोनों शामिल हैं. नाकामुरा ने अंतिम दौर में हारने के बावजूद 15.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि प्रज्ञाननंदा 14.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे. प्रज्ञाननंदा के लिए यह राहत की बात रही कि उन्होंने इस टूर्नामेंट में विश्व के चोटी के तीन खिलाड़ियों को हराया. उन्होंने कार्लसन और फैबियानो कारूआना को क्लासिकल टाइम कंट्रोल में पराजित किया और अब नाकामुरा के खिलाफ उनकी जीत ने सुनिश्चित किया कि वे शीर्ष तीन खिलाड़ियों को हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं. अलीरेजा फिरौजा (13.5 अंक) ने चौथा स्थान हासिल किया. उन्होंने चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया जो छठे और अंतिम स्थान पर रहे. कारूआना ने 10 अंक के साथ पांचवां स्थान हासिल किया. महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने हमवतन टिंगजी लेई को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया. उन्होंने क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत तीन जीत से कुल 19 अंक हासिल किए. अन्ना मुजीचुक 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही. उनके बाद लेई (14.5 अंक), भारत की आर वैशाली (12.5 अंक) और कोनेरू हम्पी (10 अंक) तथा पिया क्रैमलिंग (आठ अंक) का नंबर आता है. वैशाली को अंतिम दौर में क्रैमलिंग जबकि हम्पी को मुजीचुक से हार का सामना करना पड़ा.



**65000 डॉलर की लगभग इनामी राशि मिली**

## युगांडा-वेस्टइंडीज का मैच होगा रोचक

**जार्जटाउन । एजेंसी**

सह मेजबान वेस्टइंडीज के बल्लेबाज टी20 विश्व कप में ग्रुप सी के मैच में युगांडा के खिलाफ उतरेंगे तो उनका इरादा बल्लेबाजी में अपनी कमजोरियों से पार पाने का होगा . खिताब की प्रबल दावेदार और दो बार की पूर्व चैम्पियन वेस्टइंडीज टीम ने पहले मैच में पापुआ न्यू गिनी जैसी कमजोर टीम को पांच विकेट से हराया लेकिन 137 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करने में उसके पसीने छूट गए थे . पापुआ न्यू गिनी को हराकर यहां पहुंची युगांडा टीम के खिलाफ वेस्टइंडीज को चौकस रहना होगा .



मैच का समय : सुबह छह बजे से (भारतीय समयानुसार)

**टीमें**

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोटी, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड.

**युगांडा :** ब्रायन मसाबा (कप्तान), साइमन सेसाज़ी, रोजर मुकासा, कॉसमास क्येवता, दिनेश नाकरानी, फ्रेड अचेलम, केनेथ वैसवा, अल्पेश रामजानी, फ्रैंक न्सुबुगा, हेनरी सेन्योंडो, बिलाल हसन, रॉबिन्सन ओबुया, रियाज़त अली शाह, जुमा मियाजी, रोनक पटेल.

## ब्रीफ खबरें

### डबल मर्डर मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**भागलपुर ।** जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम-फतेहपुर में हुए डबल मर्डर मामले में शामिल मुख्य अभियुक्त सहित 2 अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. उक्त आशय की जानकारी शनिवार को सिटी एसपी श्रीराज ने दी. सिटी एसपी ने बताया कि बीते 6 जून को सुल्तानगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत फतेहपुर गांव में विकास मंडल एवं उसके परिवार के द्वारा राजीव मंडल के परिवार के साथ मारपीट की गई तथा इसी क्रम में राजीव मंडल एवं राजीव मंडल के पुत्र आयुष कुमार को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया.

### पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री का किया उद्भेदन

**मुंगेर ।** मुंगेर में अपराधी बेखौफ होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. गंभीर घटनाओं को अंजाम देकर अपराधी पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं. इसी कड़ी में मुंगेर में पुलिस ने टेटिया बंबर थाना क्षेत्र के डंगरा के समीप स्थित जंगली पहाड़ी इलाकों में छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है. जहां से रंगे हाथों अवैध हथियार बनाते हुए पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों से पुलिस ने तीन देशी कट्टा, तेरह बैरल, तीन हथियार का बॉडी, एक मैगजिन,एक जिंदा कारतूस के साथ अवैध हथियार बनाने का ढेर सारा औजार बरामद किया है.

### हत्या को लेकर परिजन ने की कार्रवाई की मांग

**नवादा ।** नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के अंदर बाजार नारदीगंज स्थित नट टोली में डब्लू नट की 30 वर्षीय पत्नी अनीता देवी की हत्या शनिवार को कर दी गई. इस मामले में अभी तक किसी भी नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हुई है. नारदीगंज थाना अध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया कि मृतका के मायके वालों के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है. दर्ज मामले की तहकीकात की जा रही है. मृतका के भाई विजय सपेरा ने अनीता देवी को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है. इस घटना में चार लोगों को आरोपित किया गया है.

# 18 जिलों का पारा 40 पार, चार डिग्री तापमान बढ़ने के आसार

संवाददाता । पटना

बिहार में फिर से गर्मी झुलसाने लगी है. गर्म पछुआ हवा ने लोगों को परेशान कर दिया है. मौसम विभाग की मानें तो अगले तीन दिनों तक गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है. पिछले 24 घंटे में पटना, गया, रोहतास समेत 18 जिले का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा. मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे में राज्य के कई जिलों के तापमान में दो से चार डिग्री तक वृद्धि का पूर्वानुमान है. बिहार के दक्षिण-पश्चिम, उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-मध्य इलाके में गर्म और आर्द्र दिन रहने के आसार हैं. इन जिलों के लू का यलो अलर्ट जारी किया गया है.



▪ फाइल फोटो

### 18 जिलों में पारा 40 पार रहा


पिछले 24 घंटे में पटना में 41.9 डिग्री, गया 43.2 डिग्री, भागलपुर, 40.8 डिग्री, डेहरी 43.8 डिग्री, शेखुपरा 42.1 डिग्री, गोपालगंज में 40.1 डिग्री, जमुई में 40 डिग्री, बक्सर 43.4 डिग्री, भोजपुर में 43.1 डिग्री, वैशाली में 41.5, औरंगाबाद में 43.6 डिग्री, बांका में 42.2 डिग्री, नवादा में 42.7 डिग्री, राजगीर में 42.3, जीरादेई में 41.6 डिग्री, अरवल में 43.6 डिग्री, बिक्रमगंज में 43.2 डिग्री और मुंगेर में 41.7 डिग्री तापमान दर्ज किया गया.

### अधिकतम तापमान 44 डिग्री रहेगा

मौसम विभाग का मानना है कि शनिवार को बिहार के दक्षिण पश्चिम भाग के तापमान में बढ़ोतरी होगी. दक्षिण पश्चिम भाग के अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री के बीच रहेंगे. जबकि न्यूनतम तापमान 28 से 30 डिग्री के बीच बताई गई है. वहीं दक्षिण मध्य एवं दक्षिण पूर्व के अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है.

### सबसे कम अधिकतम तापमान अररिया में 32.8 डिग्री

मौसम विभाग के अनुसार, 24 घंटे के दौरान राज्य के उत्तर भाग के एक दो जगह पर हल्के से



मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गई. दिन का तापमान राज्य के दक्षिण पश्चिम भाग में 40 डिग्री से ऊपर या उसके आसपास रहा. शेष बिहार में 38 डिग्री से नीचे और उसके आसपास रहा. पूरे बिहार में नमी की मात्रा बनी हुई है. सबसे कम अधिकतम तापमान अररिया में 32.8 डिग्री सेल्सियस और सबसे अधिक अधिकतम तापमान वैशाली में 41.1 सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. मानसून की उत्तरी सीमा आज भी उप हिमालय पश्चिम बंगाल के इस्लामपुर पर आकर रुका हुआ है. कल जो पूरब पश्चिम टर्फ रेखा पश्चिम बंगाल तक जा रही थी.



**मुलाकात**

नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अपने आवास पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार भेंट करते हुए.

## समस्तीपुर में बदमाशों ने की अंधाधुंध फायरिंग

# एबीवीपी के छात्र नेता सहित 3 को लगी गोली, एक की मौत

संवाददाता । समस्तीपुर

समस्तीपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर वार्ड संख्या 17 में शनिवार को पंचायत भवन के पास में बाइक सवार बदमाशों ने जमीन विवाद में अंधाधुंध फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है. अंधाधुंध हुई फायरिंग की घटना में एबीवीपी के छात्र नेता सहित तीन को गोली लग गई. घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए.

मृतक की पहचान जितवारपुर गांव निवासी देवनारायण राय (70 वर्ष) के रूप में हुई है. वहीं, जख्मी की पहचान मृतक के पुत्र सुरेंद्र कुमार राय और एबीवीपी के छात्र नेता कोरबद्धा निवासी मुलायम सिंह यादव के रूप में हुई है.

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों जख्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए. जहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया. घटना को लेकर बताया जाता है कि जितवारपुर पंचायत भवन के पास मकान निर्माण का काम चल रहा था. इस दौरान बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी.



घायल को अस्पताल में भर्ती कराते परिजन.

### एक दिन पहले पंचायत भी हुई थी

अस्पताल में मौजूद मृतक की बहू ने बताया कि कारण कुछ नहीं था. दीवार जोड़ रहे थे. उसके रास्ते की नापी हो गई थी. काम के दौरान हमारे ससुर, पति व भाई को गोली मार दी. घर के दरवाजे पर ही गोलीबारी की घटना हुई है. शुक्रवार को ही इसको लेकर पंचायत भी हुआ था. इस संबंध में मुफस्सिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि घटना में एक की मौत हो गई है. जबकि दो को रेफर किया गया है. घटना का कारण जमीन विवाद है. इन लोगों के बीच चल रहे जमीन विवाद की जानकारी पूर्व में पुलिस को नहीं दी गई थी. घटना की जांच की जा रही है.

### चीनी नागरिक ने की जेल में आत्महत्या करने की कोशिश

**पटना ।** मुजफ्फरपुर शहर के लक्ष्मी चौक से बिना वैध वीजा के गिरफ्तार चीन के नागरिक ली जियाकी ने शुक्रवार देर रात खुदीराम बोस केंद्रीय कारावास में आत्महत्या का प्रयास किया. उसने कारावास के अस्पताल के शौचालय में अपने चश्मे के शीशे से प्राइवेट पार्ट को काटने की कोशिश की. अत्यधिक खून बहने से बेहोश हो गया. यह जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया. जेल प्रशासन ने उसे श्रीकृष्ण जुबली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया है. यह जानकारी सेंट्रल जेल प्रशासन ने दी. ब्रह्मपुरा पुलिस चौकी के जवानों ने ली जियाकी को बस स्टैंड के पास दबोचा था. जेल प्रशासन ने जेल के हॉस्पिटल वार्ड में सजायाफ्ता बंदियों से पूछताछ की है. पुलिस के सामने समस्या भाषा को लेकर है. चीन के नागरिक की भाषा को स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी या जेल के दूसरे बंदी नहीं समझ पा रहे हैं.

### बूढी गंडक में डूबने से चार वर्षीय बच्ची की मौत

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के मेहसी थाना क्षेत्र में बूढी गंडक में डूबने से एक चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है. घटना मेहसी के भीमलपुर गांव की है. घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन जब-तक बच्ची को निकालते तब-तक उसकी मौत हो चुकी थी.मृतका की पहचान भीमलपुर गांव निवासी सुनील राय की चार वर्षीय बेटी संध्या कुमारी के रूप में हुई है. परिजन ने बताया कि घर के समीप बूढ़ी गंडक नदी गुजरती है, जिसके बांध पर लीची का पेड़ लगा है. संध्या लीची खाने के लिए अपनी सहेली मुस्कान के साथ गई थी. लीची खाने के बाद वह हाथ धोने नदी में गई, इसी बीच उसका पांव फिसल गया और वह नदी के गहरे पानी में डूबने लगी.

## स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा-

# अगले चार महीने में 45 हजार पदों पर होंगी नियुक्तियां

संवाददाता । पटना

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में डाक्टर, नर्स सहित 45 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी. जनता को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो यह प्राथमिकता है. मुख्यालय से लेकर स्वास्थ्य उप केंद्रों तक जो भी पद रिक्त हैं उन पर अगले चार महीने में नियुक्तियां की जाएंगी. जैसे एएनएम जीएनएम, स्पेशलिस्ट डॉक्टर, पारा मेडिकल स्टाफ इत्यादि की बहाली होगी. उन्होंने कहा कि एक महीने के अंदर एक करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है. राज्य में अभी दो करोड़ 90 लाख से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है. आयुष्मान कार्डधारी देश में आयुष्मान योजना के तहत संबद्ध किसी भी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज करा सकेंगे. आवश्यक दवाओं की सूची की सभी औषधियों का अनुबंध दर 31 जुलाई तक पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया है. अगले विधानसभा में डेढ़ साल का वक्त है. जो टारगेट है उसको पूरा करना है. जनता से किए गए वादे को पूरा करना है.

# प्रेम-प्रसंग में युवक की गला रेतकर हत्या

## कैमूर जिले के बेलांव थाना क्षेत्र में हुई वारदात, जांच-पड़ताल जारी

संवाददाता । पटना

कैमूर जिले के बेलांव थाना क्षेत्र के काली मंदिर के पास शनिवार की सुबह एक शव मिला. शव की पहचान बेलांव थाना क्षेत्र के सोनडीहरा गांव के सुचित राम के 21 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार के रूप में हुई है. ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई.



▪ घटना की जानकारी लेते पुलिसकर्मी

वहीं, ग्रामीणों के अनुसार नाबालिग लड़की से प्रेम प्रसंग और शादी को लेकर उसकी हत्या हुई है. ग्रामीणों ने बताया कि पंकज छह माह पूर्व गांव के ही नाबालिग लड़की को भगाकर मुंबई ले गया. जहां मंदिर और कोर्ट में लव मैरिज शादी कर ली. पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है.

## कारोबार

### तिरुपुर कपड़ा उद्योग का संकट बरकरार

**तमिलनाडु ।** अपने कपड़ा उद्योग के लिए फेमस तमिलनाडु का तिरुपुर इन दिनों संकटों से जूझ रहा है. यह संकट पैदा हुआ है हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के कारण. खबरों की मानें तो तिरुपुर कपड़ा उद्योग अभी श्रमिकों की कमी की समस्या का सामना कर रहा है. ईटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, तिरुपुर के कपड़ा उद्योग में काम करने वाले ज्यादातर कामगार हालिया चुनावों में वोट डालने के लिए अपन गांव गए. उसके बाद समस्या ये आई है कि वोट डालने अपने गांव गए मजदूर अब वापस नहीं लौट रहे हैं.

### अडाणी पोर्ट्स को मिला संचालन का कॉन्ट्रैक्ट

**नयी दिल्ली ।** अदाणी समूह की कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनोमिक जोन लिमिटेड ने शुक्रवार को बताया कि कंपनी को अगले पांच वर्षों के लिए कोलकाता बंदरगाह के रखरखाव और संचालन का कॉन्ट्रैक्ट मिल गया है. कंपनी ने बयान में बताया कि स्वीकृति पत्र मिलने के सात महीने के भीतर बंदरगाह पर कार्गो हैंडलिंग उपकरण तैनात कर दिए जाएंगे. कंपनी ने बयान में कहा कि एपीएसई जेड ने कोलकाता को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह के पांच साल के संचालन और रखरखाव के लिए कॉन्ट्रैक्ट हासिल कर लिया है.

### 7000 करोड़ रुपये का होगा आईपीओ

**नयी दिल्ली ।** बजाज फाइनेंस की सब्सिडियरी बजाज हाउसिंग फाइनेंस आईपीओ लेकर आने वाली है. कंपनी का आईपीओ लगभग 7000 करोड़ रुपये का होगा. आईपीओ लाने के लिए कंपनी ने मार्केट रेगुलेटर सेबी को दस्तावेज सौंप दिए हैं. बजाज हाउसिंग फाइनेंस द्वारा सेबी को दिए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, इस आईपीओ में 4000 करोड़ रुपये के फ्रेश इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे. इसके अलावा कंपनी लगभग 3000 करोड़ रुपये ऑफर फॉर सेल रूट के जरिए जुटाने की कोशिश भी करेगी. आईपीओ का साइज करीब 7000 करोड़ रुपये रहने वाला है.


## भारत ने मई में 722 करोड़ रुपये का सोना खरीदा

# पूरी दुनिया में भारत बना तीसरा सबसे बड़ा खरीदार, स्विट्जरलैंड टॉप पर

एजेंसियां । नयी दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई ने मई में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सोना खरीदार रहा. वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक, बीते माह भारत ने करीब 722 करोड़ रुपए का सोना खरीदा. सिर्फ स्विटजरलैंड और चीन ने भारत से ज्यादा गोल्ड खरीदा. बीते 5 वित्त वर्षों में भारत ने अपने गोल्ड रिजर्व में करीब 204 टन सोने की बढ़ोतरी की. मार्च 2019 में देश का गोल्ड रिजर्व 618.2 टन था, जो 31 मार्च 2024 को 33% बढ़कर 822.1 टन हो गया. हालांकि, इस दौरान सोने की कीमतों में करीब 70% की बढ़ोतरी हुई है.

सोने की बढ़ती कीमतों की वजह से बीते माह ग्लोबल गोल्ड मार्केट में औसत दैनिक ट्रेडिंग वॉल्यूम 18 लाख करोड़ रुपए रहा. यह अप्रैल 2024 की तुलना में 13% कम, लेकिन 2023 के औसत 13.6 लाख करोड़ रुपए रोजाना से 32.51% ज्यादा है. बता दें कि मई में लगातार तीसरे महीने सोने की कीमतें बढ़ीं. पर शुक्रवार को देश में जेवराती सोना (22 कैरेट) 773 रुपए प्रति 10 ग्राम घटकर 65,872 रुपए पर आ गया. 24 कैरेट सोना का भाव भी गुरुवार के मुकाबले 844 रुपए घटकर 71,913 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया.



### फाइनेंशियल क्राइसिस से बाहर आया

यदि किसी देश की करेंसी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कमजोर होती है, तो सोने का भंडार उस देश की क्रय शक्ति और उसकी आर्थिक स्थिरता को बनाए रखने में मदद करता है. 1991 में जब भारत की इकोनॉमी डूब रही थी और उसके पास सामान इंपोर्ट करने के लिए डॉलर नहीं थे तो उसने सोने को गिरवी रख पैसे जुटाए थे और इस फाइनेंशियल क्राइसिस से बाहर आया था. बहुत अधिक भंडार होने का मतलब है कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत है. यह भी पता चलता है कि वह देश अपने धन का अच्छी तरह से प्रबंधन करता है. ऐसे में अन्य देश और ग्लोबल फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन उस देश पर ज्यादा भरोसा करते हैं. गोल्ड रिजर्व किसी भी देश की करेंसी वैल्यू का सपोर्ट करने के लिए एक सॉलिड एसेट प्रदान करता है. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार इस साल अब तक सोने के दाम 8,561 रुपए बढ़ चुके हैं. 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए पर था, जो अब 71,913 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है. वहीं एक किलो चांदी के दाम 73,395 रुपए से बढ़कर 90,535 रुपए पर पहुंच गए हैं.

### ब्रिटेन में निवेश करने में महाराष्ट्र, कर्नाटक और दिल्ली शीर्ष पर : रिपोर्ट

**लंदन ।** ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाले भारत के शीर्ष तीन राज्य- महाराष्ट्र, उसके बाद कर्नाटक और दिल्ली हैं. सीआईआई और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार की गई एक नई संयुक्त रिपोर्ट में यह बात कही गई है. इस सप्ताह लंदन में पेश की गई रिपोर्ट से पता चला कि महाराष्ट्र में मुख्यालय वाली कंपनियों ने 2023 में ब्रिटेन में सबसे अधिक 20 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया. इसके बाद कर्नाटक (12 %) और दिल्ली (8.6 प्रतिशत) का स्थान है. शीर्ष 10 राज्यों में गुजरात (7.1%), तमिलनाडु (6.7%), तेलंगाना (6.5%), उत्तर प्रदेश (5.9 %), हरियाणा (4.5 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (3.14 प्रतिशत) और केरल (3.05 प्रतिशत) शामिल हैं. यह भारत से ब्रिटेन में कुल एफडीआई का 78 प्रतिशत है. ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने लंदन में रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, भारत-ब्रिटेन गलियारे की पुनर्कल्पना करने वाले हमारे कारोबार सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण और आकांक्षाओं को साकार करेंगे. विश्लेषण में पाया गया कि कंपनियों और कर्मचारियों की संख्या के लिहाज से भारत से एफडीआई लाने वाला अग्रणी क्षेत्र आईटी और सॉफ्टवेयर है.

# 7,000 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल किए

एजेंसियां । नयी दिल्ली

**बजाज हाउसिंग फाइनेंस**



बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 7,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास आरंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 4,000 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और मूल कंपनी बजाज फाइनेंस द्वारा 3,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है. शेयर बिक्री भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियमों का पालन करने के लिए की जा रही है, जिसके अनुसार ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) को सितंबर, 2025 तक शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होना आवश्यक है. नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी की पूंजी आधार को बढ़ाने के लिए किया जाएगा ताकि भविष्य की पूंजी जरूरतों को पूरा किया जा सके.

# जीएसटीएन ने तैयार माल का ब्योरा देने वाला फॉर्म जारी किया

एजेंसियां । नयी दिल्ली



जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कर चोरी रोकने के लिए पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के लिए एक नया फार्म जारी किया है. इस फार्म के जरिए निर्माता कच्चे माल और तैयार माल का ब्यौरा कर अधिकारियों को देंगे. यह नया फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 है. जीएसटीएन ने इससे पहले ऐसे निर्माताओं की मशीनों के पंजीकरण के लिए जीएसटी एसआरएम-1 फॉर्म जारी किया था. जीएसटीएन ने सात जून को अपने करदाताओं को सूचित किया, फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 नामक दूसरा फॉर्म भी पोर्टल पर उपलब्ध है. पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माण में शामिल करदाता अब संबंधित महीने के लिए खरीदे गए और खपत किए गए कच्चे माल और तैयार माल का विवरण बता सकते हैं.

## मीडिया रिपोर्ट — चंद्रबाबू नायडू परिवार की संपत्ति 5 दिन में ₹858 करोड़ बढ़ी

# 35.71% हिस्सेदारी वाले हेरिटेज फूड्स के शेयर 55% चढ़े

**खास बातें**

- नायडू की पत्नी के पास कंपनी में 24.37% हिस्सेदारी है
- बेटे और बहू के पास 10.82% और 0.46% हिस्सेदारी है

एजेंसियां । नयी दिल्ली

चंद्रबाबू नायडू परिवार की संपत्ति पिछले पांच दिनों में ही 858 करोड़ रुपये बढ़ी है. मीडिया रिपोर्टस के अनुसार हेरिटेज फूड्स के शेयरों में इस दौरान 55% का उछाल आने से ऐसा हुआ है. हेरिटेज फूड्स के प्रमोटर पार्टी प्रमुख चंद्र बाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश हैं. चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे.



चंद्रबाबू नायडू अपने परिवार के साथ.

हेरिटेज ग्रुप की स्थापना 1992 में चंद्रबाबू नायडू ने की थी. यह कंपनी डेयरी, रिटेल और एग्री सेगमेंट में काम करती है.

हाल ही में हुए आंध्र प्रदेश विधानसभा और लोकसभा चुनावों में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख चंद्रबाबू नायडू का शानदार प्रदर्शन रहा है. इससे उनकी कंपनी पर निवेशकों का भरोसा बढ़ा है. नायडू की पत्नी भुवनेश्वरी के पास कंपनी में 24.37% हिस्सेदारी है, जबकि बेटे लोकेश और बहू ब्राह्मणी के पास 10.82% और 0.46% हिस्सेदारी है. नायडू के पोते देवांश के पास इसमें 0.06% हिस्सेदारी है. यानी चंद्रबाबू नायडू के परिवार की कंपनी में कुल हिस्सेदारी 35.71% है.

**शुक्रवार को 10% चढ़ा :** शुक्रवार 7 जून को हेरिटेज फूड्स का शेयर 10% की तेजी के साथ 661.25 रुपए पर बंद हुआ. वहीं बीते 5 दिनों में इसमें 55% की तेजी रही है. 4 जून को हेरिटेज फूड्स का शेयर 455.45 रुपए पर था जो 7 जून को 661.25 रुपर पर पहुंच गया. वहीं हेरिटेज फूड्स का मार्केट कैप इस हफ्ते 2,400 करोड़ रुपए से ज्यादा बढ़ा है. कंपनी का मार्केट कैप 7 जून को 6,136 करोड़ रुपए हो गया. यह एक सप्ताह पहले 3,700 करोड़ रुपए था.

# श्रीलंका ने ऋण पुनर्गठन के मोर्चे पर मजबूत प्रगति की : आईएमएफ

एजेंसी । कोलंबो



श्रीलंका के वृहद आर्थिक सुधारों के नतीजे सामने आने लगे हैं और देश को जल्द ही बाहरी वाणिज्यिक ऋणदाताओं के साथ समझौते पर पहुंचने की उम्मीद है. आईएमएफ ने नकदी की कमी से जूझ रहे देश के लिए अपने 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर के राहत कार्यक्रम की दूसरी समीक्षा से पहले यह बात कही. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के संचार विभाग की निदेशक जूली कोजैक ने कहा कि श्रीलंका ने ऋण पुनर्गठन के मोर्चे पर मजबूत प्रगति की है.

उन्होंने कहा कि श्रीलंका का प्रदर्शन मजबूत है, दूसरी समीक्षा के लिए अधिकांश मात्रात्मक और संरचनात्मक शर्तें पूरी हुईं या देरी से लागू हुईं हैं. उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों में सुधार अभी भी जारी हैं. आईएमएफ की विस्तारित निधि सुविधा की दूसरी समीक्षा 12 जून को होनी है.

## ब्रीफ खबरें

### केरल में भारी बारिश होने का अनुमान

**तिरुवनंतपुरम ।** दक्षिण-पश्चिम मानसून के लगातार आगे बढ़ने के बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को केरल में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश होने और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई. तिरुवनंतपुरम जिले में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश के साथ ही 40 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं. उसने कहा कि कोल्लम, पथनमथिट्टा और त्रिशूर जिलों में एक या दो स्थानों पर मध्यम बारिश और 40 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है.

### सांबा में गोलीबारी में मजदूर की मौत

**सांबा/जम्मू ।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संदिग्ध गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि 28 वर्षीय मजदूर वासुदेव के सीने में गोली लगी थी. अस्पताल लाए जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. उन्होंने बताया कि वह अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निर्माण परियोजना पर काम कर रहा था और उसी दौरान उसे गोली लगी. बीएसएफ और पुलिस अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं.

### मालदीव के राष्ट्रपति भी शपथ ग्रहण में हिस्सा लेंगे

**माले ।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात होगी और इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत की उनकी यात्रा से परिलक्षित होगा कि द्विपक्षीय संबंध सकारात्मक दिशा में बढ़ रहे हैं. प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार करने के बाद मुइज्जू की यह टिप्पणी आई है. कार्यालय ने एक बयान में कहा है कि राष्ट्रपति मुइज्जू ने मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है.

### पथराव मामले में 57 लोग हिरासत में

**मुंबई ।** मुंबई के पवई इलाके में दो दिन पहले नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान पथराव की घटना के सिलसिले में 200 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और 57 लोगों को हिरासत में लिया गया है. नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान पथराव में कम से कम 15 पुलिसकर्मी, निगम के पांच इंजीनियर और मजदूर घायल हो गए थे. पथराव करने के सिलसिले में 200 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उनमें से 57 लोगों को हिरासत में लिया गया है.

### कांग्रेस कार्यालय में मारपीट, मामला दर्ज

**त्रिशूर ।** केरल की त्रिशूर लोकसभा सीट पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत और कांग्रेस के नेता के. मुरलीधन की हार को लेकर यहां कांग्रेस के स्थानीय कार्यालय में सदस्यों के बीच झड़प हुई. पुलिस ने शनिवार को त्रिशूर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव सजीवन कुरियाचिरा की शिकायत पर जोस वल्लूर और पार्टी के 19 अन्य सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की. पुलिस ने गैरकानूनी ढंग से एकत्र होने, दंगा करने, गलत तरीके से रोकने और चोट पहुंचाने के लिए भारतीय दंड संहिता की विभिन्न जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है.



**देहरादून।** देहरादून में शनिवार को भारतीय सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड के बाद जश्न मनाते नवनियुक्त अधिकारी और अपने परिवार के साथ एक नवनियुक्त अधिकारी.

# फूड प्रोसेसिंग यूनिट में लगी आग तीन श्रमिकों की मौत, छह घायल

- गैस रिसाव होने के कारण फैक्ट्री में आग लगने के बाद विस्फोट हुआ था, मची अफरा-तफरी

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

दिल्ली के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक फूड प्रोसेसिंग यूनिट में शनिवार सुबह आग लग गयी. आग लगने के बाद विस्फोट होने से तीन श्रमिकों की मौत हो गयी. वहीं छह श्रमिकों के घायल होने की खबर है. मृतकों की पहचान श्याम (24), राम सिंह (30) और बीरपाल (42) के रूप में हुई है. वहीं घायलों को नरेला के एसएचआरसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. प्रारंभिक जांच के मुताबिक, पाइपलाइन से गैस रिसाव होने के कारण फैक्ट्री में आग लगने के बाद विस्फोट हुआ था. पुलिस मामला दर्ज कर आग लगने के कारण की जांच कर रही है.

### आग लगी तो फैक्ट्री में मौजूद कर्मी फंसे

घटना के संबंध में बताया जाता है कि सूखी मूंग दाल की प्रोसेसिंग करने वाले श्याम कृपा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड की फैक्ट्री में आग लगने के बाद जोरदार विस्फोट हुआ. इस अगलगी में फैक्ट्री के अंदर मौजूद कर्मी उसमें फंस गये. इसके बाद दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) की 14 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया. वहीं फैक्ट्री के अंदर फंसे नौ लोगों को बाहर निकाला गया.

## कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर किया पोस्ट, लिखा

# पीएम की नैतिक हार हुई, परिणाम हमारा मनोबल बढ़ाने वाला आया

- रमेश ने कहा- दूसरी ओर नेहरू को 1952 में 364, 1957 में 371 और 1962 में 361 सीटें मिलीं थीं, हर बार दो तिहाई बहुमत


**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की नैतिक हार हुई है वहीं पार्टी और 'इंडिया' गठबंधन के लिए परिणाम मनोबल बढ़ाने वाला है. भाजपा ने इस चुनाव में 240 सीट जीती हैं तथा उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को कुल 293 सीट हासिल हुई हैं. कांग्रेस ने 99 सीट जीती हैं.

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पार्टी की कार्य समिति और संसदीय दल की बैठकों का उल्लेख करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया, 2024 का चुनाव नरेंद्र मोदी और भाजपा के लिए एक नैतिक हार है, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और 'इंडिया जनबंधन' के लिए मनोबल बढ़ाने वाला है.

कांग्रेस नेता ने एक अन्य पोस्ट में कहा, नरेंद्र मोदी के लिए ढोल पीटने वाले उनकी नैतिक, राजनीतिक और व्यक्तिगत हार वाले जनादेश में भी उम्मीद की किरण तलाश रहे हैं. उन्होंने कहा, इसे खूब प्रचारित किया जा रहा है कि जवाहरलाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी लगातार तीन बार जनादेश प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति हैं. लेकिन किसी पार्टी को 240 सीटों तक ले जाना और एक-तिहाई प्रधानमंत्री बनना जनादेश कैसे है, इसे स्पष्ट नहीं किया जा रहा है. रमेश ने कहा , दूसरी ओर नेहरू को 1952 में 364, 1957 में 371 और 1962 में 361 सीटें मिलीं थीं हर बार दो तिहाई बहुमत. फिर भी वह पूरी तरह से लोकतांत्रिक बने रहे और अपनी निरंतर उपस्थिति से संसद को बेहद संजीदगी से आगे बढ़ाते रहे. उन्होंने कहा, नेहरू के बाद मोदी अकेले ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जिन्होंने तीन बार शपथ ली हो-लगातार हो या न हो. अटल बिहारी वाजपेयी ने 1996, 1998 और 1999 में तीन बार शपथ ली थी और इंदिरा गांधी ने 1966, 1967, 1971 और 1980 में 4 बार. रमेश ने दावा किया कि एक तिहाई प्रधानमंत्री के लिए ढोल पीटने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में उनके ख़राब चुनावी प्रदर्शन को लाजवाब साबित करने के लिए कुछ भी ढूंढ लेंगे.

### नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह पर बोले न्योता मिलने के बाद विचार करेगा इंडिया गठबंधन



कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण फिलहाल 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं को नहीं मिला है, लेकिन न्योता मिलने के बाद इस पर विचार किया जाएगा. मोदी प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए नौ जून को शपथ ग्रहण करेंगे. उनके साथ उनके मंत्रिपरिषद के कई दूसरे सदस्य भी शपथ ले सकते हैं. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, कल के शपथ ग्रहण समारोह के लिए अभी सिर्फ अंतरराष्ट्रीय नेताओं को निमंत्रण गया है. अभी तक हमारे नेताओं को निमंत्रण नहीं आया है. अगर इंडिया जनबंधन के नेताओं को निमंत्रण आएगा तो उस पर हम विचार करेंगे. कांग्रेस के संगठन महसचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि शपथ ग्रहण में शामिल होने के बारे में फैसला 'इंडिया' गठबंधन करेगा. राजस्थान में अपनी सहयोगी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नेता हनुमान बेनीवाल की नाराजगी की खबरों को खारिज करते हुए वेणुगोपाल ने कहा कि उन्होंने खुद बेनीवाल से बात की है और अब सब ठीक है.

**कांग्रेस के संगठन महसचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि शपथ ग्रहण में शामिल होने के बारे में फैसला 'इंडिया' गठबंधन करेगा.**

### अमेरिका के 22 शहरों में मोदी की जीत का जश्न मनाया जाएगा

**वाशिंगटन ।** अमेरिका में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी-यूएसए) के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि नरेंद्र मोदी के समर्थक उनके तीसरे शपथ ग्रहण समारोह का जश्न मनाएंगे. उन्होंने बताया कि न्यूयॉर्क, जर्सी सिटी, वाशिंगटन, बोस्टन, टाम्पा, अटलांटा, ह्यूस्टन, डलास, शिकागो, लॉस एंजिल्स और सैन फ्रांसिस्को जैसे शहरों में मोदी के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह का जश्न मनाया जाएगा. अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, इस शुक्रवार से अगले रविवार तक अमेरिका के 22 शहरों में उनकी जीत का जश्न मनाया जाएगा. ओएफबीजेपी-यूएसए के सदस्यों ने चुनाव-अभियान के दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए अमेरिका के कई शहरों में कार रैलियां निकालीं. लोकसभा में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है और 1962 के बाद यह पहली बार है कि कोई प्रधानमंत्री लगातार तीसरी बार सत्ता में आए हैं.

# जिरीबाम जिले में 200 से लोगों को राहत शिविरों में भेजा गया

**एजेंसी ।इंफाल**



मणिपुर के जिरीबाम जिले में कथित तौर पर उग्रवादियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या को लेकर भड़की हिंसा के बाद मेइती समुदाय के 200 से अधिक लोगों को नए राहत शिविरों में भेजा गया है. अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. संदिग्ध उग्रवादियों ने जिरीबाम जिले के बाहरी गांवों लामताई खुनौ, दिबोंग खुनौ, नूनखाल और बेगरा में कई घरों को जला दिया था. इन गांवों के लोग जिरी खेल परिसर में बनाए गए राहत शिविर में रह रहे थे. एक अधिकारी ने बताया कि नए शिविरों में भेजे गए अधिकतर लोग जिरीबाम शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित गांवों में रह रहे हैं. उन्होंने कहा, क्षेत्र में और अधिक सुरक्षाकर्मियों को भेजा गया है. मणिपुर पुलिस ने राज्य पुलिस कमांडो को तत्काल जिरीबाम जाने का आदेश दिया है. पुलिस ने बताया कि जातीय संघर्ष से ग्रस्त मणिपुर के जिरीबाम जिले में गुरुवार शाम एक समुदाय के 59 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के बाद तनाव पैदा हो गया था.

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित गुरुवार सुबह अपने खेत पर गया था, जहां से वह लापता हो गया. बाद में उसका शव बरामद किया गया. स्थानीय लोगों ने हत्या के बाद जिरीबाम थाने के बाहर विरोध जताया और मांग की कि चुनाव के मद्देनजर उनसे लिये गए लाइसेंसी हथियार अब उन्हें लौटा दिए जाएं.

## रामोजी राव ग्रुप के संस्थापक रामोजी राव का निधन, पीएम ने श्रद्धांजलि दी

**हैदराबाद ।** रामोजी राव ग्रुप के संस्थापक और मीडिया जगत की जानी मानी हस्ती रामोजी राव का शनिवार सुबह निधन हो गया. 88 वर्षीय रामोजी राव ने हैदराबाद के स्टार हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली. जानकारी के अनुसार, रामोजी राव की अचानक तबीयत बिगड़ गयी थी. जिसके बाद उनको 5 जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां शनिवार सुबह 3:45 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया. राव के पार्थिव शरीर को शहर के बाहरी इलाके में स्थित रामोजी फिल्म सिटी में उनके आवास पर ले जाया गया. उनके निधन से फिल्म और मीडिया इंडस्ट्री में शोक की लहर है.



### पीएम ने शोक व्यक्त किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामोजी राव के निधन पर शोक व्यक्त किया है और उन्हें भारतीय मीडिया में क्रांति लाने वाला दूरदर्शी व्यक्ति करार दिया. मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राव के समृद्ध योगदान ने पत्रकारिता और फिल्म जगत पर अमिट छाप छोड़ी है. इस कठिन समय में उनके परिवार, मित्रों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं. ओम शांति.

## सांसद अफजाल अंसारी का पीएम पर तंज, कहा

# केंद्र सरकार लंगड़ी है, जो बैसाखी के सहारे चलेगी

**एजेंसी ।गाजियाबाद**



लोकसभा चुनाव 2024 का रिजल्ट का रिजल्ट 4 जून को ही आ गया था. वहीं इस बार हुए लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में बीजेपी को बड़ा झटका लगा है. वहीं गाजीपुर से नव निर्वाचित सांसद अफजाल अंसारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के वक्त बीजेपी वाले 80 में से 80 सीटों का दावा करते थे. लेकिन उनकी हैसियत 33 सीटों पर ही सिमट गई है. सरकार लंगड़ी है जो बैसाखी के सहारे चलेगी. जनता ने अपना रुझान दे दिया है कि वो नरेंद्र मोदी को सत्ता में नहीं देखना चाहती है. उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के साथ-साथ विधानसभा के भी उपचुनाव हुए है. हम उसमें से भी दो सीटों पर जीते है. आपको बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भी अफजाल अंसारी ने गाजीपुर सीट से ही जीत हासिल की थी. इसके अलावा मनोज सिन्हा के करीबी होने की वजह से पारसनाथ राय को गाजीपुर से टिकट दिया गया.

### कुलविंदर कौर के समर्थन में आई पंजाब किसान कांग्रेस

**चंडीगढ़ ।** कंगना रणौत-कॉन्स्टेबल कुलविंदर कौर विवाद में पंजाब किसान कांग्रेस प्रमुख किरणजीत सिंह ने सीआईएसएफ महिला कांस्टेबल का समर्थन किया है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है. वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर भी निशाना साधा. सिंह ने कहा कि थप्पड़ मारने की घटना का कोई सीसीटीवी फुटेज न होने के बावजूद महिला कांस्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. जब थप्पड़ मारने की कोई फुटेज नहीं है तो एफआईआर क्यों दर्ज की गई? मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी सदस्य कौर और उनके परिवार के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उन्हें पूरा समर्थन देने का वादा करते हैं.

# पूर्व अंतरिक्ष यात्री विलियम एंडर्स की मौत

- एंडर्स विमान को अकेले उड़ा रहे थे और विमान वाशिंगटन के सैन जुआन द्वीप के पास पानी में गिर गया जिससे उनकी मौत हो गयी

**एजेंसी ।सिएटल**



▪ फाइल फोटो

सेवानिवृत्त मेजर जनरल एवं अपोलो 8 के पूर्व अंतरिक्ष यात्री विलियम एंडर्स की शुक्रवार को एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई. वह 90 वर्ष के थे. एंडर्स विमान को अकेले उड़ा रहे थे और विमान वाशिंगटन के सैन जुआन द्वीप के पास पानी में गिर गया. उनके बेटे और वायुसेना में लेफ्टिनेंट कर्नल रहे ग्रेग एंडर्स ने एसोसिएटेड प्रेस से उनके निधन की पुष्टि की. विलियम एंडर्स ने 1968 में प्रतिष्ठित अर्थराइज तस्वीर खींची थी.

अर्थराइज पृथ्वी और चंद्रमा की सतह के एक हिस्से की तस्वीर है जो एंडर्स ने चंद्र की कक्षा से ली थी. उनके बेटे ग्रेग एंडर्स ने कहा, परिवार बहुत दुखी है. वह कुशल विमान चालक थे और हमें उनकी बहुत याद आएगी.

विलियम एंडर्स ने कहा था कि यह फोटो (अर्थराइज) अंतरिक्ष कार्यक्रम में उनका सबसे महत्वपूर्ण योगदान है. एंडर्स द्वारा अंतरिक्ष से ली गई पृथ्वी की पहली रंगीन तस्वीर आधुनिक इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण तस्वीरों में से एक है, क्योंकि इसने इस गृह (पृथ्वी) के प्रति मनुष्य के नजरिए को बदल दिया.

### मस्क ने मोदी को चुनाव में जीत की दी बधाई

**न्यूयॉर्क ।** अरबपति एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देते हुए कहा है कि वे अपनी कंपनियों द्वारा भारत में रोमांचक कार्य किए जाने को लेकर उत्साहित हैं. मोदी नौ जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे. मस्क ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों में जीत पर नरेंद्र मोदी को बधाई! भारत में मेरी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले रोमांचक काम को लेकर उत्साहित हूं. इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला और माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के सीईओ ने इससे पहले अप्रैल में टेस्ला संबंधी भारी दायित्वों के कारण भारत की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी थी.

## कर्नाटक

## दवा लेने का वास्तविक 'मुहूर्त' शनिवार सुबह 7.47 बजे का था

# अस्थमा की 'चमत्कारी गोली' लेने हजारों लोग उमड़े

**एजेंसी ।कोप्पल**





कर्नाटक में कोप्पल जिले के एक गांव में शनिवार की सुबह सांस संबंधी समस्याओं, खासकर अस्थमा के इलाज के लिए जड़ी-बूटी निर्मित दवा लेने के वास्ते देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों लोग उमड़ पड़े. इस गांव का नाम कुटागनहल्ली है. यहां पारंपरिक चिकित्सक अशोक राव कुलकर्णी द्वारा तैयार की गई 'चमत्कारी गोली' लेने के लिए कर्नाटक के कई हिस्सों, पड़ोसी महाराष्ट्र और दक्षिण भारत के सभी राज्यों से लोग पहुंचे.

कुलकर्णी के अनुसार, इस दवा को तब लिया जाता है जब चंद्रमा मृगशिरा नक्षत्र से आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करता है. दवा लेने का वास्तविक 'मुहूर्त'' शनिवार सुबह 7.47 बजे का था. कुलकर्णी के परिवार ने दावा किया कि यह दवा हिंदू चंद्र कैलेंडर के 'ज्येष्ठ मास' में जब क्षेत्र में बारिश होती है तब विशेष रूप से फायदा पहुंचाती है और यही वजह है कि शनिवार को दवा लेने के लिए भारी भीड़ थी. यह दवा देते हुए कुलकर्णी के परिवार को लोगों को 100 साल पूरे हो गए हैं.

कुलकर्णी ने कुटागनहल्ली में संवाददाताओं से कहा, इससे पहले मेरे पिता व्यास राव कुलकर्णी ने 60 वर्षों तक यह दवा दी थी और उनके बाद मैंने इसे देना शुरू किया. यह दवा वितरित करते हुए मेरा 40वां वर्ष है. लोगों का इस दवा पर सदियों पुराना भरोसा है और यही कारण है कि वे मुफ्त में दवा प्राप्त करने के लिए गांव की तरफ खिंचे चले आते हैं. कुटागनहल्ली में नजारा किसी भव्य मेले जैसा था. भारी भीड़ की उम्मीद में कई विक्रेताओं ने सब्जियों, खाद्य पदार्थ और छोटी-मोटी चीजें बेचने के लिए अस्थायी दुकानें लगा रखी थीं.

### कुलकर्णी बोले

**इस दवा को तब लिया जाता है जब चंद्रमा मृगशिरा नक्षत्र से आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करता है**

### हमें लोगों के फैसले को विनम्रता से स्वीकार करना चाहिए : पटनायक

**भुवनेश्वर ।** ओडिशा के निवर्तमान मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को कहा कि लोगों के फैसले को विन्रमता से स्वीकार करना चाहिए, साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि वह हर संभव तरीके से ओडिशा के लोगों की सेवा करते रहेंगे. मुख्यमंत्री पटनायक नेपीटीआई से कहा कि उन्हें बीजद सरकार और पार्टी पर गर्व है. पटनायक को हाल ही में संपन्न हुए विस चुनावों में, 24 साल बाद भाजपा के हाथों सत्ता गंवानी पड़ी. उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमने हमेशा कोशिश की है और बेहतरीन काम किया है. हमारे पास अपनी सरकार और पार्टी पर गर्व करने के लिए बहुत कुछ है. लोकतंत्र में या तो आप जीतते हैं या हारते हैं. पटनायक ने कहा, लंबे समय बाद शिकस्त मिलने पर हमें हमेशा जनता के फैसले को विनम्रता से स्वीकार करना चाहिए.

## आबकारी नीति मामला

# दिल्ली की अदालत से कारोबारी अमित अरोड़ा को मिली बेल

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**



दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में गुरुग्राम स्थित 'बड्डी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड' के निदेशक अमित अरोड़ा को दो सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी है. विशेष न्यायाधीश (ईडी एवं सीबीआई मामले) कावेरी बावेजा ने छह जून को जारी एक आदेश में कहा कि आरोपी की पत्नी का ऑपरेशन हुआ है और उसे उसकी देखभाल करने की जरूरत है. न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी के वकील विकास पाहवा ने दलील दी है कि आरोपी की पत्नी के पिता पहले ही गुजर चुके हैं जबकि उनकी मां करीब 72 साल की हैं तथा पंजाब के मोहाली में रहती हैं और उनके दो भाई बेंगलुरु तथा ब्रिटेन के लंदन में हैं. न्यायाधीश ने कहा कि परिवार का कोई भी और सदस्य या चचेरा/ मौसेरा/ ममेरा भाई/बहन घर में या आसपास भी नहीं रहता है या वह बमुश्किल ही आरोपी की पत्नी एवं उसके बच्चों की देखभाल के लिए उसके घर आता-जाता है. उन्होंने कहा कि इसके अलावा दूर के रिश्तेदार पति/पिता की अनुपस्थिति को पूरा नहीं कर सकते और आवेदक के परिवार के सदस्यों की अच्छी तरह देखभाल नहीं कर सकते.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)